

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0:

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 5 अंकः 31 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 11 नवम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

मध्य प्रदेश में मकानों की मुफ्त रजिस्ट्री, पूरा खर्च उठाएगी सरकार; सीएम मोहन यादव ने बताई योजना की खासियत

ग्रामीण परिवारों को मिलेगा संपत्ति का कानूनी मालिकाना हक, बैंक से कर्ज लेने और कारोबार शुरू करने में भी मिलेगी मदद

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके मकान और भूखंड का कानूनी मालिकाना हक दिलाने के लिए मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना चला रही है। इसके तहत पात्र लोगों के मकानों और भूखंडों की रजिस्ट्री का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक साक्षात्कार में योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इ सका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को संपत्ति के पंजीकृत दस्तावेज उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों का सर्वे कराकर संबंधित व्यक्ति के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किए गए हैं। हालांकि, कई बैंकों और न्यायालयों में संपत्ति के पंजीकृत दस्तावेजों की आवश्यकता होती है।

अर्द्धकुंभ-2027 में बनेगा भव्य 'गंगा मंडप', एक साथ 3000 श्रद्धालु कर सकेंगे कार्यक्रमों में सहभागिता

समाज जागरण

अर्द्धकुंभ नगर। अर्द्धकुंभ-2027 को भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में मेला प्राधिकरण ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों का बेहतर अनुभव देने के लिए करीब 3000 वर्ग मीटर क्षेत्र में भव्य 'गंगा मंडप' का निर्माण कराया जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस मंडप में एक साथ लगभग 3000 श्रद्धालु बैठकर और खड़े होकर विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता कर सकेंगे। यह मंडप अर्द्धकुंभ के दौरान संतों के प्रवचन, धार्मिक सभाओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामूहिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

जनवरी से अप्रैल 2027 तक प्रस्तावित अर्द्धकुंभ को ध्यान में रखते हुए मेला प्राधिकरण ने मंडप निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इ सकी खासियत यह होगी कि धार्मिक आयोजनों की परंपरा के साथ आधुनिक तकनीक और सुविधाओं का भी समावेश किया जाएगा। मंडप की डिजाइनिंग, निर्माण, साज-सज्जा, विद्युत व्यवस्था, फर्नीचर, साउंड सिस्टम और पूरे मेला अवधि में रखरखाव की जिम्मेदारी चयनित एजेंसी को सौंपी जाएगी। इसके लिए आवश्यक भूमि मेला प्राधिकरण उपलब्ध कराएगा।

3000 वर्ग मीटर में तैयार होगा आधुनिक परिसर, संतों के प्रवचन से लेकर सांस्कृतिक आयोजनों तक के लिए होगी भव्य व्यवस्था



श्रद्धालुओं से लेकर वीआईपी तक के लिए विशेष व्यवस्था

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंडप में 3000 प्लास्टिक कुर्सियां, 300 दो सीटर वीआईपी सोफा सेट और 50 लकड़ी की मेजें रखी जाएंगी। परिसर में चार प्रवेश एवं निकास द्वार, सुरक्षा के लिए चार केबिन और छह सूचना केंद्र बनाए जाएंगे। पत्रकारों के लिए अलग मीडिया ट्रिब्यून, वीआईपी और कलाकारों के लिए दो लाउंज तथा आठ ग्रीन रूम की व्यवस्था होगी।

एलईडी स्क्रीन से दूर बैठे श्रद्धालु भी देख सकेंगे कार्यक्रम

आधुनिक तकनीक से लैस गंगा मंडप में उच्च गुणवत्ता वाला साउंड और लाइट सिस्टम लगाया जाएगा। मुख्य मंच के सामने 32 फीट लंबी और 10 फीट चौड़ी विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। इसके अलावा 12 फीट लंबी और 8 फीट चौड़ी चार अतिरिक्त स्क्रीन भी होंगी। इससे मंडप में पीछे बैठे श्रद्धालु भी धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आसानी से देख सकेंगे।

गर्मी और उमस से राहत देने के लिए 150 सीलिंग फैन के साथ एसी, कूलर और मिस्ट फैन लगाए जाएंगे। सुरक्षा के लिहाज से स्टील बैरिकेडिंग, प्रवेश द्वारों पर जांच और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। परिसर में 25 स्टील शौचालय और 10 फूड स्टॉल भी बनाए जाएंगे।

जर्मन हैंगर तकनीक से होगा निर्माण

"गंगा मंडप का निर्माण जर्मन एल्युमिनियम हैंगर तकनीक से किया जाएगा। इसका न्यूनतम क्षेत्रफल 3000 वर्ग मीटर निर्धारित किया गया है। मंडप के मध्य भाग की ऊंचाई कम से कम 55 फीट और किनारों की ऊंचाई 15 फीट होगी। इसकी छत पर तीन परतों वाला अग्निरोधक और वाटरप्रूफ विशेष कपड़ा लगाया जाएगा, जिससे बारिश और तेज हवाओं के दौरान भी कार्यक्रमों के आयोजन में बाधा न आए। अंदर मजबूत प्लेटफार्म तैयार कर आकर्षक कालीन बिछाई जाएगी और पूरे परिसर को अर्द्धकुंभ की थीम के अनुरूप सजाया जाएगा।

मंडप में 25 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ा मुख्य मंच बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त 12 मीटर लंबा और 8 मीटर चौड़ा साइड मंच भी होगा, जिससे एक साथ विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे।"


बिजली और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम

कार्यक्रमों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 250 केवीए और 125 केवीए क्षमता के दो जनरेटर लगाए जाएंगे। व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए 35 सुरक्षा गार्ड और 25 सफाई कर्मचारियों की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई जाएगी। कुल मिलाकर गंगा मंडप को अर्द्धकुंभ-2027 का ऐसा प्रमुख आयोजन स्थल बनाने की तैयारी है, जहां आस्था, अध्यात्म, संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का संगम देखने को मिलेगा। हजारों श्रद्धालु एक ही परिसर में संतों के विचारों, धार्मिक आयोजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हिस्सा बन सकेंगे।

छह माह के लिए बंद हुए गंगोत्री धाम के कपाट, आज भैया दूज पर केदारनाथ और यमुनोत्री के पट होंगे बंद

16 नवंबर को बंद होंगे बदरीनाथ धाम के कपाट, शीतकालीन प्रवास स्थलों पर छह महीने तक होगी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना

उत्तरकाशी/केदारनाथ। उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध चारधामों में शीतकालीन अवकाश की शुरू आत हो गई है। अन्नकूट पर्व के अवसर पर मंगलवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए छह माह के लिए बंद कर दिए गए। वहीं, भैया दूज के अवसर पर बुधवार, 11 नवंबर को बाबा केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट भी शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद 16 नवंबर को बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होंगे। कपाट बंद होने के साथ ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच जाएगी।



गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल के अनुसार, मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के बाद मंगलवार दोपहर 12:05 बजे मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद किए गए। इस दौरान देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां गंगा के दर्शन किए। गंगोत्री के विधायक सुरेश चौहान, भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण सहित धर्माधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

सेना के बैंड और ढोल-दमाऊ की धुन पर रवाना हुई मां गंगा की डोली

कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की भोगमूर्ति को उत्सव डोली में विराजमान कर मंदिर परिसर से बाहर लाया गया। इस दौरान तीर्थ पुरोहित लगातार गंगा लहरी का पाठ करते रहे। सेना की कुमाऊं रेजीमेंट के बैंड की मधुर धुन और पारंपरिक वाद्य यंत्र ढोल-दमाऊ की थाप के बीच मां गंगा की डोली अपने शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा गांव के लिए रवाना हुई। डोली मंगलवार रात मुखबा से करीब चार किलोमीटर पहले मार्कण्डेय स्थित देवी मंदिर में विश्राम करेगी। बुधवार को इसे मुखबा स्थित गंगा मंदिर पहुंचाया जाएगा। अगले छह महीने तक श्रद्धालु मुखबा गांव में ही मां गंगा की पूजा-अर्चना कर सकेंगे।

केदारनाथ की उत्सव डोली गर्भगृह में करेगी रात्रि विश्राम

बाबा केदारनाथ धाम में भी कपाट बंद होने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार को बाबा केदारनाथ की उत्सव डोली भंडार गृह से मंदिर परिसर पहुंची। परंपरा के अनुसार उत्सव डोली मंगलवार रात मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रहेगी। बुधवार को भैया दूज के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके साथ ही छह महीने तक चलने वाली केदारनाथ यात्रा का समापन हो जाएगा। बाबा केदार की उत्सव डोली इसके बाद शीतकालीन प्रवास स्थल ऊखीमठ के लिए रवाना होगी, जहां श्रद्धालु शीतकाल में बाबा केदारनाथ के दर्शन कर सकेंगे।

बर्फबारी और कड़ाके की ठंड के चलते बंद होते हैं कपाट

हिमालयी क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी और अत्यधिक ठंड के कारण चारों धामों के कपाट प्रत्येक वर्ष अक्टूबर-नवंबर में बंद कर दिए जाते हैं। इसके बाद अगले वर्ष अप्रैल-मई में निर्धारित तिथियों पर मंदिरों के कपाट दोबारा श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाते हैं। इस दौरान चारों धामों की पूजा-अर्चना उनके निर्धारित शीतकालीन प्रवास स्थलों पर होती है।

बांग्लादेश से विदेशी बैंकों का मोहभंग!

एचएसबीसी के बाद स्टैंडर्ड चार्टर्ड भी समेट रहा खुदरा कारोबार

समाज जागरण

ढाका। आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे बांग्लादेश के बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक और झटका सामने आया है। अंतरराष्ट्रीय बैंक एचएसबीसी के बाद अब स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने भी बांग्लादेश में अपना खुदरा बैंकिंग कारोबार बेचकर बाहर निकलने का फैसला किया है। हालांकि, दोनों बैंक देश में कॉरपोरेट और संस्थागत बैंकिंग सेवाएं जारी



रखेंगे। स्टैंडर्ड चार्टर्ड के कारोबार को खरीदने के लिए ब्रैक बैंक, सिटी बैंक और डच-बांग्ला बैंक समेत कई स्थानीय बैंकों ने शुरू आती दिलचस्पी दिखाई थी, लेकिन अब अधिकांश बैंक पीछे हट रहे हैं। इसकी प्रमुख वजह निजी क्षेत्र में कर्ज की कमजोर मांग और करीब 1500 कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य खर्चों की जिम्मेदारी है। सितंबर 2026 में बांग्लादेश के निजी क्षेत्र में कर्ज वृद्धि दर घटकर 4.17 प्रतिशत रह गई। विदेशी बैंकों के इस फैसले से बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था और निवेश के माहौल को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आयोग ने 1.95 करोड़ लौटाने का दिया आदेश

फ्लैट नहीं दिया तो बिल्डर नहीं रख सकता खरीदारों का पैसा

समाज जागरण

मुंबई। फ्लैट की डिलीवरी तय समय पर नहीं करने वाले बिल्डरों को महाराष्ट्र उपभोक्ता आयोग ने बड़ा झटका दिया है। आयोग ने बॉम्बे डाइंग और बॉम्बे रियलिटी को जमशेदपुर के दो घर खरीदारों के 1.95 करोड़ रुपये लौटाने का आदेश दिया है।

पीठासीन सदस्य पूनम महर्षि और सदस्य निशा अमोल चव्हाण की पीठ ने दोनों बिल्डरों को संयुक्त रूप से और अलग-अलग मूल रकम लौटाने



के निर्देश दिए। इ सके अलावा सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए 1.5 लाख रुपये मुआवजा तथा मुकदमे का खर्च भी देने को कहा है। आयोग के इस फैसले से फ्लैट की डिलीवरी में देरी और खरीदारों की रकम रोके रखने के मामलों में महत्वपूर्ण संदेश गया है।

कीर्ति आजाद के भगवान राम पर बयान से मचा विवाद, अयोध्या के संतों ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आजाद के भगवान राम और माता सीता को लेकर दिए गए बयान पर विवाद गहरा गया है। राम मंदिर जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अग्निपरीक्षा देने के बावजूद माता सीता का त्याग कर दिया था, इसलिए वह अयोध्या के राम मंदिर नहीं जाएंगे। उनके इस बयान पर अयोध्या के संतों ने कड़ी नाराजगी जताई है।

पत्रकारों से बातचीत में कीर्ति आजाद ने सवाल उठाया कि देश में हजारों देवी-देवता हैं, फिर भगवान राम को ही विशेष रूप से क्यों माना जाता है? उन्होंने कहा कि माता सीता मिथिला की बेटी और उनकी मां के समान हैं।

अग्निपरीक्षा के बाद भी उन्हें दो मासूम बच्चों के साथ घर से निकाल दिया गया। उन्होंने भगवान राम के मर्यादा पुरुषोत्तम होने पर भी सवाल उठाए। कीर्ति आजाद के बयान पर अयोध्या के संतों ने इसे अज्ञानतापूर्ण बताते हुए विरोध दर्ज कराया।



वादों की झड़ी-पीडीए के चक्रव्यूह से क्या अखिलेश की राह होगी आसान

संजय सक्सेना,लखनऊ,

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 समाजवादी पार्टी (सपा) और उसके प्रमुख अखिलेश यादव के लिए एक ऐतिहासिक परीक्षा बनने जा रहा है। पिछले एक दशक से अधिक समय से राज्य की सत्ता से बाहर चल रही सपा के लिए यह चुनाव मात्र एक राजनीतिक मुकाबला नहीं, बल्कि प्रतिष्ठा और वजूद की लड़ाई बन चुका है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद अखिलेश यादव के हौसले बुलंद हैं और उन्हें सत्ता में वापसी की पूरी उम्मीद नजर आ रही है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सपा प्रमुख ने लोक-लुभावने वादों की झड़ी लगा दी है और साथ ही सामाजिक समीकरणों को साधने के लिए एक अभेद्य चक्रव्यूह तैयार किया है। चुनावी वैतरणी पार करने के लिए अखिलेश यादव ने मतदाताओं के सामने राहतों का एक बड़ा पिटारा खोल दिया है। आम उपभोक्ताओं और किसानों को बड़ी राहत देने के लिए मुफ्त या बेहद सस्ती बिजली और घरेलू उपयोग के लिए मुफ्त पानी देने का वादा। स्कूलों और अस्पतालों की स्थिति सुधारने के साथ-साथ आम जनता को मुफ्त उच्च शिक्षा और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, को आकर्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर सरकारी नौकरियों की बहाली और रोजगार मिलने तक मासिक बेरोजगारी भत्ता देने की योजना। पुरानी पेंशन योजना की तर्ज पर कर्मचारियों को सुरक्षा देने का वादा और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के दायरे को बढ़ाना भी अखिलेश के वादों में शामिल है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन लोक-लुभावने वादों की श्रृंखला इतनी व्यापक है कि इसे पूरी तरह लागू करने पर उत्तर प्रदेश का मौजूदा बजट भी छोटा पड़ सकता है। राजकोषीय घाटा, मुफ्त बिजली, पानी और बेरोजगारी भत्ते जैसे खर्चों से राज्य के राजस्व पर भारी बोझ पड़ेगा, जिससे विकास कार्यों के लिए पूंजीगत व्यय कम हो सकता है। इन घोषणाओं को अमली जामा पहनाने के लिए सरकार को बाजार से भारी कर्ज लेना पड़ सकता है, जो राज्य को कर्ज के जाल में धकेल सकता है। खैर, केवल वादों के सहारे सत्ता में आना आसान हो सकता है, लेकिन सीमित वित्तीय संसाधनों के बीच इन्हें धरातल पर उतारना किसी भी मुख्यमंत्री के लिए एक प्रशासनिक दुःस्वप्न साबित हो सकता है। अखिलेश यादव ने इस बार पारंपरिक माय (मुस्लिम-यादव) समीकरण से आगे बढ़कर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का नारा बुलंद किया है। उनका दावा है कि इस गठबंधन को करीब 95 फीसदी पारंपरिक और शोषित वर्गों का समर्थन हासिल होगा। अखिलेश का गैर-यादव पिछड़ी जातियों को यह अहसास दिलाना कि सपा केवल एक विशेष जाति की पार्टी नहीं है, बल्कि पूरे पिछड़े समाज की हितैषी है। सपा के लिए एक बड़ा दांव है। उधर, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कमजोर होने का सीधा फायदा उठाने के लिए अखिलेश लगातार बाबासाहेब आंबेडकर और डॉ. लोहिया के सिद्धांतों को एक साथ जोड़ रहे हैं, ताकि मायावती के पारंपरिक कैडर को सपा की तरफ मोड़ा जा सके। जबकि मुस्लिम मतदाताओं को एकजुट रखने के लिए सपा खुद को भाजपा के खिलाफ एकमात्र मजबूत विकल्प के रूप में पेश कर रही है। इसके साथ-साथ रणनीतिक रूप से, अखिलेश यादव अब अपनी हिंदू पहचान को भी खुलकर प्रदर्शित कर रहे हैं। वे एक व्यापक हिंदू-मुस्लिम-यादव गठबंधन बनाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि भाजपा के ध्रुवीकरण के एजेंडे को कुंद किया जा सके।

सपा प्रमुख अगले साल के चुनाव के लिए रणनीति तो बना रहे हैं, लेकिन वह स्वयं चुनाव लड़ने के लिए मैदान में नहीं कूदेंगे। नवंबर 2026 में वाराणसी में एक बड़ा रणनीतिक संकेत देते हुए अखिलेश यादव ने घोषणा की है कि वह आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव खुद नहीं लड़ेंगे। उन्होंने इसके पीछे 2012 के अपने पुराने राजनीतिक सफर का हवाला दिया, जब वे लोकसभा सांसद रहते हुए ही सीधे मुख्यमंत्री बने थे। इस फैसले के पीछे की राजनीतिक वजहें तलाशी जाएं तो ऐसा लगता है कि अखिलेश के किसी एक विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने से विपक्षी दल (विशेषकर भाजपा) उन्हें उसी क्षेत्र में उलझा सकते हैं। चुनाव न लड़कर वे पूरी तरह से स्वतंत्र रहकर राज्य की सभी 403 सीटों पर सघन चुनाव प्रचार कर सकेंगे। अखिलेश चुनाव भले नहीं लड़ें, लेकिन वह स्वयं को सीधे तौर पर मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में प्रोजेक्ट कर रहे हैं, जिससे कार्यकताओं में स्पष्ट संदेश जाए। हालांकि विरोधी दल इसे चुनाव से भागना और हार का डर बता रहे हैं, लेकिन सपा समर्थक इसे एक सोची-समझी और परिपक्व चुनावी रणनीति मान रहे हैं।

बहरहाल, समाजवादी पार्टी के लिए 2027 का मार्ग जितना अनुकूल दिख रहा है, उतना ही यह कांटों भरा भी है। यदि अखिलेश की वापसी होती है तो उनकी सत्ता में वापसी की राह में कई अहम कारक भूमिका निभाएंगे। सबसे खास बात यह है कि भाजपा सरकार के लगातार दो कार्यकालों के बाद जनता के एक वर्ग में बदलाव की इच्छा सपा के पक्ष में जा सकती है। जबकि कांग्रेस के साथ गठबंधन के मजबूत रहने और बसपा के लगातार जनाधार खोने से भाजपा विरोधी वोट सीधे सपा के खाते में आ सकते हैं। बेरोजगारी, महंगाई, पेपर लीक और सांडों की समस्या जैसे जमीनी मुद्दों को उठाकर अखिलेश युवाओं और किसानों को अपने पाले में करने में काफी हद तक सफल दिख रहे हैं। अखिलेश यादव के सामने चुनौतियों की बात की जाए तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा का पन्ना प्रमुख स्तर का कैडर ढांचा बेहद आक्रामक है। भाजपा कानून-व्यवस्था और डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों के नाम पर सपा को कड़ी टक्कर देगी। अखिलेश ने हाल ही में आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर (लगभग 1.27 करोड़) मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, जो उनके अनुसार चुनावी निष्पक्षता को प्रभावित कर सकते हैं। जवाब में भाजपा लगातार सपा के पुराने शासनकाल को गुंडाराज और परिवारवाद से जोड़कर हमला करती रही है। इस नैरेटिव को तोड़ना अखिलेश के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। कुल मिलाकर अखिलेश यादव के लिए 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन का जरिया नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक भविष्य का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट है। उन्होंने मुफ्त बिजली-पानी और नौकरियों के लोक-लुभावने वादों से जनता की बुनियादी जरूरतों को छुआ है, तो दूसरी तरफ पीडीए और सॉफ्ट हिंदुत्व के घालमेल से एक मजबूत सामाजिक मोर्चा तैयार किया है। हालांकि, इन वादों को पूरा करने के लिए वित्तीय संसाधनों (बजट) का प्रबंधन करना और भाजपा के अजेय माने जाने वाले चुनावी तंत्र को मात देना बेहद कठिन चुनौती है। खुद चुनाव न लड़कर सीधे किंगमेकर और किंग बनने की उनकी यह रणनीति कितनी सफल होती है, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वे अपने वादों पर जनता का कितना भरोसा जीत पाते हैं और मतदान के दिन अपने वोट बैंक को पोलिंग बूथ तक लाने में कितने कामयाब होते हैं।

भारतीय प्रतिभा की खोज से खिलाड़ियों को मिलेगी नई सुरक्षा

महेन्द्र तिवारी



खेल केवल मनोरंजन या प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे अनुशासन, साहस, आत्मविश्वास और शारीरिक क्षमता के विकास का भी महत्वपूर्ण आधार हैं। दुनिया भर में करोड़ों लोग विभिन्न खेलों से जुड़े हैं। क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, मुक्केबाजी, कुश्ती और अन्य संपर्क वाले खेलों में खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता के साथ प्रदर्शन करते हैं। लेकिन खेलों की चमक-दमक के पीछे कई ऐसे खतरे भी छिपे होते हैं, जिनकी ओर अक्सर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। इनमें सबसे गंभीर खतरा सिर और मस्तिष्क पर लगने वाली चोटों का है। खेल के दौरान सिर पर लगने वाली चोट कभी-कभी तत्काल दिखाई नहीं देती, लेकिन उसका प्रभाव खिलाड़ी के स्वास्थ्य और भविष्य पर लंबे समय तक पड़ सकता है। ऐसे में यदि समय रहते चोट की पहचान हो जाए तो अनेक गंभीर परिस्थितियों से बचा जा सकता है। इसी दिशा में भारतीय मूल की छात्रा राधिका सरन और उनकी टीम का आविष्कार एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आया है।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय से जुड़ी राधिका सरन और उनकी दो सहयोगियों क्लियो पोंटोने तथा सोफिया डेविटो ने खिलाड़ियों में मस्तिष्क की संभावित चोट की पहचान के लिए एक कम लागत वाला उपकरण विकसित किया है। उनकी इस पहल को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित जेम्स डायसन वैश्विक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान केवल एक तकनीकी आविष्कार की सफलता नहीं है, बल्कि उस मानवीय सोच का भी सम्मान है, जिसमें विज्ञान और अनुसंधान को सीधे लोगों के जीवन की सुरक्षा से जोड़ने का प्रयास किया गया है। इस उपलब्धि ने भारतीय मूल की युवा प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है।

इस उपकरण का नाम रम्बल रिम्स रखा गया है। यह एक हल्का उपकरण है, जिसे सिर पर पहनकर आँखों की गतिविधियों का परीक्षण किया जा सकता है। इसमें अवरक्त कैमरों का उपयोग किया गया है, जो आँखों की गति और उनके व्यवहार पर नजर रखते हैं। परीक्षण के दौरान खिलाड़ी को कुछ समय तक सामने दिखाई देने वाले लक्ष्य को देखते हुए उसकी गतिविधियों का अनुसरण करना होता है। इसके बाद उपकरण आँखों की गति, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता और प्रतिक्रिया से जुड़े संकेतों का विश्लेषण करता है। लगभग दो से तीन मिनट में परीक्षण के परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इन परिणामों के आधार पर प्रशिक्षकों और चिकित्सा विशेषज्ञों को यह समझने में सहायता मिल सकती है कि खिलाड़ी में मस्तिष्क की चोट से जुड़े संभावित लक्षण मौजूद हैं या नहीं।

इस आविष्कार की सबसे बड़ी विशेषता इसकी अपेक्षाकृत कम लागत है। सामान्यतः मस्तिष्क की चोट की जाँच के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाओं और प्रशिक्षित विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है। छोटे खेल संस्थानों, विद्यालयों, ग्रामीण खेल केंद्रों और सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों में ऐसी सुविधाएँ हमेशा उपलब्ध नहीं होतीं। परिणामस्वरूप कई बार खिलाड़ी चोट लगने के बावजूद खेलते रहते हैं। उन्हें लगता है कि मामूली टक्कर या गिरने से कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन मस्तिष्क की चोट के मामले में यह लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती है। रम्बल रिम्स जैसे उपकरण भविष्य में ऐसी प्रारंभिक जाँच को अधिक सुलभ बनाने में सहायता कर सकते हैं। इसकी लागत 350 डॉलर से कम बताई गई है, जो अत्याधुनिक चिकित्सा परीक्षण उपकरणों की तुलना में इसे अपेक्षाकृत किफायती बनाती है। खेलों में मस्तिष्क की चोट एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। फुटबॉल में खिलाड़ियों के सिर का आपस में टकराना, क्रिकेट में गेंद लगना, मुक्केबाजी में लगातार प्रहार और कुश्ती में जमीन पर गिरना ऐसी परिस्थितियाँ हैं, जिनमें मस्तिष्क प्रभावित हो सकता है। कई बार चोट के तुरंत बाद खिलाड़ी सामान्य दिखाई देता है, लेकिन कुछ समय बाद उसे सिरदर्द, चक्कर, उलझन, थकान, स्मरण शक्ति में कमी और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होने लगती है। ऐसी स्थिति को हल्के में लेना उचित नहीं है। विशेषकर बच्चों और किशोर खिलाड़ियों के मामले में अतिरिक्त सावधानी की आवश्यकता होती है, क्योंकि उनका शरीर और मस्तिष्क अभी विकास की अवस्था में होता है।

इस आविष्कार की उपयोगिता केवल बड़े खेल आयोजनों तक सीमित नहीं है। विद्यालयों, महाविद्यालयों, खेल अकादमियों और स्थानीय खेल प्रतियोगिताओं में भी इसका उपयोग संभावित रूप से किया जा सकता है। यदि किसी खिलाड़ी को सिर पर चोट लगती है तो प्रशिक्षक प्रारंभिक परीक्षण के माध्यम से उसकी स्थिति का आकलन करने में सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इससे समय रहते चिकित्सकीय जाँच कराने का निर्णय लेना आसान हो सकता है। हालाँकि यह समझना आवश्यक है कि ऐसा उपकरण चिकित्सक का विकल्प नहीं है। यह मस्तिष्क की चोट का अंतिम निदान नहीं करता, बल्कि संभावित समस्या की पहचान में सहायता देने वाला माध्यम है। चोट के संदेह की स्थिति में खिलाड़ी को चिकित्सकीय परीक्षण और विशेषज्ञ की सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

राधिका सरन और उनकी सहयोगियों की सफलता का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि उन्होंने एक वास्तविक समस्या को समझकर उसके समाधान की दिशा में काम किया। आज विज्ञान और तकनीक का उद्देश्य केवल नई मशीनें बनाना या बाजार में अधिक महँगे उपकरण उपलब्ध कराना नहीं होना चाहिए। उसका वास्तविक उद्देश्य मनुष्य के जीवन को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना है। जब युवा शोधकर्ता समाज की किसी गंभीर समस्या को अपने अनुसंधान का विषय बनाते हैं, तब विज्ञान का मानवीय पक्ष सामने आता है। यही सोच किसी भी आविष्कार को विशेष बनाती है।

इस उपलब्धि से भारत के युवाओं के लिए भी अनेक संदेश निकलते हैं। हमारे देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। छोटे कस्बों, गाँवों और सामान्य परिवारों से आने वाले अनेक विद्यार्थी विज्ञान, गणित, चिकित्सा और तकनीक के क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकते हैं। आवश्यकता है उन्हें उचित शिक्षा, प्रयोगशालाओं, मार्गदर्शन और शोध के अवसर उपलब्ध कराने की। कई बार आर्थिक संसाधनों की कमी और अनुसंधान के लिए पर्याप्त सुविधाएँ न होने के कारण प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपनी कल्पनाओं को वास्तविक रूप नहीं दे पाते। यदि विद्यालय स्तर से ही बच्चों में प्रश्न पूछने, प्रयोग करने और समस्याओं के समाधान खोजने की प्रवृत्ति विकसित की जाए तो भविष्य में देश को अनेक नए आविष्कारक मिल सकते हैं।

भारत में खेलों का विस्तार तेजी से हो रहा है। गाँवों और छोटे शहरों में भी बच्चे विभिन्न खेलों में अपना भविष्य तलाश रहे हैं। खेल अकादमियों और प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे समय में खिलाड़ियों की सुरक्षा को भी उतना ही महत्व दिया जाना चाहिए जितना उनके प्रदर्शन और पदक जीतने को दिया जाता है। खेल संस्थानों में प्राथमिक चिकित्सा, प्रशिक्षित चिकित्साकर्मियों और चोट की पहचान से जुड़ी सुविधाएँ उपलब्ध कराना आवश्यक है। किसी खिलाड़ी की उपलब्धि तभी सार्थक है, जब उसके स्वास्थ्य और भविष्य की भी रक्षा हो।

आज के समय में तकनीक का उपयोग जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, संवेदक, आधुनिक चिकित्सा उपकरण और आँकड़ों के विश्लेषण ने स्वास्थ्य सेवाओं के स्वरूप को बदलना शुरू कर दिया है। लेकिन तकनीक की सफलता तभी मानी जाएगी, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। यदि कम लागत वाले उपकरणों के माध्यम से दूरदराज के क्षेत्रों में भी खिलाड़ियों की प्रारंभिक स्वास्थ्य जाँच संभव हो सके तो यह खेल जगत के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। इसके लिए आविष्कारों का वैज्ञानिक परीक्षण, उनकी विश्वसनीयता और उपयोग की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

राधिका सरन और उनकी टीम को मिला वैश्विक सम्मान हमें यह सोचने का अवसर देता है कि युवा मस्तिष्क केवल अपने व्यक्तिगत भविष्य के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के कल्याण के लिए भी काम कर सकते हैं। एक छोटी-सी समस्या को गंभीरता से समझने और उसके समाधान के लिए लगातार प्रयास करने से ऐसा आविष्कार जन्म ले सकता है, जो हजारों खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित बनाने में सहायक हो। यह उपलब्धि उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो कुछ नया करने और समाज को बेहतर बनाने का सपना देखते हैं।

वास्तव में किसी देश की पहचान केवल उसकी आर्थिक समृद्धि, सैन्य शक्ति या खेलों में जीते गए पदकों से नहीं होती, बल्कि उसकी वैज्ञानिक सोच, शोध क्षमता और मानवीय संवेदनाओं से भी होती है। राधिका सरन और उनकी टीम का यह प्रयास इसी दिशा में एक सराहनीय कदम है। खेल के मैदान में जीत का महत्व अपनी जगह है, लेकिन खिलाड़ी का सुरक्षित जीवन उससे कहीं अधिक मूल्यवान है। यदि विज्ञान की सहायता से किसी खिलाड़ी को गंभीर चोट के दुष्परिणामों से बचाया जा सके तो इससे बड़ी उपलब्धि और क्या हो सकती है? भारतीय मूल की इस युवा प्रतिभा ने अपने आविष्कार के माध्यम से यही संदेश दिया है कि ज्ञान का सर्वोत्तम उपयोग मानव जीवन की रक्षा और समाज के कल्याण में ही निहित है।

भाई दूजः रक्षा के वचन से आगे, बराबरी के अधिकारों की दरकार

अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार



भाई दूज पर बहन भाई के माथे पर तिलक लगाती है और उसकी लंबी उम्र की कामना करती है। भाई उपहार देता है, साथ निभाने का वचन देता है और परिवार इस रिश्ते की आत्मीयता का उत्सव मनाता है। लेकिन इस रस्म के बीच एक सवाल अनिवार्य है: जिस बहन के हाथों तिलक लगवाकर भाई अपनी सलामती की दुआ मांगता है, क्या उसी बहन को वह अपने घर और समाज में बराबरी देता है? क्या उसकी इच्छा, शिक्षा, संपत्ति, रोजगार और फैसलों को भी उतना ही सम्मान मिलता है, जितना त्योहार की परंपरा को? यदि नहीं, तो भाई दूज की चमक के पीछे एक बड़ी सामाजिक विसंगति छिपी है। बहन की लंबी उम्र की कामना तभी सार्थक है, जब उसे सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जीने का अवसर भी मिले। भाई दूज कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाया जाता है। इस पर्व की कथा यमराज और उनकी बहन यमुना से जुड़ी है। मान्यता है कि यमराज अपनी बहन के घर पहुंचे। यमुना ने उनका तिलक किया और प्रेमपूर्वक भोजन कराया। बहन के स्नेह से प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया कि इस दिन बहन के हाथों तिलक करवाने वाले भाई को अकाल मृत्यु का भय नहीं रहेगा। इसी कारण इसे यम द्वितीया भी कहा जाता है। कृष्ण और सुभद्रा की कथा भी भाई-बहन के स्नेह की याद दिलाती है। इन कथाओं का मूल भाव अपनापन, विश्वास और एक-दूसरे के कल्याण की कामना है। परंपरा का सम्मान केवल कथा दोहराने से नहीं, बल्कि उसके भीतर छिपे मानवीय मूल्य को जीवन में उतारने से होता है।

भारतीय समाज में बहन के प्रति स्नेह की कमी नहीं दिखाई देती, लेकिन उसके अधिकारों के सवाल पर यही स्नेह अक्सर शर्तों में बदल जाता है। त्योहार पर बहन को उपहार दिया जाता है, मगर पैतृक संपत्ति में हिस्सा मांगने पर कई परिवारों में रिश्तों और संस्कारों की दुहाई दी जाने लगती है। बेटी से कहा जाता है कि उसका असली घर ससुराल है, इसलिए मायके की संपत्ति पर उसका दावा उचित नहीं है। यह सोच न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि उस बराबरी के भी विरुद्ध है जिसकी गारंटी कानून देता है। हिंदू उत्तराधिकार कानून में 2005 के संशोधन के बाद बेटियों को पैतृक संपत्ति में बेटों के समान अधिकार मिला है। बहन का हक कोई भाई अपनी उदारता से नहीं देता; वह उसका अधिकार है। अधिकार को उपहार बताना भी अन्याय को परंपरा का आवरण पहनाना है। भाई दूज को केवल बहन की रक्षा के वचन तक सीमित करना भी रिश्ते की अधूरी व्याख्या है। रक्षा के नाम पर उसकी आवाजाही रोकना, कपड़ों पर टिप्पणी करना, मित्रता पर शक करना या जीवन के फैसले अपने हाथ में लेना संरक्षण नहीं, बल्कि नियंत्रण है। जिस घर में बेटे की स्वतंत्रता को स्वाभाविक और बेटी की स्वतंत्रता को खतरा समझा जाता है, वहां भाई दूज का तिलक बराबरी का संदेश नहीं दे पाता। सुरक्षा का अर्थ महिलाओं को घरों में बंद रखना नहीं, बल्कि घर से बाहर तक ऐसा माहौल बनाना है, जहां वे बिना भय और भेदभाव के रह सकें। बहन को भरोसा चाहिए, पहरेदारी नहीं; साथ चाहिए, अनुमति देने वाला अभिभावक नहीं।

महिलाओं की आर्थिक भागीदारी में बदलाव के संकेत जरूर मिले हैं। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं की श्रमबल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत थी, जो 2023-24 में बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई। हालांकि, श्रमबल भागीदारी दर में काम कर रहीं और काम की तलाश कर रहीं, दोनों तरह की महिलाएं शामिल होती हैं। रोजगार में लगी महिलाओं का अनुपात बताने वाला श्रमिक जनसंख्या अनुपात 2017-18 में 22 प्रतिशत था, जो 2023-24 में बढ़कर 40.3 प्रतिशत हो गया। इन सकारात्मक बदलावों के बावजूद महिलाओं के सामने कम वेतन, असुरक्षित कार्यस्थल, घरेलू काम का असमान बोझ और अपनी कमाई पर सीमित नियंत्रण जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। बहन को महंगा उपहार देने से अधिक जरूरी है कि उसके रोजगार, कारोबार, पढ़ाई और आर्थिक फैसलों में परिवार उसका साथ दे। आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल कमाना नहीं, बल्कि अपनी कमाई और जीवन पर अधिकार होना भी है। यदि बहन अपनी मेहनत की कमाई खर्च करने के लिए भी किसी की अनुमति पर निर्भर है, तो आर्थिक स्वतंत्रता का दावा अधूरा है।

सुरक्षा का सवाल इस पर्व के भावनात्मक संदेश को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2024 के आंकड़ों के मुताबिक, देश में महिलाओं के खिलाफ 4,41,534 मामले दर्ज हुए। उत्तर प्रदेश में ऐसे 66,398 मामले दर्ज किए गए। ये दर्ज मामले हैं। इनके अलावा सामाजिक दबाव, बदनामी के भय और व्यवस्था पर अविश्वास के कारण अनेक घटनाएं शिकायत तक नहीं पहुंच पातीं। पुलिस, प्रशासन, न्याय व्यवस्था, शिक्षण संस्थानों और परिवारों सभी की जवाबदेही है। भाई का वचन तभी अर्थ रखता है, जब समाज बेटियों को सुरक्षित सार्वजनिक स्थान, त्वरित न्याय और बिना डर अपनी बात कहने का अधिकार दे। महिलाओं की सुरक्षा को केवल भाई या पिता की निजी जिम्मेदारी बताकर संस्थाओं और समाज को जवाबदेही से मुक्त नहीं किया जा सकता।

इस पर्व की खूबसूरती उसकी विविधता में भी है। उत्तर भारत में भाई दूज या यम द्वितीया, बंगाल में भाई फोंटा, महाराष्ट्र और गोवा में भाऊ बीज तथा नेपाल में भाई टीका के रूप में यह परंपरा निभाई जाती है। रीति-रिवाज अलग हैं, लेकिन केंद्र में भाई-बहन का स्नेह है। तकनीक ने दूर रहने वाले भाई-बहनों के लिए संवाद आसान किया है, लेकिन रिश्ते की असली मजबूती रोजमर्रा के व्यवहार से तय होती है। बहन की परेशानी में साथ खड़ा होना, उसके निर्णय का सम्मान करना और जरूरत पड़ने पर बिना शर्त मदद करना किसी औपचारिक शुभकामना से बड़ा है। यह रिश्ता एकतरफा संरक्षण नहीं, बल्कि परस्पर सहयोग का होना चाहिए। भाई दूज का अर्थ तभी पूरा होगा, जब बहन को परिवार की बराबर की सदस्य माना जाएगा सिर्फ त्योहार पर नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन में भी। उसे संपत्ति में हिस्सा मांगने पर अपराध बोध न हो, पढ़ाई और नौकरी चुनने के लिए अनुमति की मोहताज न होना पड़े और उसकी असहमति को बदतमीजी न कहा जाए। भाइयों को समझना होगा कि बहन की रक्षा का सबसे मजबूत तरीका उसे निर्भर बनाए रखना नहीं, बल्कि उसके अधिकारों और आत्मविश्वास को मजबूत करना है। माथे पर लगा तिलक कुछ घंटों में मिट जाएगा, मिठाई खत्म हो जाएगी और त्योहार की रौनक भी उतर जाएगी। लेकिन बहन को दिया गया सम्मान, उसके अधिकारों की स्वीकृति और मुश्किल समय में निभाया गया भरोसा जीवन भर साथ रहेगा। इस भाई दूज पर भाई की लंबी उम्र की दुआ के साथ बहन की स्वतंत्र, सुरक्षित और गरिमापूर्ण जिंदगी का संकल्प भी जरूरी है। क्योंकि बहन को केवल बचाने की नहीं, बल्कि बराबरी से जीने देने की जरूरत है। यही इस पर्व का सच्चा संदेश है, आज भी।**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

आओ, किसी के घर का भी दिया जलाएँ!

यह दीपावली का पर्व है,
खुशियों का पैगाम लाएँ,
अपने घर के साथ, किसी का
'घर' भी जगमगाएँ।
मिट्टी के दीपक जलाकर,
अँधियारे को दूर भगाएँ,
अभावों में जीते हैं, उनके
जीवन में 'उजास' लाएँ।

किसी के घर में मिठाई हो,
किसी के घर पकवान,
नए कपड़ों की खुशियाँ, कहीं
खाली पड़े अरमान।
किसी के आँगन रौनक, किसी
की आँखों में नमी,
आओ बाँटें प्यार का दीपक,
मिट जाए हर बेबसी।

ये आवश्यक नहीं कि लाखों
के हम उपहार खरीदें,
न महँगी झालरें लाएँ, न सोने-
चाँदी से भवन भरें।
एक दीप व थोड़ी मिठाई, कुछ
कपड़ों का उपहार,
किसी जरूरतमंद के चेहरे पर
ला सकता है बहार।



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य
प्रदेश)
मो. 98260 25986

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।



17 नवंबर को होगा विधानसभा मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन

गौतमबुद्धनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के तहत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराया जा रहा है। इसके तहत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को किया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आलेख्य प्रकाशन के दिन दोपहर 12 बजे तक जिला निर्वाचन कार्यालय से सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को विधानसभा वार निर्वाचक नामावलियों का पूर्ण सेट उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें एक हार्ड कॉपी और एक सॉफ्ट कॉपी शामिल होगी। निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है।

छठ पूजा पर घाटों में बरतें सावधानी, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी की एडवाइजरी

गौतमबुद्धनगर। छठ पूजा पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एडवाइजरी जारी की है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह ने जनपदवासियों से पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है।
प्राधिकरण ने श्रद्धालुओं को केवल निर्धारित एवं सुरक्षित घाटों पर ही पूजा करने, गहरे पानी में जाने से बचने और बच्चों को जलाशयों के किनारे अकेला नहीं छोड़ने की सलाह दी है। घाटों पर भीड़ और धक्का-मुक्की से बचने के साथ दीपक, अगरबत्ती और विद्युत सजावट का सावधानीपूर्वक उपयोग करने को कहा गया है।

एडवाइजरी में फिसलन, जलभराव और खुले बिजली के तारों से सतर्क रहने तथा पुलिस, प्रशासन और बचाव दल के निदेर्शों का पालन करने की अपील की गई है। किसी भी आपात स्थिति में जिला आपातकालीन नियंत्रण कक्ष के नंबर 0120-2978231 और 0120-2978232 पर सूचना देने को कहा गया है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और अपुष्ट सूचनाएं सोशल मीडिया पर साझा नहीं करने की भी अपील की है।

सीसीटीएनएस की मासिक रैंकिंग सुधारने के लिए डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने की समीक्षा बैठक

थानों के कंप्यूटर ऑपरेटरों को दिए समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश, एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की शत-प्रतिशत ऑनलाइन फीडिंग पर जोर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में डीसीपी सेंट्रल नोएडा डॉ. प्रवीन रंजन सिंह ने सेंट्रल नोएडा जोन के सभी थानों के कंप्यूटर ऑपरेटरों के साथ गोष्ठी आयोजित की। बैठक में थानों पर संचालित विभिन्न कार्यों और क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही सीसीटीएनएस की मासिक रैंकिंग में सुधार लाने के उद्देश्य से संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-



निर्देश दिए गए। गोष्ठी के दौरान डीसीपी ने सभी थानों का दैनिक डेटा नियमित रूप से सिंक्रोनाइज करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एमएलसी (मेडिको लीगल केस) और पीएमआर (पोस्टमार्टम रिपोर्ट) की शत-प्रतिशत ऑनलाइन फीडिंग सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सीसीटीएनएस की मासिक रैंकिंग के निर्धारित सभी मानकों और बिंदुओं पर शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए।
डॉ. प्रवीन रंजन सिंह ने कंप्यूटर ऑपरेटरों को स्पष्ट किया कि थानों पर होने वाले सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। डेटा फीडिंग और सिंक्रोनाइजेशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सीसीटीएनएस से संबंधित सभी कार्य पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और समयबद्धता के साथ संपादित किए जाएं।
उन्होंने कहा कि पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की ओर से तकनीकी कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सीसीटीएनएस की कार्यक्षमता और मासिक रैंकिंग में निरंतर सुधार के लिए सभी संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है।

फेस-2 पुलिस ने नकबजनी का आरोपी दबोचा, जेवरात और चोरी के औजार बरामद

अक्षरधाम कॉलोनी में घर का ताला तोड़कर की थी चोरी, आभूषण बेचने के बाद बचे 5,450 रुपये भी मिले

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना फेस-2 पुलिस ने अक्षरधाम कॉलोनी में घर का ताला तोड़कर आभूषण और नकदी चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से पीले और सफेद धातु के आभूषण, आभूषणों की बिक्री से बचे 5,450 रुपये नकद, नकबजनी में इस्तेमाल किए गए लोहे के औजार और एक अवैध चाकू बरामद किया है।
पुलिस के अनुसार, 15 अगस्त 2026 को थाना फेस-2 क्षेत्र की अक्षरधाम कॉलोनी में एक महिला के घर का लॉक तोड़कर अज्ञात चोर ने तिजोरी से आभूषण और गुल्लक आदि में रखी नकदी चोरी कर ली थी। मामले में थाना फेस-2 पर मुकदमा अपराध संख्या 522/2026 धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था।
घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम स्थानीय खुफिया जानकारी और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में 10 नवंबर 2026 को



पुलिस ने अक्षरधाम मंदिर के पास पुस्ता रोड से चांद पुत्र टिड्डू को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी के आभूषण, बिक्री से प्राप्त शेष 5,450 रुपये, एक हथौड़ी, लोहे की रॉड, लोहे की छैनी और एक अवैध चाकू बरामद हुआ।
पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह नशे का आदी है और अपने साथी के साथ मिलकर रात के समय ऐसे घरों को निशाना बनाता था, जिनके बाहर ताला लगा होता था। आरोपी के अनुसार, 14 और 15 अगस्त की रात अक्षरधाम कॉलोनी में घर का ताला तोड़कर आभूषण और गुल्लक में रखे करीब 20 हजार रुपये चोरी किए थे।
गिरफ्तार आरोपी की पहचान चांद पुत्र टिड्डू निवासी बोपारियान मोहल्ला ककौड़, थाना ककौड़ कोतवाली, जिला बुलंदशहर के रूप में हुई है। वह वर्तमान में कस्बा सूरजपुर, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था। उसकी उम्र करीब 30 वर्ष बताई गई है।
पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन ग्राम 800 मिलीग्राम पीली धातु के आभूषण तथा 66 ग्राम 52 मिलीग्राम सफेद धातु के आभूषण बरामद किए हैं। इसके अलावा 5,450 रुपये नकद, एक हथौड़ी, एक लोहे की रॉड, एक लोहे की छैनी और एक अवैध चाकू भी मिला है। मामले में मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 की बढ़ोतरी की गई है।

बीटा-2 पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ा, दो बाल अपचारी संरक्षण में लिए

बिजली के तारों के सात बंडल, गैस सिलेंडर, हार्ड डिस्क, पंखों की मोटर समेत चोरी का सामान बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। थाना बीटा-2 पुलिस ने बंद मकानों की रेकी कर चोरी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके साथ दो बाल अपचारियों को भी संरक्षण में लिया है। इनके कब्जे से चोरी किए गए बिजली के तारों के सात बंडल, गैस सिलेंडर, हार्ड डिस्क, सीडी राइटर, पुराना इन्वर्टर, कटर, बर्तन और पंखों की मोटर समेत अन्य सामान बरामद




किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक अवैध चाकू भी मिला है।
पुलिस के अनुसार, 10 नवंबर 2026 को स्थानीय खुफिया जानकारी और गोपनीय सूचना के आधार पर थाना बीटा-2 की टीम ने यमुना एक्सप्रेसवे सर्विस रोड पर चुहड़पुर अंडरपास, चाई-5 के पास से शोएब पुत्र इकबाल को गिरफ्तार किया। उसके साथ दो बाल अपचारियों को भी संरक्षण में लिया गया।
पुलिस का कहना है कि आरोपी शोएब और दोनों बाल अपचारी बंद घरों को निशाना बनाते थे। ये लोग दिन और रात के समय सेक्टरों में घूमकर ऐसे मकानों की रेकी करते थे, जिनमें ताला लगा होता था। इसके बाद मौका देखकर घरों से सामान चोरी कर लेते थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी शोएब कबाड़ी की दुकान भी चलाता है और चोरी किए गए सामान को बेचकर अवैध धन अर्जित करता था।
गिरफ्तार आरोपी की पहचान शोएब पुत्र इकबाल निवासी भोजपुर, थाना भोजपुर, जिला गाजियाबाद के रूप में हुई है। वह वर्तमान में ग्राम चुहड़पुर, थाना ईकोटेक प्रथम, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था।
पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बिजली के तारों के सात बंडल, एक गैस सिलेंडर, एक हार्ड डिस्क, दो सीडी राइटर, एक पुराना इन्वर्टर, एक कटर, तीन बर्तन और तीन पंखों की मोटर बरामद की हैं। इसके अतिरिक्त शोएब के पास से एक अवैध चाकू भी मिला है। इस संबंध में थाना बीटा-2 में मुकदमा अपराध संख्या 434/26 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस तथा आयुध अधिनियम की धारा 4/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

सेक्टर-39 पुलिस ने मोबाइल चोर को दबोचा, तमंचा और 4,200 रुपये बरामद

छलैरा कट सेक्टर-44 के पास से हुई गिरफ्तारी, आरोपी के खिलाफ अलग-अलग जनपदों में दर्ज हैं 19 आपराधिक मुकदमे

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का एक सैमसंग मोबाइल फोन, चोरी के अभियोगों से संबंधित 4,200 रुपये नकद और .315 बोर का एक अवैध तमंचा बरामद किया है। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल भी सीज की गई है।
पुलिस के अनुसार, 9 नवंबर 2026 को स्थानीय खुफिया जानकारी और बीट पुलिसिंग की सहायता से थाना सेक्टर-39 पुलिस टीम ने छलैरा कट, सेक्टर-44 नोएडा के पास से आरोपी अर्पित पुत्र विमल किशोर को गिरफ्तार किया।
गिरफ्तार आरोपी की पहचान अर्पित पुत्र विमल किशोर निवासी मोहल्ला



कौशलपुरी, थाना कोतवाली शहर, जिला हरदोई के रूप में हुई है। वह वर्तमान में गढ़ी चौखंडी, थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था। उसकी उम्र करीब 26 वर्ष बताई गई है।पुलिस के मुताबिक, आरोपी के कब्जे से चोरी का सैमसंग मोबाइल फोन, 4,200 रुपये नकद और .315 बोर का तमंचा बरामद हुआ है। पुलिस ने उसके विरुद्ध थाना सेक्टर-39 में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 561/26 में बीएनएस की धारा 317(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए आपराधिक इतिहास के अनुसार आरोपी के विरुद्ध गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़, हरदोई और मथुरा में चोरी, लूट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में कुल 19 मुकदमे दर्ज बताए गए हैं।
इनमें थाना सेक्टर-39 में चोरी के तीन अन्य मामले, अलीगढ़ और हरदोई के विभिन्न थानों में चोरी के मुकदमे तथा नोएडा के थाना सेक्टर-20 और सेक्टर-24 में लूट, चोरी, गैंगस्टर और एनडीपीएस एक्ट से जुड़े मामले शामिल हैं।

होम्स-121 और क्लियो काउंटी सोसायटी में गोवर्धन पूजा और भंडारे में शामिल हुए मुकेश शर्मा

समाजसेवी ने प्रसाद वितरण कर की सेवा, आयोजकों और निवासियों ने पटका पहनाकर किया स्वागत

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर नोएडा की होम्स-121 और क्लियो काउंटी सोसायटी में धार्मिक आयोजन, भंडारे और प्रसाद वितरण कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किए गए। दोनों सोसायटियों में आयोजित कार्यक्रमों में समाजसेवी एवं प्रोमेथियस स्कूल के संस्थापक मुकेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।
इस अवसर पर दोनों सोसायटियों के आयोजकों और निवासियों ने मुकेश शर्मा का पटका पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए प्रसाद वितरण की सेवा की तथा उपस्थित लोगों के साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।
होम्स-121 सोसायटी में आयोजित कार्यक्रम में नीरज अग्रवाल, कार्तिक सिंघल, मनीष अग्रवाल, सत्यम पांडेय, प्रदीप चौधरी, आलोक गुप्ता और निमित अग्रवाल सहित अनेक निवासी मौजूद रहे।



वहीं, क्लियो काउंटी सोसायटी में आयोजित कार्यक्रम में सौरभ टोला, सुरेश अग्रवाल, मुकेश सिंघल, अतुल गुप्ता, प्रवीण गोयल, हितेंद्र सिंह रावत, तुषार गोयल और मधुर गुप्ता सहित आयोजन से जुड़े गणमान्य लोग एवं निवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुकेश शर्मा ने दोनों सोसायटियों के आयोजकों और निवासियों का स्वागत, स्नेह एवं सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने भव्य स्तर पर गोवर्धन पूजा और भंडारे का आयोजन करने के लिए पूरी आयोजन टीम को बधाई दी।
उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों का विशेष महत्व है। ऐसे आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत रखने के साथ-साथ समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे, सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। सामूहिक कार्यक्रमों से सोसायटी के निवासियों के बीच आपसी जुड़ाव बढ़ता है और समाज में सकारात्मकता एवं सद्भाव का वातावरण बनता है। कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह, सेवा और सामाजिक एकता की भावना के साथ संपन्न हुए।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

महिला अपराध और साइबर ठगी से बचाव की दी जानकारी, हेल्पलाइन नंबरों के पंपलेट बांटे

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की मिशन शक्ति टीम ने मिशन शक्ति-6 अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण, महिलाओं से संबंधित अपराधों तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।



पुलिस टीम ने महिलाओं को आपातकालीन सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1098, 1076 और 1930 के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही इन नंबरों की उपयोगिता समझाते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए। पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं से किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की स्थिति में बिना डर के पुलिस से संपर्क करने की अपील की।

नया बांस में झगड़े के दौरान युवक की मौत, हत्या के मामले में 17 वर्षीय बाल अपचारी संरक्षण में

स्कूटी एक युवक के पैर से टकराने के बाद दोनों पक्षों में हुआ था विवाद, मारपीट में दो युवक हुए थे घायल

नोएडा। थाना फेस-1 क्षेत्र के नया बांस गांव के पास हुए विवाद में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने हत्या के अभियोग में वांछित करीब 17 वर्षीय बाल अपचारी को संरक्षण में लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई स्थानीय खुफिया जानकारी और बीट पुलिसिंग की सहायता से 10 नवंबर 2026 को की।
पुलिस के अनुसार, घटना 8 और 9 नवंबर 2026 की मध्यरात्रि की है। थाना फेस-1 क्षेत्र के नया बांस गांव के पास पार्क में अमित (25 वर्ष), शिवम, यशपाल, आकाश और विनोद सहित कुछ युवक मौजूद थे। जब ये लोग स्कूटी से वहां से जाने लगे तो उनकी स्कूटी एक अन्य युवक के पैर से टकरा गई।
बताया गया कि उक्त युवक अपने कुछ साथियों के साथ पार्क में ही अपने एक मित्र का जन्मदिन मना रहा था। स्कूटी टकराने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इस दौरान अमित के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि शिवम भी सिर में घायल हो गया।
दोनों घायलों को उनके दोस्त अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने अमित को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद थाना फेस-1 पुलिस ने मामले में मुकदमा अपराध संख्या 579/26 धारा 103(1) और 109 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए 10 नवंबर को करीब 17 वर्षीय एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया है।

श्रीजी गौ सदन में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया गोवर्धन पूजा महोत्सव

विधायक पंकज सिंह ने किया सहभागिता, गौस्नान घर, गोवर्धन-श्रीकृष्ण प्रतिमा और श्रीजी वाटिका का लोकार्पण

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। श्रीजी गौ सदन, नोएडा में गोवंश संरक्षण, संवर्धन और गौसेवा के संकल्प को समर्पित गोवर्धन पूजा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गौमाता और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए गौसेवा, भारतीय संस्कृति तथा सनातन परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया गया।
इस अवसर पर नोएडा विधायक पंकज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आर.एन. मिश्रा, आईपीएस तथा नोएडा प्राधिकरण के जीएम ए.के. अरोड़ा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान गौस्नान घर, गोवर्धन-श्रीकृष्ण की प्रतिमा और श्रीजी वाटिका का लोकार्पण भी किया गया।
कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, भाजपा महानगर नोएडा के अध्यक्ष महेश चौहान, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन और सांसद प्रतिनिधि संजय



बाली सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
इस अवसर पर अतिथियों ने गोवर्धन पूजा के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता का स्थान अत्यंत पूजनीय है। गोवंश का संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और मानवीय संवेदनाओं से भी जुड़ा हुआ है। समाज के प्रत्येक वर्ग को गौसेवा और गोवंश संरक्षण के कार्य में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए।
अतिथियों ने श्रीजी गौ सदन द्वारा निराश्रित, असहाय और जरूरतमंद गोवंश की सेवा, संरक्षण एवं देखभाल के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उपस्थित लोगों ने भी गौसेवा के अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंत में श्रीजी गौ सदन के अध्यक्ष सीए विकास अग्रवाल, महासचिव सुशील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व अध्यक्ष एनके अग्रवाल तथा महेश चौहान की ओर से सभी अतिथियों, सहयोगियों, दानदाताओं और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी एनके अग्रवाल और मुकुल बाजपेयी रहे।

जलवायु विहार में सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन के साथ जरूरतमंदों को बांटे भोजन और कंबल

श्रीमती किरण गर्ग के जन्मदिन पर परिवार ने कराया धार्मिक आयोजन, 80 से अधिक लोग हुए शामिल

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। सेक्टर-21 स्थित जलवायु विहार कम्युनिटी सेंटर में श्रीमती किरण गर्ग के जन्मदिन के अवसर पर उनके परिवार की ओर से भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में सेक्टर और आसपास के क्षेत्रों के 80 से अधिक लोग शामिल हुए। सभी ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और अन्य धार्मिक आरतियों का गायन किया तथा श्रीमती किरण गर्ग के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।
कार्यक्रम का आयोजन उनके दोनों



सुपुत्र वरिष्ठ पत्रकार संदीप कुमार गर्ग और अधिवक्ता कुणाल गर्ग सहित परिवार के सदस्यों एवं रिश्तेदारों ने मिलकर किया। दो घंटे से अधिक समय तक चले इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव



से भाग लिया। सुंदरकांड पाठ के उपरांत भव्य लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।
कार्यक्रम में डॉ. निशांत गुप्ता अपनी धर्मपत्नी और परिवार के साथ शामिल हुए। अधिवक्ता के. गुप्ता सहित उनका परिवार, रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई लोग और श्रीमती किरण गर्ग के रिश्तेदार भी मौजूद रहे।
इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ पत्रकार पवन राज, अतुल मिश्रा, रमन झा और भारत न्यूज के वरिष्ठ पत्रकार एवं सब एडिटर संदीप गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। धार्मिक कार्यक्रम के समापन के बाद श्रीमती किरण गर्ग ने अपने दोनों बेटों और रिश्तेदारों के साथ जन्मदिन का केक काटा। इसके साथ ही परिवार की ओर से जरूरतमंदों को भोजन और कंबल वितरित किए गए। धार्मिक आयोजन के साथ सेवा और जरूरतमंदों की सहायता का संदेश भी दिया गया।

सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में छठ पूजा महोत्सव की तैयारियां तेज, घाट का पुनर्निर्माण पूरा

13 से 16 नवंबर तक मनेगा चार दिवसीय महापर्व, श्रद्धालुओं को मिलेगा फल प्रसाद और भंडारे का प्रसाद

नोएडा। सेक्टर-75 स्थित छठ घाट पार्क (सेंट्रल पार्क) में श्री सूर्यदेव पूजा समिति के तत्वावधान में छठ पूजा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। घाट का पुनर्निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। तैयारियों की समीक्षा के लिए समिति अध्यक्ष डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें पदाधिकारियों और सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक में निर्णय लिया गया कि छठ घाट पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को छठी मैया का फल प्रसाद वितरित किया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं और सेक्टरवासियों के लिए भंडारे की व्यवस्था भी रहेगी। बैठक में संयोजक ओपी तिवारी, उपाध्यक्ष डॉ. शशांक शेखर, महासचिव राजीव त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार, एओए उपाध्यक्ष ब्रजेश शर्मा, कैप्टन राकेश कुमार, ज्ञानेश मिश्रा और विनोद पटेल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि इस वर्ष छठ महापर्व 13 से 16 नवंबर 2026 तक मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि छठ केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सूर्योपासना, प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक सद्भाव का अनुपम प्रतीक है। चार दिवसीय पर्व की शुरूआत नहाय-खाय से होगी। खरना के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाएगा। तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य और अंतिम दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती व्रत का पारण करेंगे।
उन्होंने कहा कि छठ महापर्व हमें नदियों, तालाबों और जलस्रोतों को स्वच्छ रखने तथा पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा देता है। पूजा के दौरान प्लास्टिक और प्रदूषणकारी वस्तुओं का प्रयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित देश-विदेश में छठ महापर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

यातायात व्यवस्था परखने सड़क पर उतरे सीओ सिटी

जैन मंदिर तिराहा और ट्रॉमा सेंटर के गेट पर लिया जायजा, जाम से निजात दिलाने के दिए निर्देश

समाज जागरण

फिरोजाबाद। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए सीओ सिटी संतोष कुमार शर्मा ने शुक्रवार को प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने जैन मंदिर तिराहा और ट्रॉमा सेंटर के गेट पर पहुंचकर यातायात की





स्थिति देखी। इस दौरान टीएसआई महेश यादव से जाम की समस्या और यातायात व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। सीओ सिटी ने यातायात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़े न होने दिए जाएं और जाम की स्थिति बनने पर तत्काल यातायात सुचारु कराया जाए।

नौ ब्लॉकों में 17 से 27 नवंबर तक लगेंगे जनकल्याणकारी शिविर

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को बांटे जाएंगे स्वीकृति प्रमाणपत्र

समाज जागरण

फिरोजाबाद। ग्रामीण क्षेत्र के पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ



दिलाने के लिए जिले के सभी नौ विकास खंडों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। 17 से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाले इन शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभा थियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वीकृति प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर शिविरों का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके लिए विकास खंडवार नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं।

एक दीपक शहीदों के नाम, पूर्व सैनिकों ने दीप जलाकर दी श्रद्धांजलि

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

चांदपुर दीपावली पर्व पर नगर में बिजनौर रोड स्थित शहीद भगत सिंह स्मारक पर एक दीपक शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने दीपक जलाकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर शहीद भगत सिंह स्मारक व शिव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मुनेश कुमार, महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष अरविन्द लाम्बा, मुकेश यादव, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चौधरी सुधीन्द्र सिंह, कमल कुमार, सुभाष चंद वर्मा, कुमार सेन गौतम, आशू गोयल ने दीपक जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

आतिशबाजी की चिंगारी से तीन मंजिला शोरूम में लगी आग, मची अफरा-तफरी

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

धामपुर दीपावली की खुशियां अभी थमी भी नहीं थीं कि आतिशबाजी की चिंगारी ने मोहल्ला साहुवान में हड़कंप मचा दिया। यहां गिफ्ट एवं जूतों के तीन मंजिला शोरूम में रात करीब 9:30 बजे अचानक आग लग गई। आग लगने की खबर मिलते ही आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए जानकारी के अनुसार, राशन डीलर दीपेश कुमार अग्रवाल का मोहल्ला साहुवान में गिफ्ट और जूतों का शोरूम है। दीपावली की रात आसपास आतिशबाजी हो रही थी। इसी दौरान पटाखे की चिंगारी शोरूम तक पहुंचने से आग लगने की आशंका



जताई जा रही है देखते ही देखते आग ने विकराल धारण कर लिया और शोरूम की तीसरी मंजिल से घना धुआं उठने लगा। शोरूम के पास ही मालिक का आवास भी बना हुआ है। आग लगने की जानकारी मिलते ही मालिक मौके पर पहुंचे, लेकिन तीसरी मंजिल पर आग होने के कारण शुरूआती प्रयास सफल नहीं हो सके। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही धामपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पायाआग की चपेट में आने से शोरूम में रखे गिफ्ट, जूते और अन्य सामान को काफी नुकसान होने की आशंका है। हालांकि, नुकसान का वास्तविक आकलन अभी नहीं हो सका है। गौरतलब है कि करीब दो महीने पहले इसी शोरूम के पास स्थित श्रीराम मंदिर की तीसरी मंजिल पर भी शार्ट सर्किट से आग लग गई थी स्थानीय लोग अभी उस घटना को भूले भी नहीं थे कि दीपावली के अगले दिन एक बार फिर आग लगने की घटना सामने आ गई। लगातार हुई आग की घटनाओं से मोहल्ले के लोगों में चिंता और दहशत का माहौल बना हुआ है

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए बार-बार न भरें फार्म-6 : जिला निर्वाचन अधिकारी

मोबाइल पर संदेश नहीं आने पर जन सुविधा केंद्र से रेफरेंस नंबर अवश्य प्राप्त करें

दैनिक समाज जागरण, मुस्कान खान।

बिजनौर, 10 नवंबर। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने वाले आवेदकों से फार्म-6 बार-बार न भरने की अपील की है। उन्होंने जनपद के सभी जन सुविधा केंद्र (सीएससी) संचालकों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन भरने और आवेदकों को सही जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि फार्म-6 में दर्ज सक्रिय मोबाइल नंबर पर ही आवेदन का रेफरेंस नंबर प्राप्त होता है। इसलिए संचालक आवेदक का वास्तविक मोबाइल नंबर दर्ज करें। अपना या कोई गलत नंबर दर्ज न करें। उन्होंने कहा कि नेटवर्क की समस्या के कारण कई बार मोबाइल पर रेफरेंस नंबर का संदेश नहीं पहुंचता। ऐसी स्थिति में ई-साइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद कंप्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित रेफरेंस नंबर का स्क्रीनशॉट लेकर अथवा उसे नोट करके आवेदक को उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि रेफरेंस नंबर से आवेदन की स्थिति ट्रैक की जा सकती है। साथ ही फार्म-6 में पूरा आवासीय पता और पिन कोड सही भरना जरूरी है, ताकि मतदाता पहचान पत्र समय पर पहुंच सके। उन्होंने सीएससी संचालकों के प्रशिक्षण और आवेदन में दोहरी प्रविष्टियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। मतदाताओं से भी अपील की कि आवेदन जमा होने की पुष्टि किए बिना दोबारा फार्म-6 न भरें।

मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को मिल रहा आर्थिक संबल

अक्टूबर माह में 111 निर्माण श्रमिकों के खातों में 30 लाख रुपये का हितलाभ किया गया हस्तांतरित

पुत्र के जन्म पर ₹26 हजार और पुत्री के जन्म पर ₹31 हजार की आर्थिक सहायता, जन्म से दिव्यांग बालिका के लिए ₹50 हजार की सावधि जमा का प्रावधान

समाज जागरण

बहजोई।उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण के उद्देश्य से विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में बोर्ड द्वारा मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को मातृत्व सहायता, नवजात शिशु के जन्म पर आर्थिक सहायता तथा बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सावधि जमा की सुविधा प्रदान की जाती है। इस संबंध में सहायक श्रमायुक्त राम लखन पटेल ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है। पंजीकृत पुरुष निर्माण श्रमिक को पत्नी के प्रसव की स्थिति में ₹6,000 की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वहीं, महिला पंजीकृत निर्माण श्रमिक को संस्थागत प्रसव की स्थिति में तीन माह के न्यूनतम वेतन के समतुल्य धनराशि तथा ₹1,000 चिकित्सा बोनस के रूप में प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि शिशु हितलाभ के अंतर्गत पुत्र के जन्म पर ₹26,000 तथा पुत्री के जन्म पर ₹31,000 की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। बालिका मदद एवं भविष्य सुरक्षा के अंतर्गत परिवार में पहली संतान बालिका होने अथवा दूसरी संतान भी बालिका होने की स्थिति में ₹25,000 की सावधि जमा कराई जाती है। कानूनी रूप से गोद ली गई बालिका के मामले में भी निर्धारित पात्रता के अनुसार ₹ 25,000 की सावधि जमा का प्रावधान है। वहीं, जन्म से दिव्यांग बालिका होने की स्थिति में ₹50,000 की सावधि जमा कराई जाती है। उन्होंने बताया कि बालिका के नाम जमा की गई परिपक्वता धनराशि उसके 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक अविवाहित रहने की स्थिति में ही देय होगी। निर्धारित शर्तें पूर्ण न होने पर कोई धनराशि देय नहीं होगी। सहायक श्रमायुक्त राम लखन पटेल ने बताया कि अक्टूबर माह में बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत जनपद के 111 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को कुल 30 लाख रुपये का हितलाभ उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किया गया है। इससे पात्र श्रमिकों एवं उनके परिवारों को आर्थिक संबल मिल रहा है। उन्होंने पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की कि वे बोर्ड द्वारा संचालित कल्याणकारी योज नाओं की जान कारी प्राप्त कर निर्धारित पात्रता एवं प्रक्रिया के अनुसार इनका लाभ उठाएं।

डीएम ने शिकायतकर्ताओं को फोन कर परखी निस्तारण की हकीकत

आईजीआरएस की शिकायतों में लापरवाही मिलने पर अधिकारियों से मांगा जाएगा स्पष्टीकरण

समाज जागरण

फिरोजाबाद। आईजीआरएस और जनसुनवाई पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण की हकीकत जानने के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने खुद शिकायतकर्ताओं को फोन किया। उनसे बातचीत कर निस्तारण की स्थिति और संबंधित अधिकारियों की कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। साथ ही शिकायतकर्ता संतुष्ट हैं या नहीं, इसका भी फीडबैक लिया। फोन पर बातचीत के दौरान कुछ शिकायतों का निस्तारण लंबित मिलने और कार्रवाई में लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित



अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने और नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल पोर्टल पर आख्या अपलोड करने तक सीमित नहीं होना चाहिए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही निस्तारण का वास्तविक आधार है। सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक मीटिंग गन्ना समिति में संपन्न हुई

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

नजीबाबाद दिनांक 10/11/2026 को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक मीटिंग गन्ना समिति मे संपन्न हुई मीटिंग में अपनी मांगों को लेकर सभी ने अपना अपना प्रस्ताव रखते हुए यह सहमति बनी की गन्ने का भाव 500 कुन्टल घोषित करना चाहिए किसानों को मिल द्वारा मैली मुफ्त दी जाए। नहरो कि सफाई एवं नहरों में पानी समय से छोड़ा जाए किसी भी किसान के यहां स्मार्ट मीटर जबरन न लगाए जाए जनपद के सम्मत खस्ता मार्ग कि मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाए नजीबाबाद



मिल द्वारा जो इडेंड 5/11/26 का जारी हुआ था उसका लॉक खोलकर उन्हे तुलवाने का कार्य किया जाए मीटिंग मे अजय वालीयान जी ब्लाक अध्यक्ष अमित मान मण्डल महा सचिव अजेंद्र सिंह साजिद ब्लाक महासचिव सत्यपाल सिंह विजय सिहं रोहित कुमार उज्जवल विजेंद्र सिंह सोनू मोयासर डा० शरिक रामअवतार सिंह इंतजार सूरज कुमार वीर सिंह प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे

हवाई किराये में भारी बढ़ोतरी से बस यात्रा की मांग में उछाल, ऑनलाइन बुकिंग बढ़ने से कंपनियों की चांदी

पिछले कुछ वर्षों में हवाई किराये में भारी बढ़ोतरी के कारण कम और मध्यम दूरी की यात्रा में काफी वृद्धि हुई है। साथ ही बस से यात्रा करना भी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। त्योहारों और छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में कन्फर्म टिकटों की उपलब्धता कम होने और इंटरसिटी बसों की गुणवत्ता में सुधार होने से बस यात्रा की मांग बढ़ रही है। इससे भारत में ट्रैवल प्लेटफॉर्म के लिए कारोबार का बड़ा अवसर पैदा हो रहा है। ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर्स (ओटीए) और इंटरसिटी बस प्लेट फॉर्म जैसे इक्सिगो की अभीबस, मेकमाईट्रिप, फ्लिक्सबस इंडिया और ईजमाईट्रिप ने यात्रियों की संख्या में अच्छी वृद्धि दर्ज की है। इक्सिगो की बस टिकट बुकिंग इकाई अभीबस ने इस साल दशहरा के आसपास 25 दिनों की यात्रा अवधि में अपने प्रमुख मार्गों पर बुकिंग में एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 31.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। पर्यटन मार्गों पर इसमें सबसे ज्यादा वृद्धि देखी गई। इन मार्गों पर बुकिंग करीब 63 फीसदी बढ़ी। इसमें गोवा, देहरादून, मंगलूरु, कोच्चि, कोझि कोड और सिलीगुड़ी जैसे स्थान शामिल हैं। तिरुपति, वाराणसी और ऋषिकेश जैसे धार्मिक स्थलों के लिए बुकिंग 43 फीसदी बढ़ी। बेंगलूरु-हैदराबाद और हैदराबाद-मुंबई जैसे प्रमुख मार्गों पर 39 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। अभीबस के मुख्य परिचालन अधिकारी रोहित शर्मा ने कहा, इन मार्गों पर बुकिंग बढ़ी है और 35 मार्गों पर 50 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी के आंकड़ों के अनुसार जिन मार्गों पर हवाई किराये में जबरदस्त तेजी दिखी है वहां बस टिकटों की बुकिंग में भी काफी वृद्धि हुई है। झारसुगुड़ा से बाहर जाने वाली बुकिंग में 122 फीसदी से अधिक, धर्मशाला में 95 फीसदी से अधिक और तिरुवनंतपुरम में 66 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई। इसके बाद भुवनेश्वर और वाराणसी में क्रमशः 65 और 63 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। कोलकाता, धर्मशाला, लुधियाना, मैसूर और पुदुच्चेरी के लिए बसों की बुकिंग भी बढ़ी। ईजमाईट्रिप ने भी इंटरसिटी बस यात्रा में अच्छी वृद्धि दर्ज की है। हाल में यात्रियों की संख्या 20 फीसदी से अधिक बढ़ी है। इससे पता चलता है कि शहरों के बीच यात्रा की मांग बढ़ रही है और भारत के यात्रा क्षेत्र में बसों की भूमिका लगातार महत्त्वपूर्ण हो रही है।

ईजमाईट्रिप के मुख्य कार्याधिकारी और सह-संस्थापक रिकांत पिट्टी ने कहा, हवाई किराये में बढ़ोतरी और ट्रेनों में कन्फर्म टिकटों की सीमित उपलब्धता से लोगों के यात्रा संबंधी फैसले प्रभावित हो रहे हैं। खासकर छुट्टियों और साल के अंत के दौरान ऐसा हो रहा है। करीब 200 से 500 किलोमीटर की यात्रा के लिए बसें एक अच्छा विकल्प हैं। इससे यात्री खर्च पर नियंत्रण रखते हुए अपनी सुविधा के अनुसार यात्रा कर सकते हैं। पिछले एक साल में कई प्रमुख मार्गों पर घरेलू हवाई किराये में सालाना आधार पर करीब 20 से 40 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसके पीछे विमान ईंधन (एटीएफ) की बढ़ती कीमतें, विमानन कंपनियों की ओर से लगाए जाने वाले ईंधन सरचार्ज, यात्रा की लगातार बढ़ती मांग और अलग-अलग मार्गों पर उड़ानों की संख्या में बदलाव जैसे कारण हैं। ईजमाईट्रिप के अनुसार दिल्ली-हैदराबाद के बीच हवाई किराये में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई। यहां औसत किराया 68 फीसदी बढ़ चुका है जबकि उपलब्ध सीटों की संख्या में करीब 15 फीसदी की कमी आई। मुंबई-कोलकाता मार्ग पर किराये में करीब 51 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। दिल्ली-गोवा और मुंबई-बेंगलूरु मार्ग पर औसत किराया क्रमशः 39 और 37 फीसदी बढ़ा। देश में बस का औसत किराया स्थान और साल के समय के हिसाब से 850 से 1,050 रुपये के बीच हो सकता है। फ्लिक्सबस ने बताया कि पिछले 12 महीनों में 100 से 1,000 किलोमीटर की यात्रा करने वाले लोगों में से 52 फीसदी ने एसी इंटरसिटी बस से सफर किया जबकि 49 फीसदी लोगों ने हवाई यात्रा की। फ्लिक्सबस इंडिया के प्रबंध निदेशक सूर्या खुराना ने कहा, ह्यमैं समझता हूं कि शहरों के बीच यात्रा के लिए बस दूसरे विकल्प के बजाय अब लोगों की पहली पसंद बन सकती है। ट्रैवल कंपनियों के लिए इस क्षेत्र में कारोबार बढ़ाने की काफी संभावनाएं हैं। यह निवेश का एक अच्छा अवसर भी है।

त्योहारों और साल के अंत में बढ़ती मांग का लाभ उठाने के लिए फ्लिक्सबस ने इस त्योहारी सीजन में अपनी बस सेवाओं की क्षमता पिछले साल दशहरा से साल के अंत की अवधि के मुकाबले 75 फीसदी बढ़ा दी है।

पुलिस अधीक्षक ने वंश गोपाल तीर्थ , चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर तथा 24 कोसीय परिक्रमा यात्रा मार्ग पर भ्रमण कर तैयारियों का लिया जायजा

समाज जागरण

सम्भल। पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सम्भल विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा वंश गोपाल मंदिर तीर्थ , चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर तथा 24 कोसीय परिक्रमा यात्रा मार्ग पर भ्रमण किया गया। इस दौरान दिनांक 13.11.2026 को प्रस्तावित आगामी 24 कोसीय परिक्रमा यात्रा के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सुमित सुधाकर रामटेके, क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी असमोली अमन सिंह एवं थाना प्रभारी गण मौजूद रहें । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परिक्रमा मार्ग, प्रमुख स्थलों, श्रद्धालुओं के आवागमन, यातायात व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन सहित



विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों से तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि 24 कोसीय परिक्रमा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हों।

सरकारी जमीन का पट्टा करने वाले दो गिरफ्तार

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। सरकारी पट्टे की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैनामा कराने के आरोप में जसराना पुलिस ने एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को मंगलवार को उनके गांव आसदेवमई नूरपुर स्थित आवास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में रामऔतार पुत्र गुलाब सिंह निवासी आसदेवमई नूरपुर और प्रभा देवी उर्फ प्रज्ञा पत्नी स्वर्गीय दलवीर सिंह निवासी गदनपुर, थाना निधौली कलां, एटा शामिल हैं। प्रभा देवी वर्तमान में आसदेवमई नूरपुर में रह रही थी। आरोपियों के खिलाफ थाना जसराना में मुकदमा संख्या 456/26 धारा 420, 467, 468, 471 और



447 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। पुलिस के मुताबिक, दोनों पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सरकारी पट्टे की जमीन का फर्जी बैनामा कराने का आरोप है। गिरफ्तार रामऔतार के खिलाफ वर्ष 2024 में भी धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज हुआ था। कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर, वरिष्ठ उपनिरीक्षक भईया लाल, कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह और महिला आरक्षी प्रिया रानी शामिल रहे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की है।

गोवर्धन पूजा पर गौशालाओं में हुआ गोवंश का पूजन, डीएम ने व्यवस्थाएं परखीं

साफ-सफाई, चारा और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। गोवर्धन पूजा के अवसर पर जिले की गौशालाओं में गोवंश का पूजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों और जनप्रति निधियों ने गौशालाओं में पहुंचकर गोवंश की पूजा-अर्चना की और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। शिकोहाबाद नगर पालिका परिषद की ओर से संचालित गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ गोवंश का पारंपरिक पूजन किया। इसके बाद उन्होंने गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि गोवर्धन पूजा के माध्यम से गौशालाओं को जन सामान्य से जोड़ने और गोवंश



संरक्षण के प्रति लोगों की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने गौशालाओं में नियमित साफ-सफाई रखने, गोवंश के लिए पर्याप्त चारा और भूसे की व्यवस्था करने तथा बीमार पशुओं के उपचार के लिए जरूरी दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आगामी सर्दी को देखते हुए गोवंश को ठंड से बचाने के लिए भी विशेष इंतजाम करने को कहा। डीएम ने सभी गौशालाओं में बेहतर व्यवस्थाएं बनाए रखने और गोवंश की देखभाल में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

18 सूत्रीय मांगों को लेकर फार्मासिस्टों का आंदोलन तेज , 13 नवंबर को सीएमओ कार्यालय पर होगा धरना

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

बिजनौर फार्मासिस्ट संवर्ग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी 13 नवंबर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर धरना देंगे। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर काफी लंबे समय से चली आ रही 18 सूत्रीय लंबित मांगों को पूरा करने के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के क्रम में यह एक दिवसीय धरना होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को मांग पत्र भेजा जाएगा। इसके बाद 20-11-2026 को कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश लखनऊ के पर भी एक दिवसीय धरना दिया जाएगा

दो साल पहले बिछी पाइपलाइन, अब तक घरों तक नहीं पहुंचा पानी, चकसानी गांव के करीब 200 परिवार पेयजल के लिए परेशान

समाज जागरण

सोनभद्र। विकास खंड बभनी के ग्राम पंचायत धनवार के चकसानी गांव में हर घर नल योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। दो वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा करा दिया गया, लेकिन आज तक किसी भी घर में नल कनेक्शन नहीं दिया गया है। इससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, चकसानी गांव में लगभग 200 घर हैं। दो साल पहले पाइपलाइन बिछाए जाने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही उनके घरों तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचने लगेगा, लेकिन अब तक योजना धरातल पर शुरू नहीं हो सकी है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही गांव में पानी की समस्या और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों को पानी के लिए आज भी पारंपरिक जलस्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी ग्राम पंचायत के धनवार गांव में कुछ घरों को नल कनेक्शन दिया गया है, लेकिन वहां भी नियमित रूप से



जलापूर्ति नहीं हो रही है। कहीं नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है तो कहीं निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। ऐसे में हर घर नल योजना का उद्देश्य पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। ग्रामीण संजय कुमार, अर्जुन भोला, रमेश कुमार, गणेश, श्यामनारायण, शीतला गुप्ता, विनय कुमार गुप्ता और नागेंद्र गुप्ता सहित अन्य लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराया है। उन्होंने मांग की है कि चकसानी गांव में जल्द से जल्द सभी घरों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराकर नियमित पेयजल आपूर्ति शुरू कराई जाए, ताकि ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। इस बात जल निगम के अवर अभियंता साहेब लाल बिन्द ने बताया कि इस गांव की जांच कर जल्द ग्रामीणों को कनेक्सन देकर जल आपूर्ति बहाल कराई जायेगी।

शिवद्वार में आयोजित हुआ शिवशक्ति लोक रंगमंच का अद्वितीय महोत्सव

- 45वें महोत्सव में विभिन्न विधाओं की विभूतियां हुई सम्मानित

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी



सोनभद्र। शिवशक्ति लोक संगीत रंगमंच के तत्वावधान में वर्ष परंपरा से चल रहे महोत्सव कार्यक्रम का 45 वाँ महोत्सव सोमवार की शाम शिवद्वार में आयोजित हुआ। महोत्सव में लोकगीत गायन - वादन की शाम से शुरू लंबी श्रृंखला चली अगले दिन देर सुबह तक जिसमें इसके अतिरिक्त लोक नृत्य करमा, कोलदहकी तथा नटुआ का जीवन्त मंचन भी अत्यंत आकर्षक एवं सम्मोहक रहा। कार्यक्रम की कड़ी में तीन सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसमें भोजपुरी कवि सम्राट मुंशी मंगल लाल चिर स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया सोहन लाल मौर्य को तो सिद्ध संत पंडित शीतला प्रसाद शुक्ल चिर स्मृति सम्मान से सम्मानित हुए रामलाल। साहित्यकार एवं पत्रकार डॉ 0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव "पुष्कर" को 40 वर्ष पत्रकारिता सेवा पूर्ण करने एवं साहित्य सेवा के पांच दशक की पूर्णता अवधि के उपलक्ष्य में पत्रकारिता के भीष्म पितामह बाबू विष्णु राव पराणकर सम्मान से मंच से अलंकृत किया गया। तीनों महानुभावों को अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह के साथ प्रमाण पत्र अर्पित कर सम्मानित करने वाले अतिथियों में कार्यक्रम अध्यक्ष पंडित राम निवास शुक्ल, मुख्य अतिथि संजय यादव, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य नीरज कुमार श्रीवास्तव ० डॉक्टर लोक पति पटेल शामिल रहे। सम्मान समारोह के पूर्व अतिथियों को आयोजक अध्यक्ष मुन्नर यादव तथा डॉ 0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव पुष्कर ने अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। समूची निशा प्रवाहमान सारस्वत आयोजन में अवनीश यादव, राजू यादव, राजेन्द्र प्रसाद मौर्य, कमलेश पाल, दीना नाथ, गीता रानी, राजकुमारी, संतोष, राजेन्द्र पटेल, कमलेश विश्वकर्मा, हीरा पति यादव, सोहन लाल मौर्य, लल्लू भारतीय, विनोद चौरसिया, दीना नाथ यादव, बालेश्वर यादव, श्याम देव संदल, दयाराम प्रजापति के साथ ही नटूवा, नृत्य, कर्मा नृत्य तथा कोल दहकी जैसी लुप्त प्राय परंपराओं को शाश्वत करते इनकी टोलियों ने सजीव प्रस्तुति की मंच से। इसके अलावा अन्यान्य लोक कलाकारों ने भी अद्भुत प्रदर्शन कर वाहवाही लूटी। सफल संचालन किया शेषधर पॉल ने तथा अतिथियों श्रोताओं का आभार आयोजन समिति के अध्यक्ष मुन्नर यादव ने किया।

छठ पूजा की तैयारियों का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा , चोपन सोन नदी घाट का किया स्थलीय निरीक्षण

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे



चोपन/ सोनभद्र। आगामी 15 नवंबर को चोपन बैरियर स्थित सोन नदी के पावन तट पर आयोजित होने वाले छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन एवं नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने चोपन स्थित छठ घाट का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मेविस टाक, सीओ सिटी रणधीर मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सोन नदी तट पर पहुंचकर घाट की वर्तमान स्थिति, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आवागमन, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने मौके पर उपस्थित जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को नगर पंचायत की ओर से छठ महापर्व को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाट की साफ-सफाई, समतलीकरण, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है, ताकि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से तैयारियों के संबंध में जानकारी लेते हुए पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। छठ पूजा के दौरान घाट पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गौरतलब है कि चोपन का सोन नदी घाट छठ महापर्व के आयोजन के लिए क्षेत्र का एक प्रमुख एवं ऐतिहासिक आस्था का केंद्र माना जाता है। यहां चोपन नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों, रेलवे कॉलोनी तथा दूर-दराज के इलाकों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान सूर्य की उपासना के लिए पहुंचते हैं। चार दिवसीय इस महापर्व में व्रती महिलाएं पूरी श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ निर्जला व्रत रखकर भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना करते हैं। पर्व के मुख्य अवसर पर श्रद्धालु पारंपरिक छठ गीतों के बीच डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। इसके अगले दिन तड़के सुबह नदी तट पर पहुंचकर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु एवं खुशहाली की कामना करते हैं। इस दौरान पूरा चोपन नगर छठी मैया के भक्ति गीतों और धार्मिक उल्लास से सराबोर हो उठता है। छठ महापर्व को लेकर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा घाट को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन भी लगातार तैयारियों पर नजर बनाए हुए है। अधिकारियों के निरीक्षण से स्पष्ट है कि इस बार भी छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ जुटा हुआ है। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, अधिवक्ता अमित सिंह, लवकुश भारती, नगर पंचायत के सभासद रामपरीखा विश्वकर्मा, दिव्यविकास सिंह, घनश्याम चौधरी, बीराजेश अग्रहरी, अरुण कुमार, अनिकेत रावत, अनीता बिन्द, विनीत जाटव, अनिल जायसवाल, नागेंद्र यादव, सुशील साहनी, सलीम कुरैशी, नरेश यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

छह माह की गर्भवती महिला से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, घर में घुसकर मारपीट और कपड़े फाड़ने का दावा

•~ पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार, मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी दर्ज कराई शिकायत

शराब के नशे में घर में घुसा युवक, विरोध करने पर गर्भवती महिला से मारपीट का आरोप

समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता



सोनभद्र। सुकृत चौकी क्षेत्र के लोहरा गांव में एक छह माह की गर्भवती महिला के साथ कथित छेड़खानी, दुष्कर्म के प्रयास और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता वर्षा चौहान पत्नी गौतम कुमार ने गांव के ही शशिकांत मौर्य पुत्र विद्याशंकर पर शराब के नशे में घर में घुसकर जबरदस्ती करने, अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर मारपीट कर कपड़े फाड़ने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के मुताबिक, घटना 9 नवंबर 2026 की रात करीब 7 से 7:30 बजे की है। आरोप है कि वह घर पर अकेली थी, तभी गांव का शशिकांत मौर्य शराब के नशे में घर में घुस आया और जबरदस्ती करने की नीयत से उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने कथित तौर पर उसके कपड़े फाड़ दिए और मारपीट करने लगा। पीड़िता का कहना है कि वह छह माह की गर्भवती है। किसी तरह जान बचाकर उसने अपने पति को फोन कर घटना की जानकारी दी।शिकायत के अनुसार, सूचना मिलने पर पति गौतम कुमार और भसुर मोनू चौहान मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के भसुर के साथ भी मारपीट की। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि बाद में उसके भसुर के खिलाफ सुकृत चौकी में फर्जी प्रार्थना पत्र दिया गया। घटना के बाद से पीड़िता और उसका परिवार भयभीत है। एसपी के बाद मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल तक पहुंचा मामला मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता ने 10 नवंबर 2026 को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत का पंजीकरण संख्या GOVUP/E/ 2026/ 0147641 है। वहीं जनसुनवाई की समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली पर संदर्भ संख्या 40020026023801 दर्ज है। पोर्टल पर शिकायत प्राप्त होने की स्थिति प्रदर्शित हो रही है तथा शिकायत उत्तर प्रदेश शासन के संबंधित अधिकारी को अग्रसारित की गई है।पीड़िता ने प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं गंभीरता से जांच कराकर आरोपी के विरुद्ध उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने और दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। अब देखना यह है कि छह माह की गर्भवती महिला की इस गंभीर शिकायत पर पुलिस कितनी तत्परता से जांच कर न्याय दिलाती है।

अब बड़ा सवाल यह है कि घर में अकेली महिला की सुरक्षा से जुड़े इतने गंभीर आरोपों की जांच कितनी तत्परता और निष्पक्षता से होगी? महिला की शिकायत को महज आपसी विवाद मानकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। आरोपों की निष्पक्ष जांच, पीड़िता की सुरक्षा और दोष सिद्ध होने पर कानून के तहत कठोर कार्रवाई जरूरी है। महिला सुरक्षा के दावों की असली परीक्षा ऐसे ही मामलों में होती है।

राष्ट्रीय लोकदल की जिला कार्यकारिणी की बैठक कल, सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य

11 नवंबर को सुबह 10 बजे जिला कार्यालय पर होगा जुटान, सभी प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं को दी गई सूचना

समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता



सोनभद्र। राष्ट्रीय लोकदल सोनभद्र की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक 11 नवंबर 2026 को प्रातः 10 बजे जिला कार्यालय पर आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ पार्टी के सभी प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों, पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

इस संबंध में राष्ट्रीय लोकदल सोनभद्र के जिला प्रवक्ता मनदीप सिंह ने समस्त जिला कार्यकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सूचना जारी करते हुए निर्धारित समय पर जिला कार्यालय पहुंचने का आग्रह किया है।उन्होंने बताया कि बैठक में जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के साथ विभिन्न प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों एवं पदाधिकारियों की सहभागिता आवश्यक है। सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं सदस्यों से समय से पहुंचकर बैठक में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

छठ महापर्व की तैयारियां तेज, शिवाजी तालाब छठ घाट की साफ - सफाई में जुटे समाजसेवी

घाटों की सफाई, मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था और गहरे पानी में सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को दिया जा रहा जोर

समाज जागरण



दुद्धी/ सोनभद्र। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर दुद्धी स्थित शिवाजी तालाब पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं जन प्रतिनिधि छठ घाटों की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने में जुट गए हैं।छठ महापर्व को देखते हुए घाटों की साफ-सफाई, सीढ़ियों एवं घाटों की मरम्मत, जलाशय के आसपास जमा कचरे की सफाई, श्रद्धालुओं के आवागमन के रास्तों को सुगम बनाने तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही गहरे पानी वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं को सुरक्षित रखने, खतरनाक स्थानों को चिह्नित करने, महिलाओं के लिए कपड़े बदलने की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी तैयारी की जा रही है।वहीं, श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर रोशनी, सजावट, सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था के साथ आपात स्थिति में सहायता के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाने पर भी जोर दिया जा रहा है। समाजसेवियों ने बताया कि छठ महापर्व क्षेत्र की आस्था और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे में व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सामूहिक प्रयास से घाटों को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए छठ महापर्व से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराने की अपेक्षा जताई है। सुझावः समाचार के साथ शिवाजी तालाब की सफाई करते हुए लोगों की तस्वीर लगाने से खबर और प्रभावशाली बनेगी।

दुद्धी नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन, कन्हैया लाल अग्रहरि, दीपक शाह, पंकज अग्रहरि, सुरेंद्र गुप्ता सहित अन्य समाजसेवी शिवाजी तालाब स्थित छठ घाटों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में सक्रिय हैं।

बाबा साहब की प्रतिमा की उंगली क्षतिग्रस्त, लोगों में आक्रोश, सीओ ने मौके पर पहुंचकर संभाली स्थिति , तत्काल कराई गई मरम्मत

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे



चोपन/ सोनभद्र। चोपन नगर पंचायत के वार्ड नंबर-2 स्थित दलित बस्ती में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा की खड़ी उंगली क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आने से क्षेत्र में नाराजगी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। सूचना पर चोपन थाना प्रभारी गोपाल जी गुप्ता, कृष्ण मोहन सिंह सहित पुलिस टीम और एलआईयू की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। बाद में सीओ रणधीर मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों से बातचीत कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। मौके पर पहुंचे सीओ ने लोगों को निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं लोगों की नाराजगी को देखते हुए तत्काल मूर्तिकार को बुलाया गया और प्रतिमा की क्षतिग्रस्त उंगली की मरम्मत कराई गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। यह शरारत है या जानबूझकर किया गया कृत्य, इसका खुलासा जांच के बाद ही होगा। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि नगर पंचायत की ओर से हर संभव मदद दी जाएगी।

उन्होंने बताया प्रतिमा स्थल पर बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है। जल्द ही निर्माण कराकर स्थल को सुरक्षित बनाया जाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज चौबे ने घटना को बेहद दुखद और निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि इस बस्ती में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित कराने का सपना लवकुश भारती का था, जो काफी प्रयासों के बाद साकार हुआ था। उन्होंने प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज की जांच कर दोषियों को चिह्नित करने और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। प्रतिमा स्थापना में अहम भूमिका निभाने वाले लवकुश भारती ने बताया कि 14 अप्रैल 2025 को प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसके लिए उनकी माता रामा देवी ने आधा बिस्वा भूमि दान की थी। दीपावली के दिन मोहल्ले के लोग यहां दीपक जलाने पहुंचे थे, लेकिन उस समय किसी का ध्यान क्षतिग्रस्त उंगली पर नहीं गया। आशंका है कि घटना पिछले दो-तीन दिनों के भीतर हुई है। उनके पुत्र श्रीपद भारती ने डायल 112 पर सूचना दी थी। लवकुश भारती ने स्पष्ट किया कि वह किसी जाति या समुदाय विशेष पर आरोप नहीं लगा रहे हैं। उन्होंने निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान करने, अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और प्रतिमा स्थल का सुंदरीकरण कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष ने समाज कल्याण विभाग से 10 लाख रुपये की व्यवस्था होने की जानकारी दी है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया मामले के बाद भी क्षेत्र में शांति और सौहार्द कायम है।

वरिष्ठ पत्रकार विनोद गुप्ता के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर, पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार



सोनभद्र। वरिष्ठ पत्रकार विनोद गुप्ता जी के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। 10 नवंबर को उनके निधन की खबर से मीडिया जगत ने एक ऐसे अनुभवी, निर्भीक और विचारशील व्यक्तित्व को खो दिया, जिन्होंने अपनी निष्पक्ष पत्रकारिता से अलग पहचान बनाई थी। विनोद गुप्ता ने अपने पत्रकारिता जीवन में हमेशा सच्चाई, निष्पक्षता और जनहित को प्राथमिकता दी। उन्होंने पत्रकारिता को केवल समाचार प्रकाशित करने का माध्यम नहीं, बल्कि आमजन की आवाज और समस्याओं को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाने का सशक्त जरिया बनाया। उनकी लेखनी में साहस, स्पष्टता और समाज के प्रति जिम्मेदारी झलकती थी।उन्होंने अपनी कार्यशैली और विचारों से पत्रकारिता को नई दिशा और नया आयाम देने का कार्य किया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में ऐसी रिक्तता पैदा हुई है, जिसकी भरपाई आसान नहीं होगी। अंतिम विदाई के दौरान लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारिता जगत में उनका योगदान और निष्पक्ष कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। भले ही वह आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और आदर्श हमेशा जीवित रहेंगे। पत्रकार परिवार की ओर से विनोद गुप्ता जी को भावभीनी श्रद्धांजलि। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में दुख सहने की शक्ति दें।

खौलते दूध से स्नान कर पतिहवा बाबा ने निभाई वर्षों पुरानी परंपरा, वीर लोरिक पत्थर पर उमड़ा आस्था का सैलाब

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी





सोनभद्र। गोवर्धन पूजा के अवसर पर सोनभद्र के मारकुंडी घाटी स्थित ऐतिहासिक वीर लोरिक पत्थर स्थल पर आस्था, श्रद्धा और परंपरा का अनोखा नजारा देखने को मिला। यहां हर वर्ष की तरह इस बार भी पतिहवा बाबा के नाम से प्रसिद्ध राजेंद्र यादव ने खौलते दूध से स्नान कर वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन किया। उन्होंने गर्म दूध से भरे मटके में अपना सिर डुबोया और इसके बाद दूध को अपने शरीर पर उड़ेल लिया। इस अनोखे धार्मिक अनुष्ठान को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शक मौके पर पहुंचे। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मारकुंडी घाटी में स्थित वीर लोरिक पत्थर स्थल पर गोवर्धन पूजा के अवसर पर यादव समाज की ओर से प्रत्येक वर्ष विशेष आयोजन किया जाता है। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण पतिहवा बाबा उर्फ राजेंद्र यादव का खौलते दूध से स्नान करना रहता है। इस परंपरा को देखने के लिए आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। कार्यक्रम के दौरान सुबह से ही वीर लोरिक पत्थर स्थल परिसर में श्रद्धालुओं और दर्शकों की भीड़ जुटने लगी थी। जैसे ही बाबा ने गर्म दूध से भरे मटके में अपना सिर डुबोया और दूध से स्नान किया, वहां मौजूद लोगों की निगाहें इस अनुष्ठान पर टिक गईं। कई लोगों ने इस दृश्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किया। पूरे परिसर में धार्मिक जयकारों और श्रद्धालुओं के उत्साह का माहौल बना रहा। मान्यताओं के अनुसार, इस अनुष्ठान को भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट आस्था और भक्ति से जोड़कर देखा जाता है। पतिहवा बाबा का कहना है कि भगवान के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा ही उन्हें वर्षों से इस परंपरा का निर्वहन करने की प्रेरणा देती है। उनके अनुसार, खौलते दूध से स्नान करना और हवन कुंड में प्रवेश जैसी कठिन धार्मिक क्रियाएं साधना और भक्ति से जुड़ी हैं। पूजा-पाठ में लीन होकर व्यक्ति आध्यात्मिक शक्ति का अनुभव करता है और स्वयं को ईश्वरीय शक्ति के अधीन महसूस करता है। राजेंद्र यादव ने बताया कि गोवर्धन पूजा प्राकृतिक पूजा का प्रतीक है। द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज क्षेत्र में गोवर्धन पूजा की परंपरा शुरू कराई थी। उसी परंपरा को आज ग्वाल-बाल और श्रद्धालु आगे बढ़ा रहे हैं। यह पूजा प्रकृति के प्रति आस्था, श्रद्धा और भक्ति का संदेश देती है। इस दौरान बाबा ने मौसम को लेकर भी अपना अनुमान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि छठ और सप्तमी तक मौसम बदली वाला रह सकता है तथा कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि यह उनका व्यक्तिगत अनुमान है, आधिकारिक मौसम पूर्वानुमान नहीं।

गोवर्धन पूजा के इस आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ यादव समाज की सामाजिक एकजुटता भी देखने को मिली। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा ने एक बार फिर मारकुंडी घाटी के वीर लोरिक पत्थर स्थल को श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना दिया।

दीपावली पर हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

समाज जागरण



सोनभद्र। दीपावली के दिन लाइसेंसी दोनाली बंदूक से हर्ष फायरिंग कर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करना युवक को भारी पड़ गया। रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अरविन्द पटेल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 12 बोर की दोनाली बंदूक और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 8 नवंबर को दीपावली पर्व के अवसर पर ग्राम पिपरा निवासी अरविन्द पटेल ने अपने चाचा की लाइसेंसी दोनाली बंदूक से हर्ष फायरिंग की थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। इस मामले में थाना रॉबर्ट्सगंज में मुकदमा अपराध संख्या 900/2026 के तहत आयुध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मेविस टॉक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में की गई। पुलिस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

बीजपुर के सिरसोती साउथ गेट पर डीजल चोरी का मामला, बाइक और गैलन छोड़कर फरार हुए चोर

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार



बीजपुर/ सोनभद्र। बीजपुर थाना क्षेत्र के सिरसोती स्थित साउथ गेट पर पिछले कई महीनों से हाइवा वाहनों से डीजल चोरी होने का मामला सामने आ रहा था। बताया जा रहा है कि बीती रात 11 नवंबर 2026 को डीजल चोरी करने पहुंचे संदिग्धों की बाइक और डीजल रखने वाले गैलन बरन ब्रिज के पास पकड़े गए। मौके पर पकड़े जाने की आशंका के चलते संदिग्ध व्यक्ति अपनी बाइक और गैलन सड़क पर ही छोड़कर जंगल की तरफ फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद सुबह मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम ने बाइक और गैलन को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में आगे की कार्रवाई किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। क्षेत्र में लगातार हो रही डीजल चोरी की घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों में चर्चा का माहौल है। अब देखना होगा कि पुलिस जांच में इस मामले से जुड़े लोगों की पहचान हो पाती है या नहीं।

जुआ खेलने के दौरान लेनदेन को लेकर मारपीट, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

समाज जागरण



सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के बड़ौली ग्राम पंचायत अंतर्गत कोलन बस्ती में जुआ खेलने के दौरान लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि जुआ खेल रहे लोगों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा, सदर कोतवाल धर्मेंद्र कुमार सिंह और महिला थाना प्रभारी रीता यादव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गईं। पुलिस के पहुंचते ही घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मारपीट में शामिल एक युवक को कार सहित हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया। वहीं, वायरल वीडियो के आधार पर घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। घटना के बाद इलाके में जुआ खेलने और उसके दौरान हुए विवाद को लेकर चचाएं तेज हैं।

भाई दूज: प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के बंधन का पर्व

समाज जागरण नितिन चौहान



बचपन की यादों का, नोक-झोंक का, लड़ाई के बाद एक हो जाने का, और जीवन भर साथ निभाने का वादा है।

दीपावली के उल्लास के बाद आता है भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व - भाई दूज। कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाया जाने वाला यह पर्व भाई और बहन के रिश्ते को और मजबूत करता है। इसे यम द्वितीया भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन यमुना ने अपने भाई यमराज को तिलक कर भोजन कराया था और उनकी लंबी आयु की कामना की थी। तभी से यह परंपरा चली आ रही है कि बहन अपने भाई की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती है, तिलक लगाती है और भाई बहन की रक्षा का वचन देता है। भाई दूज सिर्फ एक टीका लगाने की रस्म नहीं है। यह राखी पर बहन भाई के पास नहीं जा पाती तो भाई दूज पर भाई बहन के घर जाता है, यही इसकी खूबसूरती है।आज के दौर में जब रिश्तों में दूरी बढ़ रही है, मोबाइल की स्क्रीन ने संवाद कम कर दिया है, तब भाई दूज जैसे त्योहार हमें रोककर सोचने पर मजबूर करते हैं कि रिश्ते ही असली दौलत हैं। इस भाई दूज पर सिर्फ गिफ्ट नहीं, एक संकल्प भी दीजिए - बहन के सपनों को उड़ान दीजिए, उसकी शिक्षा और आत्म निर्भरता में साथ दीजिए। उसके सम्मान के लिए सिर्फ घर में नहीं, समाज में भी आवाज उठाइए। और बहनें भी भाइयों को इस बात का भरोसा दिलाएं कि सुख-दुख में वो हमेशा साथ हैं।

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है भाई दूज का पर्व : प्रो. राजीव कुमार गुप्ता

समाज जागरण



है, वहीं भाई बहन की रक्षा और सम्मान का संकल्प लेता है। यह परंपरा भावनात्मक जुड़ाव और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। प्रो. गुप्ता ने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में भाई दूज जैसे त्योहार रिश्तों को समय देने की प्रेरणा देते हैं।

बागपत। भाई दूज पर्व पर प्रो. डॉ. राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि रिश्तों की मिठास, बहन के सम्मान और भाई के संकल्प को मजबूत करने का यह अवसर है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्व केवल उत्सव का माध्यम नहीं, बल्कि पारिवारिक परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देते हैं।

भाई दूज भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक है

। भाई दूज पर बहन भाई के माथे पर तिलक लगाकर उसकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करती

भाई दूज का संदेश केवल तिलक और उपहार तक सीमित नहीं होना चाहिए। प्रत्येक भाई को बहन के आत्म सम्मान, शिक्षा, स्वावलंबन और अधिकारों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति और सम्मान का आधार माना गया है, इसलिए इस पर्व पर हमें समाज की प्रत्येक बेटी के सम्मान और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहने का संकल्प लेना चाहिए।

पीआईएल मैन ऑफ इंडिया' अश्विनी उपाध्याय ने बाला जी धाम में लिए आशीर्वाद

समाज जागरण



बागपत। गांव डूंडाहेड़ा स्थित बाला जी धाम में देश की न्यायपालिका में जनहित याचिकाएं दायर करने के लिए पहचाने जाने वाले सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध वकील अश्विनी उपाध्याय पहुंचे। मीडिया में उन्हें पीआईएल मैन ऑफ इंडिया' भी कहा जाता है। बाला जी धाम आश्रम दर्शन करने आए अश्विनी उपाध्याय ने संविधान के काले कानूनों को समाप्त करने के लिए महामंडलेश्वर श्री भैया दास जी से आशीर्वाद लिया। अश्विनी उपाध्याय पिछले 30 वर्षों से काले कानूनों को समाप्त करने की लड़ाई लड़ रहे हैं। महामंडलेश्वर भैयादास महाराज से मुलाकात के दौरान यूजीसी पर बोलते हुए अश्विनी उपाध्याय ने इसे देश में टकराव पैदा करने वाला कानून बताया। उन्होंने कहा कि देश में अस्थिरता उत्पन्न करने वाले कानून खत्म होने चाहिए। भैयादास महाराज ने अश्विनी उपाध्याय को पटका पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया और उन्हें सत्य सनातन धर्म का रक्षक बताया। उन्होंने समाज में विरोधाभास उत्पन्न करने वाले यूजीसी कानून का विरोध करते हुए सरकार को सामाजिक ताने-बाने को खंडित करने वाले कानून का पुनरावलोकन करने की सलाह दी। इस अवसर पर मनोज शर्मा, मास्टर राकेश सरोहा, समाजसेवी आर आरडी उपाध्याय, लवी त्यागी, एडवोकेट श्रीपाल मंडोला, मास्टर विपिन कुमार, नारायण दास महाराज, सुखबीर यादव, गोपाल आदि उपस्थित रहे।

बसपा प्रत्याशी सचिन शर्मा का जोरदार स्वागत , विकास का दिया भरोसा

समाज जागरण बड़ौत।



बड़ौत विधानसभा क्षेत्र से बसपा विधायक प्रत्याशी पंडित सचिन शर्मा खेकड़ा ने क्षेत्र में आपसी भाईचारे के साथ दौरा किया। जगह-जगह ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने फूलों की मालाओं से स्वागत किया। क्षेत्र की जनता ने वरिष्ठ समाजसेवी के कार्यों को देखते हुए उन्हें जीत का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पंडित सचिन शर्मा ने कहा कि जनता का सहयोग बराबर मिल रहा है। मैं हमेशा जनता के दुख-सुख में रहकर अपने किए गए वादों को बरकरार रखूंगा। विकास के सभी रास्ते खोलने का काम किया जाएगा। क्षेत्र में इस तरह विकास होगा कि आने वाले समय में जनता देखेगी। जनता जनार्दन होती है और इस बार बड़ौत विधानसभा क्षेत्र में जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि गरीबों, मजदूरों, किसानों और व्यापारियों की समस्याओं को लेकर जल्द एक सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी बागपत से मिलकर समाधान किया जाएगा। इस मौके पर बड़ौत नगर की आवास विकास कॉलोनी में राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ जिला अध्यक्ष प्रवीण पुलस्त्य, नीरज वत्स, बसपा नेता सुभाष उज्जवल, अमरीश बंसल, प्रमोद बैसला, अनिल कौशिक, सुभाष शर्मा, विनोद आर्य, धर्मपाल सिंह आर्य, निशांत चौधरी आदि मौजूद रहे।

कच्चे तेल में नरमी से निवेशकों को राहत, अमेरिकी बाजारों में तेजी के बाद एशिया में भी उछाल

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने की उम्मीद से ब्रेंट क्रूड 10 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आया। तेल की कीमतों में गिरावट के बीच यूरोपीय और एशियाई शेयर बाजारों में तेजी दर्ज की गई



वैश्विक शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी आई। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के यह कहने के बाद कि वे ईरान के खिलाफ नए सैन्य हमले फिलहाल टालने की योजना बना रहे हैं, तेल की कीमतों में गिरावट आई। इससे बाजार की अवधारणा बेहतर हुई, खासकर ऐसे समय में जब अमेरिकी महंगाई के आंकड़े आने वाले हैं, जो निकट भविष्य में ब्याज दरों के नजरिये को प्रभावित कर सकते हैं। ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स में 1.5 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई और यह अगस्त के आखिर के बाद पहली बार कुछ समय के लिए 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे चला गया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि निवेशकों को अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति वार्ता की उम्मीद है। पूरे यूरोप का स्टॉक्स 600 इंडेक्स 0.9 फीसदी चढ़ गया और अपने अब तक के उच्चतम स्तर के 1 फीसदी के दायरे के करीब पहुंच गया। तेल की कीमतों में कमी आने से महंगाई को लेकर कुछ चिंताएं कम हुईं। ये चिंताएं फरवरी के अंत में ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल के टकराव के शुरू होने के बाद से ही निवेशकों के लिए चर्चा का विषय बनी हुई थीं।

एम्स्टर्डम में वैन लैंसचोट कैम्पेन इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट के वरिष्ठ निवेश रणनीतिकार जूस्ट वैन लीन्डर्स ने कहा, अल्पावधि चुनावों के बाद ट्रंप के लिए राजनीतिक स्थिति बदल गई है। इससे इस बात की संभावना बढ़ जाती है कि वे कांग्रेस द्वारा रोके जाने से पहले ईरान के साथ कोई समझौता करना चाहेंगे। अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेट की बड़ी जीत के बाद पिछले हफ्ते बाजार में भारी गिरावट आई थी। इस जीत से ऐसी चिंताएं पैदा हो गईं कि नए नियमों के कारण एआई (आर्टिफिशल इंटेलिजेंस) से जुड़े कारोबार की मजबूती पर असर पड़ सकता है।

हालांकि, अब शेयरों में फिर से तेजी देखने को मिल रही है। सोमवार को एसऐंडपी 500 कैश इंडेक्स में अप्रैल के बाद की सबसे बड़ी एक-दिवसीय उछाल दर्ज की गई और टेक-हैवी नैस्डेक 2.7 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ, जो पिछले तीन महीनों में इसका सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा। इसी के अनुरूप, एसऐंडपी 500 को ट्रैक करने वाले फ्यूचर्स में भी 0.1 फीसदी की मामूली तेजी आई है। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 4.4 फीसदी बढ़ा जबकि जापान का निक्केई 2.9 फीसदी ऊपर गया। एशिया-प्रशांत शेयरों का एमएससीआई का व्यापक सूचकांक 2 फीसदी चढ़ गया, जो पिछले हफ्ते के सात महीने के निचले स्तर से ऊपर आ गया है। इस हफ्ते टेक कंपनियों की आय रिपोर्ट आने वाली हैं, जिनमें कोरवीव भी शामिल है। एआई को लेकर निवेशकों की चिंता का पैमाना मानी जाने वाली इस कंपनी की रिपोर्ट बाजारों के लिए एक और परीक्षा होगी क्योंकि निवेशक एआई के निर्माण की लागत और उससे होने वाले मुनाफे को लेकर चिंतित हैं। एआई ट्रेड की अगली परीक्षा एंथ्रोपिक की प्रकाशन पेशकश होगी।

रेग्युलेटरी फाइलिंग से पता चलता है कि इस आईपीओ के जरिए 64.4 अरब डॉलर तक शुद्ध पेशकश की जा सकती है। इसमें शामिल है, फ्रंटियर एआई कंपनी का मूल्यांकन, विश्वसनीयता की स्थिरता और सार्वजनिक बाजार में जुड़े जोखिमों का पहला आकलन पेश करना। एनवीडिया पर टिकी नजरें सोमवार को ट्रंप के यह कहने के बाद कि एफबीआई, सीईओ जेनसन हुआंग के एक चीनी महिला कारोबारी के साथ संबंधों की जांच कर रही है, जिस पर पेइचिंग के लिए जासूसी करने का आरोप है। बाजार की नजरें एनवीडिया पर टिकी हैं। कंपनी ने सप्ताहांत पर कहा था कि उसका बोर्ड इस बात की जांच कर रहा है कि क्या हुआंग किसी विदेशी खुफिया अभियान का निशाना बने थे। मंगलवार को आई एक अलग मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि हुआंग के मामले की वजह से कंपनी के कम से कम 7.5 अरब डॉलर मूल्य के चिप्स की शिपमेंट संभव हो पाई। सोमवार को 4.3 फीसदी की गिरावट के बाद प्री-मार्केट ट्रेडिंग में एनवीडिया के शेयरों में 0.5 फीसदी की तेजी आई।

कंपनी अगले हफ्ते अपनी कमाई के आंकड़े भी जारी करने वाली है।

इस बीच, फेड गवर्नर क्रिस्टोफर वॉलर ने कहा कि केंद्रीय बैंक को अगले महीने अल्पकालिक उधारी लागत बढ़ानी चाहिए, भले ही सरकारी आंकड़ों से पता चले कि पिछले महीने महंगाई कम हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर महंगाई की स्थिति और खराब होती है तो बैंक को दरों में आधा प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी करने पर विचार करना चाहिए।

सुबह 8:30 बजे ईटी आने वाले डेटा से पता चलने की उम्मीद है कि अक्टूबर में अमेरिकी उपभोक्ता कीमतों में मध्यम गति से बढ़ोतरी हुई है, लेकिन महंगाई संभवतः काफी ऊंचे स्तर पर बनी रही। डॉयचे बैंक के विश्लेषकों ने एक नोट में कहा, फेड अधिकारियों की हालिया टिप्पणियों से ब्याज दरों में और बढ़ोतरी की संभावना मजबूत हुई है।

वहीं, वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और एआई से जुड़े निवेश को लेकर अनिश्चितता के कारण मौद्रिक नीति को और सख्त करने की दिशा में फूंक-फूंक कर कदम उठाने की जरूरत है।

शुक्रवार को अक्टूबर के रोजगार के शानदार रिपोर्ट आने के बाद सीएमई फेडवॉच टूल से पता चला है कि ट्रेडर अब दिसंबर में 25 आधार अंकों की दर वृद्धि की लगभग पूरी संभावना मानकर चल रहे हैं, जबकि एक हफ्ते पहले यह संभावना 74 फीसदी थी।

2-साल के ट्रेजरी नोट की यील्ड (जो आमतौर पर फेड की ब्याज दरों की उम्मीदों के साथ-साथ चलती है) 6.5 आधार अंक बढ़कर 4.611 फीसदी हो गई। अमेरिकी डॉलर, जापानी येन और यूरो, दोनों के मुकाबले स्थिर बना रहा।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत की नई पहल, काला सागर में जहाजों की सुरक्षा और अनाज निर्यात पर बातचीत

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत काला सागर में जहाजों की सुरक्षा और अनाज निर्यात के लिए सुरक्षित रास्ते बनाने पर दोनों देशों से बातचीत कर रहा है। इससे विकासशील देशों की खाद्य सुरक्षा को मदद मिलेगी



भारत ने मंगलवार को कहा कि वह काला सागर में जहाजों की सुरक्षा, विशेष रूप से अपने अनाज और ऊर्जा निर्यात के लिए, और अन्य हमले से बचने की संभावनाओं पर रूस और यूक्रेन दोनों के साथ बातचीत कर रहा है। इसके अलावा ह्यखाद्य गलियारों की स्थापना पर भी चर्चा हुई है। भारत जुलाई से ही रूस और यूक्रेन से अनाज और ऊर्जा निर्यात, जिसमें उर्वरक भी शामिल हैं, के लिए जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह कर रहा है, ताकि विकासशील देशों पर अल नीनो के प्रभाव को कम किया जा सके। अमेरिकी मध्यावधि चुनावों पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह उस देश का आंतरिक मामला है और इससे भारत और अमेरिका के बीच संबंधों पर असर पड़ने की संभावना नहीं है, और दोनों देशों के संबंधों को रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों का मजबूत द्विदलीय समर्थन प्राप्त है। भारत की रूस और यूक्रेन के साथ हालिया मुलाकातों के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की के बीच हुई बातचीत तथा विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूस के विदेश मंत्री सेर्गेई लावरोव के बीच हुई बातचीत का विस्तृत विवरण दिया। ये दोनों बातचीत सोमवार को रूस, यूक्रेन और अमेरिका के बीच होने वाली त्रिपक्षीय वार्ता से पहले हुईं, जो मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात में शुरू हुई।

जायसवाल ने कहा, ह्यशांति स्थापित करने के इसी विचार को ध्यान में रखते हुए, भारत ने काला सागर में जहाजों की सुरक्षा, अनाज और ऊर्जा निर्यात को लेकर रूस और यूक्रेन की तात्कालिक चिंताओं का समाधान और आक्रमण न करने की संभावनाओं जैसे कुछ मुद्दों पर दोनों पक्षों से बातचीत की है।

उन्होंने कहा, खाद्य गलियारे के मुद्दे पर हमने विचारों का आदान-प्रदान किया है। सोमवार को मोदी से फोन पर हुई बातचीत के बाद, जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री के साथ काला सागर के रास्ते अनाज निर्यात पर रूस के प्रतिबंध के मुद्दे पर चर्चा की और बताया कि भारत खाद्य गलियारे स्थापित करने में मध्यस्थता करने को तैयार है।

सितंबर में शांघाई सहयोग संगठन के इतर बिश्केक में रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के साथ हुई बैठक में, मोदी ने संघर्ष को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया और रूसी नेता से अंतहीन युद्ध से युद्ध के अंत की ओर बढ़ने का आग्रह किया। कुछ दिन बाद, जयशंकर कीव गए। मोदी और पुतिन की मुलाकात सितंबर के मध्य में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली में भी हुई थी। पिछले महीने, पुतिन ने कहा था कि संघर्ष का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए मोदी के पास अच्छे विचार हैं। अक्टूबर के पहले सप्ताह में नई दिल्ली में कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत रूस और यूक्रेन के बीच अनाज और उर्वरकों की सुरक्षित ढुलाई सुनिश्चित करने के लिए मध्यस्थता कर रहा है, क्योंकि यह विकासशील देशों की खाद्य सुरक्षा से जुड़ा है। जुलाई में, रूस और यूक्रेन दोनों द्वारा व्यापारिक जहाजों पर किए गए हमलों में भारतीय नाविकों की मौत और घायल होने के बाद, जयशंकर ने रूस और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों के साथ यह मुद्दा उठाया।

पल्लवपुरम में नेक्सटोरिया एआई एकेडमी का शुभारंभ , देवेंद्र चौहान ने काटा फीता

समाज जागरण



मोदीपुरम। पल्लवपुरम-रुड़की रोड व्यापार संघ के अध्यक्ष देवेंद्र चौहान ने मंगलवार को फीता काटकर नेक्सटोरिया एआई एकेडमी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने एकेडमी संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास बेहद जरूरी है। अकादमी संचालक आदित्य कश्यप ने बताया की एकेडमी में ग्राफिक डिजाइनिंग, डिजिटल मार्केटिंग, मोशन ग्राफिक्स, फिल्म मेकिंग और एआई वीडियो एडिटिंग सहित विभिन्न कोर्स संचालित किए जाएंगे। इस अवसर पर व्यापार संघ के पदाधिकारी संरक्षक पुरण चंद्र सैनी, उपाध्यक्ष धीरज चावला, उपाध्यक्ष जफर सैफी, मंत्री ललित, मंत्री लाल सिंह, मंत्री बलजीत सिंह, मंत्री रविकांत कौशिक, मंत्री राहुल मोतला, मीडिया प्रभारी फुरकान सैफी, बंटी जयसवाल, आदि लोग मौजूद रहे।

गोवर्धन पूजन पर गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

समाज जागरण



बड़ौत। बड़ौत शहर में मीडिया से रूबरू होते हुए विश्व हिंदू महासंघ बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकेंद्र खोखर बदरखा ने गोवर्धन पूजन पर गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग केंद्र सरकार से की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित कर हिंदू हितों में काम करे। किसान गोवर्धन के दिन गोवंशीय पशु की विशेष पूजा करता है। यह दिन भगवान श्रीकृष्ण का दिन है। मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण के साथ गोवंश और बैल की पूजा होती है। दिल्ली से छपरौली क्षेत्र स्थित अपने गांव बदरखा जाते हुए बड़ौत शहर में एक रेस्टोरेंट पर उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान यह मांग रखी।

गोवर्धन पूजा पर पंडित राजेश मोदगिल ने दिया प्रकृति संरक्षण और गौसेवा का संदेश

समाज जागरण अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र।



गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट पर्व के अवसर पर मां बाला सुंदरी त्रिपुरश्वरी पीठ के पीठाध्यक्ष पंडित राजेश मोदगिल ने देश और प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। पंडित राजेश मोदगिल ने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और गौमाता के प्रति सम्मान व्यक्त करने का भी विशेष अवसर है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर मानव समाज को प्रकृति के महत्व और उसके संरक्षण का संदेश दिया था।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण, गौसेवा और सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करना बेहद जरूरी है। ऐसे धार्मिक पर्व हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्व की खुशी जरूरतमंदों के साथ भी साझा करनी चाहिए। अंत में उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना की कि सभी के घर-परिवार में सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि बनी रहे।

फिजिक्सवाला वित्त वर्ष 27 में करेगी 2-3 कंपनियों का अधिग्रहण, 200 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना

शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला वित्त वर्ष 27 में दो से तीन कंपनियों का अधिग्रहण करने की योजना बना रही है। कंपनी के सह-संस्थापक प्रतीक माहेश्वरी ने उदिशा श्रीवास्तव को दिए साक्षात्कार में अधिग्रहण योजनाओं, विस्तार, एआई और तकनीक में निवेश के साथ अन्य मुद्दों पर विस्तृत बातचीत में यह जानकारी दी। मुख्य अंश : फिजिक्सवाला के ऑनलाइन कारोबार में अच्छी वृद्धि हुई है जबकि ऑफलाइन महज 9 फीसदी बढ़ा है। ऑफलाइन कारोबार की रफ्तार धीमी रहने की क्या वजह है? वास्तव में 9 फीसदी की वृद्धि दर पूरे ऑफलाइन कारोबार का औसत आंकड़ा है। अगर हम इसे अलग-अलग हिस्सों में देखें तो विद्यापीठ का प्रदर्शन अब भी अच्छा है और इसमें 15-20 फीसदी की वृद्धि हो रही है। हालांकि, हमारे ऑफलाइन कारोबार से जुड़ी दो कंपनियों जाइलम और उत्कर्ष के कारोबार में गिरावट आई है। इसी वजह से कुल वृद्धि दर घटकर करीब 9 फीसदी रह गई है। इस गिरावट की मुख्य वजह परीक्षाओं का बाजार सिमटना है। पेपर लीक होने और परीक्षाओं के ठीक से आयोजित न होने के कारण इस बाजार पर असर पड़ा है। इसके अलावा, सरकारी भर्तियों से जुड़ी अधिसूचनाएं भी इस साल कम जारी हुई हैं। आमतौर पर सरकारी भर्तियों में हर तीन साल में एक बार तेजी आती है। इस साल ऐसा नहीं हुआ। इसके उलट, हमारे ऑनलाइन कारोबार ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में इसमें 29.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। फिजिक्सवाला तकनीक, खासकर एआई, क्लाउड ढांचा और नए उत्पाद विकसित करने पर हर साल कितना खर्च कर रही है? तकनीक, इंजीनियरिंग और उत्पाद से जुड़ी हमारी टीम में करीब 500 लोग हैं। क्लाउड, एआई और कर्मचारियों पर हम हर साल लगभग 250 करोड़ रुपये खर्च करते हैं। एआई पर होने वाले कुल खर्च में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, हम नए उत्पाद तैयार करने में भी निवेश कर रहे हैं। किसी भी नए उत्पाद को बाजार में उतारने से पहले उसका शुरूआती परीक्षण करना पड़ता है। इस प्रक्रिया में कर्मचारियों और प्रशिक्षण पर भी खर्च होता है। एआई पर हमारा खर्च कुछ लाख डॉलर बढ़ा है। इसकी एक बड़ी वजह एआई के जरिए छात्रों के सवालों और उनकी शंकाओं का समाधान करना है। अब यह काम पहले के मुकाबले ज्यादा एआई की मदद से हो रहा है, जिसे पहले इंसान करते थे। आप किस तरह की कंपनियों का अधिग्रहण करना चाहते हैं? हम अपने ऑनलाइन कारोबार का विस्तार ऐसे नए क्षेत्रों में करना चाहते हैं जहां अभी हमारी मौजूदगी नहीं है। हमारा मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन कारोबार को नई श्रेणियों में ले जाना है। कुछ ऑनलाइन कंपनियों के प्रवर्तकों के साथ हमारी बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। इसके अलावा, एक एआई आधारित उत्पाद भी हमारी रणनीति के लिहाज से मुफीद हो सकता है। इन अधिग्रहणों पर कंपनी कितनी रकम खर्च करने की योजना बना रही है? कितनी कंपनियों को खरीदने पर विचार हो रहा है? इस वित्त वर्ष में हम अधिग्रहण पर कुल 200 करोड़ रुपये तक खर्च कर सकते हैं। हमने अपने आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) से मिलने वाली रकम में से भी 300 करोड़ रुपये अधिग्रहण के लिए अलग रखे थे। इसका जिक्र आईपीओ के प्रॉस्पेक्टस में भी किया गया था। फिलहाल हम दो से तीन कंपनियों में निवेश के जरिये अधिग्रहण करने की योजना बना रहे हैं। फिजिक्सवाला को दक्षिण भारत में अपनी पहुंच बढ़ाने में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है? सबसे बड़ी चुनौती यह है कि दक्षिण भारत में ऑनलाइन पढ़ाई का माहौल अभी उतना विकसित नहीं हुआ है।

भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है अन्नकूट महोत्सव, जोगीवाला शिव मंदिर धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब : महंत वेदनाथ महाराज

अन्नकूट महोत्सव में 5100 किलोग्राम प्रसाद का किया गया वितरण

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



भिवानी, 10 नवंबर। छोटी काशी भिवानी के प्रसिद्ध जोगीवाला शिव मंदिर धाम में अन्नकूट पर्व बड़े उत्साह, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विधि-विधान से हवन-यज्ञ आयोजित किया गया। इसके उपरांत वार्षिक अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की और अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया। महोत्सव के दौरान प्रदेश का सबसे बड़ा भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें करीब 5100 किलोग्राम सामग्री से तैयार विभिन्न प्रकार के प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें 3100 लीटर लस्सी व औषधि से तैयार की गई कढ़ी का प्रसाद हजारों भक्तों में वितरण किया। अन्नकूट पर्व के लिए विशेष रूप से पारंपरिक व्यंजन तैयार किए गए थे। प्रसाद में 31 प्रकार की औषधियों से युक्त सामग्री, गाय के दूध से तैयार कढ़ी, दही बड़े, पूड़ी, बाजरा, मूंग, ग्वार तथा विभिन्न प्रकार के साग-सब्जियों सहित अनेक व्यंजन शामिल रहे। श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज ने अन्नकूट प्रसाद और गोवर्धन पूजा के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अन्नकूट महोत्सव भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। यह पर्व हमें प्रकृति, गौमाता, अन्न और कृषि के महत्व का संदेश देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की पूजा के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण और उसके प्रति कृतज्ञता का संदेश दिया था। अन्नकूट का प्रसाद सामूहिक समरसता, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। महंत वेदनाथ महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्योहार केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के सूत्र में पिरोने का माध्यम भी हैं। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी धार्मिक परंपराओं और संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

दिसंबर माह में लोहारू क्षेत्र में होंगे विधिक जागरूकता कार्यक्रम

- लोहारू, बहल और बरालू में लगेंगे जागरूकता शिविर, सोहांसड़ा व बहल में प्रत्येक रविवार मिलेगी कानूनी सहायता

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

बहल- लोहारू, 10 नवंबर। अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ प्रभाग)-सह-चेयरमैन, उपमंडल विधिक सेवा समिति, लोहारू देवेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निदेर्शानुसार न्यूनतम कार्य योजना के तहत दिसंबर माह में लोहारू क्षेत्र में विभिन्न विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क कानूनी सहायता और विभिन्न कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक दिसंबर को राजकीय महिला महाविद्यालय, लोहारू में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें अधिवक्ता सुबे सिंह और पीएलवी सविता लोगों को आवश्यक जानकारी देंगे। इसी प्रकार तीन दिसंबर को पंचायत घर बहल में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम होगा। इसमें अधिवक्ता रामनिवास और पीएलवी कमलेश लोगों को उनके अधिकारों एवं कानूनी सहायता के बारे में जागरूक करेंगे। इसके अलावा 10 दिसंबर चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय, लोहारू में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें अधिवक्ता मनोज कुमार थोलिया और पीएलवी नरेश कुमार लोगों को मानवाधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी देंगे। वहीं, 14 दिसंबर को पंचायत घर बरालू में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम होगा। इसमें अधिवक्ता संदीप कुमार और पीएलवी रामदेव लोगों को जागरूक करेंगे। देवेंद्र सिंह ने बताया कि दिसंबर माह के दौरान गांव सोहांसड़ा और बहल में विलेज लीगल केयर एंड सपोर्ट सेंटर भी संचालित किए जाएंगे। पंचायत घर सोहांसड़ा में प्रत्येक रविवार अधिवक्ता नरेंद्र सिंह यादव और पीएलवी अनिल लोगों को कानूनी सहायता एवं आवश्यक मार्गदर्शन देंगे। इसी प्रकार पंचायत घर बहल में प्रत्येक रविवार अधिवक्ता रामनिवास और पीएलवी नरेश कुमार ग्रामीणों को कानूनी जानकारी उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों पर ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता और विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालंटियर्स को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार केंद्रों पर उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का मार्गदर्शन करने तथा विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही केंद्रों पर आने वाले लोगों का पूरा पता और मोबाइल नंबर निर्धारित रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा, ताकि विधिक सेवाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा सके।

एसआईआर में छूटे मतदाताओं को 20 नवंबर तक नाम जुड़वाने का मिलेगा मौका

अनुपस्थित, स्थानांतरित और अन्य कारणों से सूची से बाहर मतदाता कर सकेंगे दोबारा आवेदन

दैनिक समाज जागरण,
महेन्द्र जावला बहल।



भिवानी, 10 नवंबर। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं करवा पाने वाले लोगों को निर्वाचन आयोग ने एक और अवसर दिया है। ऐसे मतदाता अब 20 नवंबर 2026 तक अपना नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल करवाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवासन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित हुई, जिसमें एसडीएम महेश कुमार सहित निर्वाचन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

एसडीएम ने बताया कि अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं डुप्लीकेट के रूप में चिह्नित मतदाताओं की बूथवार सूची मतदान केंद्रों, पंचायत भवनों और संबंधित सरकारी कार्यालयों में प्रदर्शित की जाएगी। यह सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि पात्र मतदाता संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी या सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के पास गणना प्रपत्र जमा करवा सकते हैं। बीएलओ घर-घर जाकर ऐसे मतदाताओं से संपर्क करेंगे और आवेदन प्रक्रिया में सहयोग देंगे। प्रदेश के भीतर दूसरे स्थान पर स्थानांतरित मतदाताओं को नए पते का विवरण, अनुलग्नक-सी और निवास प्रमाण देना होगा।

वहीं, पहले ही फॉर्म-6 जमा कर चुके मतदाताओं को दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कर सभी पात्र मतदाताओं को नाम जुड़वाने का अवसर सुनिश्चित किया जाए।

श्री विश्वकर्मा मंदिर कमेटी बहल के सदस्यों ने श्री गजानन्द जी अग्रवाल को पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

श्री विश्वकर्मा मंदिर बहल में पूर्व सरपंच श्री गजानन्द जी अग्रवाल का किया गया सम्मान

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



बहल, 10 नवंबर। विश्वकर्मा दिवस के पावन अवसर पर बहल स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में मंदिर कमेटी द्वारा गांव के पूर्व सरपंच श्री गजानन्द जी अग्रवाल को सम्मानित किया गया। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने श्री गजानन्द जी अग्रवाल को पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कमेटी ने कहा कि पूर्व सरपंच श्री अग्रवाल ने अपने कार्यकाल के दौरान गांव के विकास के साथ-साथ धार्मिक और सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर योगदान दिया है। मंदिर के निर्माण, सौंदर्यीकरण और धार्मिक आयोजनों में उनका सहयोग हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर श्री गजानन्द जी अग्रवाल ने मंदिर कमेटी और सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान सिर्फ उनका नहीं, बल्कि पूरे गांव के प्रेम और भाईचारे का सम्मान है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा जी की कृपा से गांव में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे, यही उनकी कामना है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बहल के सरपंच श्री साधु राम पनिहार सहित गांव के अनेक गणमान्य व्यक्ति, समाज के वरिष्ठजन, मंदिर कमेटी के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने पूर्व सरपंच के सम्मान पर खुशी जताई और उन्हें बधाई दी।अंत में मंदिर कमेटी ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया और प्रसाद वितरण किया गया।

कालांवाली में होगी यूथ मैराथन, सीएम श्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्यातिथि

-एसडीएम ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

समाज जागरण



कालांवाली, 10 नवंबर (सुरेश जोरासिया) कालांवाली में 22 नवंबर को प्रस्तावित यूथ मैराथन के आयोजन को लेकर एसडीएम मोहित कुमार ने एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मैराथन के आयोजन से जुड़ी विभिन्न तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कालांवाली में होने वाली यूथ मैराथन में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे। एसडीएम मोहित कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यूथ मैराथन में हर आयु वर्ग के नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न संस्थाओं की अधिक से अधिक भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और भव्य बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने मैराथन के रूट, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, टेंट, मंच, प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था, फोटो ग्राफी सहित अन्य जरूरी इंतजामों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैराथन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और अपने-अपने विभाग से संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी समय रहते निर्धारित करें। एसडीएम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा उनमें अनुशासन, आत्म विश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान प्रतिभागियों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. पवन, जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुमित्रा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हरीश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

विश्व हिंदू परिषद द्वारा अन्नकूट भंडारे का आयोजन

समाज जागरण

कालांवाली 10 नम्बर (सुरेश जोरासिया) विश्व हिंदू परिषद की ओर से सालासर धर्मशाला, कालांवाली में अन्नकूट भंडारे का आयोजन श्रद्धा एवं



उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान के समक्ष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान सेवा, सहयोग और धार्मिक आस्था का सुंदर संदेश देखने को मिला। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करने में सहयोग किया। इस धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर दिनेश गर्ग, सोनू सतीश आदि मौजूद रहे।

भिवानी में 12 नवंबर को 4.28 लाख बच्चों को खिलाई जाएंगी एल्बेंडाजोल की गोलियां

19 नवंबर को होगा मॉपअप दिवस, छूटे बच्चों को भी दी जाएगी दवा

दैनिक समाज जागरण,
महेन्द्र जावला बहल।

भिवानी, 10 नवंबर। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के तहत जिले में 12 नवंबर को एक से 19 वर्ष तक के 4 लाख 28 हजार 905 बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई जाएंगी। इसके अलावा 20 से 49 वर्ष तक की 34 हजार 980 महिलाओं को भी दवा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय में एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी व निजी स्कूलों, कॉलेजों और आंगनवाड़ी केंद्रों में सभी पात्र बच्चों को दवा खिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान में कोई भी बच्चा दवा लेने से वंचित नहीं रहना चाहिए। 12 नवंबर को दवा लेने से छूटे बच्चों को 19 नवंबर को मॉपअप दिवस पर गोली खिलाई जाएगी। एसडीएम ने बताया कि अभियान का उद्देश्य बच्चों में एनीमिया की समस्या कम करना और उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को बेहतर बनाना है। पेट के कीड़े बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने बताया कि दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली तथा दो वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को पूरी गोली दी जाएगी। बैठक में डीईओ निर्मल दहिया, डॉ. नीतू, डॉ. आशीष सांगवान, डॉ. नेहा ग्रेवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

क्रेडिट कार्ड से 1.19 लाख रुपये की साइबर ठगी, राजस्थान से एक आरोपी गिरफ्तार

बिना ओटीपी और जानकारी के खाते से निकाले गए थे 1,19,994 रुपये, भिवानी साइबर क्राइम पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी ने साइबर ठगी के लिए 4 हजार रुपये में उपलब्ध करवाया था अपना बैंक खाता, न्यायालय के आदेश पर भेजा जेल

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी। क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी कर 1,19,994 रुपये की ठगी करने के मामले में भिवानी साइबर क्राइम पुलिस ने राजस्थान से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने साइबर धोखाधड़ी के लिए अपना बैंक खाता अन्य आरोपियों को 4 हजार रुपये में उपलब्ध करवाया था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक भिवानी मयंक मिश्रा, आईपीएस के निदेर्शानुसार जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बिना ओटीपी के क्रेडिट कार्ड से निकाली रकम पुलिस के अनुसार चूरू (राजस्थान) के तारा नगर निवासी एवं वर्तमान में बवानी खेड़ा के सुनारों का मोहल्ला निवासी अमित ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 7 मई 2025 को उसके क्रेडिट कार्ड से बिना किसी ओटीपी और उसकी जानकारी के 1,19,994 रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। पीड़ित ने बैंक और साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत देने के बाद थाना साइबर क्राइम भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। 4 हजार रुपये में उपलब्ध करवाया था बैंक खाता मामले में थाना साइबर क्राइम भिवानी की महिला मुख्य सिपाही सोनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान असद पुत्र महबूब निवासी पठान मोहल्ला, अजमेर (राजस्थान) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने अपना बैंक खाता साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल करवाने के लिए अन्य आरोपियों को 4 हजार रुपये में उपलब्ध करवाया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए। पुलिस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

लोहारू बार में बनेंगे नए अतिरिक्त चैम्बर, हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों ने किया शिलान्यास

युवा अधिवक्ताओं को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का दिया संदेश, न्यायिक परिसर में किया पौधारोपण

दैनिक समाज जागरण, महेन्द्र जावला बहल।

लोहारू, 10 नवंबर। लोहारू बार एसोसिएशन के लिए मंगलवार का दिन खास रहा। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी, जस्टिस विनोद शर्मा भारद्वाज तथा जिला भिवानी के प्रशासनिक न्यायाधीश जस्टिस कुलदीप तिवारी ने न्यायिक परिसर में अधिवक्ताओं के लिए बनने वाले नए अतिरिक्त चैम्बरों का शिलान्यास किया। इस दौरान न्यायाधीशों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।



कार्यक्रम में जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी ने कहा कि नए चैम्बरों के निर्माण से अधिवक्ताओं को बेहतर कार्यस्थल और सुविधाएं मिलेंगी। न्याय व्यवस्था को प्रभावी बनाने में न्यायाधीशों के साथ अधिवक्ताओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। जस्टिस विनोद शर्मा भारद्वाज ने कहा कि नए चैम्बर विशेष रूप से युवा अधिवक्ताओं के लिए उपयोगी साबित होंगे। उन्होंने बार एसोसिएशन की मांगों को पूरा करवाने में सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं, जस्टिस कुलदीप तिवारी ने युवा अधिवक्ताओं को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने बार की मांगों पर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बार प्रधान अनिल कादयान ने पुराने न्यायिक एवं राजस्व रिकॉर्ड लोहारू में उपलब्ध करवाने तथा चैम्बरों के लिए अतिरिक्त भूमि देने की मांग रखी। समारोह में न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। मंच संचालन एडवोकेट सुनील श्योराण ने किया।

अवैध हथियार सप्लाई करने के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

आरोपी ने पूछताछ में कबूला हथियार देने का मामला, न्यायालय के आदेश पर जिला कारागार भेजा

सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की कार्रवाई, हरीश उर्फ साहिल को हथियार उपलब्ध करवाने वाला सरजीत पुलिस के हत्थे चढ़ा

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी। जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने और उनकी सप्लाई करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने अवैध हथियार उपलब्ध करवाने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सरजीत पुत्र महा सिंह निवासी गांव रिवासा, जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक भिवानी मयंक मिश्रा, आईपीएस के निदेर्शानुसार अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हरीश उर्फ साहिल से पूछताछ में हुआ खुलासा पुलिस के अनुसार 7 नवंबर 2026 को सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने तोशाम क्षेत्र से हरीश उर्फ साहिल पुत्र महेंद्र निवासी ढाणी रिवासा को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना तोशाम में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान हरीश ने खुलासा किया कि उसे उक्त अवैध हथियार सरजीत ने उपलब्ध करवाया था। मुख्य सिपाही विजेंद्र की टीम ने की गिरफ्तारी मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए 9 नवंबर 2026 को सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने मुख्य सिपाही विजेंद्र के नेतृत्व में सरजीत को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी सरजीत ने स्वीकार किया कि उसने ही अवैध हथियार हरीश को उपलब्ध करवाया था। पुलिस टीम ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए।

किसानों को गेहूं की बुआई समय अच्छे बीज का चुनाव करना चाहिए : डा. सी.बी. सिंह

किसान सही बीज का चुनाव कर अच्छी फसल ले सकते हैं

समाज जागरणअश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, 10 नवम्बर : वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. सीबी सिंह ने कहा कि किसान किसी भी फसल की बुआई से पूर्व कृषि विशेषज्ञों तथा कृषि अधिकारियों से जरूरी जानकारी अवश्य हासिल करें। किसान सही समय पर अच्छे बीज का चुनाव कर अच्छी फसल का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने गेहूं की फसल की बुआई पर चर्चा करते हुए कहा कि फसल की बुआई के समय मौसम एवं तापमान का भी अहम योगदान है। अगर तापमान अनुकूल होता है तो पौधे का



विकास अच्छे से होता है। किसानों को बीज का चुनाव करते समय कृषि विशेषज्ञों एवं अधिकारियों के साथ परामर्श करने उपरांत गेहूं की बुआई के लिए सरकारी संस्थान या मान्यता प्राप्त बीज भंडार से बीज लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुआई से पूर्व किसान बीज का उपचार अवश्य करें। बीज को जनित रोगों से बचाव के लिए बीजों को बावस्टीन और बीटावैक्स इत्यादि परामर्श की गई दवाइयों से उपचारित करना चाहिए। दीमक से बचाने के लिए भी उपचार करना चाहिए। बीज को खेतों में सही तकनीक से ही डालें। गेहूं की बिजाई के लिए सुपर सीडर जैसे आधुनिक कृषि उपकरणों का इस्तेमाल करना चाहिए इनकी मदद से बीज को सही मात्रा में और गहराई पर बोया जा सकता है।

जयराम विद्यापीठ में हुआ आस्था एवं श्रद्धा के साथ अन्नकूट पर भंडारे का आयोजन

जयराम ट्रस्टियों ने किया पूजन उपरांत भंडारे का वितरण

समाज जागरणअश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, 10 नवम्बर : दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट भंडारे का विशेष महत्व है। देश के विभिन्न राज्यों में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ब्रह्मसरोवर के तट पर श्री जयराम विद्यापीठ में आस्था और श्रद्धा से गौवर्धन पूजन व अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री जयराम संस्थाओं के संतों, ब्रह्मचारियों एवं विद्यापीठ के ट्रस्टियों द्वारा विधिवत पूजन के उपरांत भंडारा प्रारम्भ किया गया। मान्यता है कि गोवर्धन पर्वत उठा कर भगवान कृष्ण



ने जिस प्रकार रक्षा की थी। उसी प्रकार भगवान अपने भक्तों की भी रक्षा करते हैं। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ट्रस्टियों ने आस्था के साथ भंडारे में प्रसाद वितरित किया और उसके बाद स्वयं भी ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, अरुण आश्री, केके कौशिक, कुलवंत सैनी, सुरेंद्र गुप्ता, खरैती लाल सिंगला, गौरांग सिंगला, राजेश शर्मा अमीन, टेक सिंह लौहार माजरा, सुशील कंसल, विक्रम श्योकंद, श्री जयराम शिक्षण संस्थान के निदेशक एस.एन.गुप्ता, डी.एस. बी.इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल एन.सिंह, सतबीर कौशिक, रोहित कौशिक, यशपाल, जितेंद्र कुमार, विनोद कुमार इत्यादि भी मौजूद रहे।

गोबर से गोवर्धन बनाकर किया पूजन, भारतीय संस्कृति और परंपराओं का दिया संदेश

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी। दादरी गेट स्थित न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के समीप नई बस्ती में हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा अभियान के तहत गोवर्धन पूजा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत



की आकृति बनाकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में गोवर्धन पूजा के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को अपनी प्राचीन परंपराओं से जुड़ने का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि गोवर्धन पूजा भारतीय संस्कृति और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की पूजा के माध्यम से प्रकृति, पर्यावरण, गौवंश और धरती के संरक्षण का संदेश दिया था। हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए।

छठ पर्व को लेकर नगर निगम सतर्क

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। आगामी छठ पर्व के दौरान गंगा घाटों व विभिन्न पूजा स्थलों पर जुटने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर नगर निगम प्रशासन ने पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। पर्व के अवसर पर किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए निगम ने शहर के सभी जोनल क्षेत्रों में सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा को इस पूरी व्यवस्था के लिए ओवरऑल नोडल अधिकारी नामित किया है, ताकि सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जा सकें। छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए निगम द्वारा सभी घाटों और पूजा स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जोनल अधिकारियों और स्वच्छता अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे घाटों की समुचित सफाई, सिल्ट हटाने, मलबे और अनावश्यक सामग्री को तुरंत हटाने का काम प्राथमिकता से पूरा करें। इसके साथ ही प्रवेश और निकास मार्गों तथा सम्पर्क मार्गों पर भी कूड़ा एकत्र न होने देने के निर्देश दिए गए हैं ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को साफ-सुथरा माहौल मिल सके। श्रद्धालुओं की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जलकल विभाग को सभी प्रमुख घाटों और पूजा स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल और वाटर टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। आलोक विभाग द्वारा घाटों, पहुंच मार्गों और सम्पर्क रास्तों पर स्ट्रीट लाइट व हाईमास्ट लाइटों को ठीक कराने के साथ ही अस्थायी प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा महिलाओं की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम और मोबाइल टॉयलेट भी स्थापित किए जा रहे हैं। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। नगर निगम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे गंगा घाटों और अन्य जलाशयों के पास पानी की गहराई का आकलन कर खतरनाक स्थलों को चिन्हित करें। ऐसे संवेदनशील स्थानों पर मजबूत बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेतक लगाए जाएंगे ताकि कोई भी श्रद्धालु या बच्चा गहरे पानी में न जा सके। साथ ही, निराश्रित पशुओं के नियंत्रण के लिए पशु चिकित्सा विभाग की टीमों को भी तैनात किया गया है ताकि किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय का गोल्ड मेडलिस्ट छात्र का अभिनंदन

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। राजातालाब क्षेत्र के जक्खिनी गांव का निवासी पुष्कर शर्मा काशी हिंदू विश्वविद्यालय में एम टेक में गोल्ड मेडलिस्ट बना है। जक्खिनी गांव का निवासी पुष्कर शर्मा का गांव के लोगों ने अभिनंदन किया। पुष्कर के पिता डॉक्टर विनय शर्मा ने बताया कि उनका पुत्र काशी हिंदू विश्वविद्यालय का एम टेक का विगत सत्र का छात्र रहा है। अब वही से पीएचडी में पंजीकृत हो गया है।



इस अवसर पर पुष्कर शर्मा ने बताया कि उसने एम टेक मशीन डिजाइन मैकेनिकल शाखा में किया है।उसे एसके मेमोरियल गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है।विश्वविद्यालय की ओर से गांव के छात्र को गोल्ड मेडल मिलने पर गांव के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

पुष्कर शर्मा ने बताया कि वह काशी हिंदू विश्वविद्यालय में ही रिसर्च करने के लिए पंजीकृत हो गया है। उसका लक्ष्य इसरो या डु आर,डी ओ में जाने का है। पुष्कर शर्मा की इस उपलब्धि पर भानु प्रकाश शर्मा, अंश, अर्चना, अरुण सिंह, अमरेश्वर नारायण सिंह,संतोष सिंह, अरविंद आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

विस्थापित क्षत्रिय समाज के विकास को लेकर सम्मेलन आयोजित

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। अजेय भारत क्षत्रिय विस्थापित गौरव संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को विस्थापित क्षत्रिय समाज के 13 राजवंशों के सर्वांगीण विकास एवं उत्थान को लेकर जौनपुर जिले का सम्मेलन आयोजित किया गया। ग्रामसभा मड़ैया महरुपुर स्थित मेला परिसर में आयोजित यह सम्मेलन



सकुशल संपन्न हुआ। कार्यक्रम में करीब चार हजार लोगों की उपस्थिति रही, जिसमें क्षत्रिय समाज के पुरुषों, क्षत्राणियों के साथ ही बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर प्रतिनिधित्व किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर ईश्वरदिन सिंह राठौड़ ने की। सम्मेलन का शुभारंभ नारी उत्कर्ष समिति की सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान समाज की एकजुटता, सामाजिक उत्थान और 13 राजवंशों के सर्वांगीण विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

सम्मेलन में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर शत्रुघ्न कुमार सिंह सोलंकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर प्रमोद सिंह सोलंकी, राष्ट्रीय सचिव डॉ. सीवी सिंह तोमर, राष्ट्रीय उप सचिव ठाकुर अरुण सिंह गहलोत तथा जौनपुर जिला मंडल अध्यक्ष ठाकुर अवध नारायण सिंह सोलंकी सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आयोजकों ने सम्मेलन को समाज की एकता, संगठनात्मक मजबूती और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता से आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

धूमिल की कविताएं समकालीन व्यवस्था पर करती हैं गहरा प्रहार : शिव कुमार पराग

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। हिंदी के जनकवि धूमिल की 90वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को उनके पैतृक गांव खेवली में साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कवियों और साहित्यकारों ने धूमिल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें जनसरोकारों का सजग प्रहरी बताया।



समारोह में 'आलोचना का लोकराग', प्रतिरोध की कविताएं व 'धूमिल के लोग' पुस्तक का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कवि एवं गजलकार शिव कुमार 'पराग' ने कहा कि धूमिल लोकतंत्र के बदलते समय के सजग प्रहरी थे। उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से एक नए लोकतंत्र की तलाश करते हुए आम जनमानस की आवाज को अभिव्यक्ति दी। धूमिल हिंदी के ऐसे पहले कवियों में रहे, जिन्होंने अपने नए काव्य मुहावरे गढ़े। हिंदी साहित्य में कबीर, निराला, मुक्तिबोध और धूमिल को एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देखा जा सकता है।

विशिष्ट अतिथि रामेश्वर त्रिपाठी ,प्रो0 कमलेश कुमार वर्मा ,सुरेश्वर त्रिपाठी ,अशोक कुमार श्रीवास्तव 'भुलक्कड़' ने कहा कि धूमिल की कविताओं में समय के अनुसार तेवर के साथ प्रेम भरी गुर्राहट देखने को मिलती है। जनकवि धूमिल के संपूर्ण व्यक्तित्व का मूलाधार उनके गांव खेवली की मिट्टी है। पांडेयपुर और खेवली एक ही पन्ने के दो पृष्ठ हैं। इन्हीं दोनों पृष्ठों पर धूमिल का संपूर्ण साहित्य खड़ा होकर तत्कालीन संसद से सवाल पूछता है। उनकी कविता में रोटी और संसद के मौन रहने का सवाल आज भी प्रासंगिक है।

मुख्य वक्ता आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा कि धूमिल की कविताएं समसामयिक व्यवस्था पर गहरा प्रहार करती हैं। वह व्यवस्था की नींव हिला देना चाहते थे। उनकी कविताओं में आदमी के खिलाफ आदमी के षड्यंत्र को बेबाकी से उजागर किया गया है। अन्य कवियों में दीपक कुमार शर्मा 'नवेंदु', गणेश सिंह 'प्रहरी', देवीशंकर सिंह , चंचल कुमार सिंह, सुनील कुमार सेठ, कालिनी जायसवाल ,आनन्द कृष्ण 'मासूम',आलोक कुमार सिंह 'बेताब', रामजतन 'सज्जन', प्रभाकर सिंह, अखलाक भारती ,चंद्रभूषण सिंह, विपिन कुमार ने कविता पाठ किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर त्रिपाठी ने की।जयंती समारोह में साहित्यकारों ,कवियों , रचनाकारों का धूमिल के ज्येष्ठ पुत्र रत्न शंकर पांडेय छोटे पुत्र आनन्द शंकर पांडेय व अशोक पांडेय ने धन्यवाद सहित स्वागत कर आभार प्रकट किया। संचालन प्रभाकर सिंह ने किया।

दीपावली की रात आग से बेटी की शादी का सामान राख

समाज जागरण

मीरजापुर / हलिया थाना क्षेत्र के दिघुली गांव में दीपावली की रात एक परिवार के लिए खुशियों का त्योहार मातम में बदल गया। त्रिवेणी कोल के घर में अचानक आग लगने से शादी के लिए जुटाकर रखे करीब डेढ़ लाख रुपये नकद समेत गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद परिवार के सामने बेटी की शादी को लेकर बड़ा संकट खड़ा हो गया है।



हलिया थाना क्षेत्र के दिघुली गांव निवासी त्रिवेणी कोल की बेटी की शादी एक माह बाद होनी तय थी। परिवार बेटी की शादी की तैयारियों में जुटा था और पाई-पाई जोड़कर नकदी तथा जरूरी सामान इकट्ठा कर रहा था। पीड़ित त्रिवेणी कोल ने बताया कि 8 नवंबर की दीपावली की रात घर में दीपक जलाया गया था। इसी दौरान किसी कारणवश दीपक गिर गया और उससे निकली चिंगारी ने देखते ही देखते आग का विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों ने घर में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। परिवार के लोगों ने स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी, लेकिन तब तक घर में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये नकद, बेटी की शादी के लिए जुटाया गया सामान और गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो चुका था।

पीड़ित त्रिवेणी कोल ने बताया कि बेटी की शादी के लिए बड़ी मेहनत से एक-एक रुपये जोड़कर नकदी और सामान इकट्ठा किया था, लेकिन आग ने पलभर में उनकी वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया।वहीं, ग्राम पंचायत दिघुली के पूर्व प्रधान राजेश कुमार मिश्र ने उपजिलाधिकारी लालगंज को घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित परिवार के नुकसान का आकलन कराने और शासन-प्रशासन से उचित आर्थिक मुआवजा दिलाने की मांग की है।

दीपावली की खुशियों के बीच इस हादसे ने परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है। अब पीड़ित परिवार को प्रशासन से मदद की उम्मीद है।

कानपुर में मां ने रोका था जुआं मत खेलना, फिर भी खेला, हारा तो फंदे पर लटक गया

समाज जागरण सुनील बाजपेई

कानपुर। उसे मां ने बहुत समझाया था कि दीपावली पर जुआ मत खेलना लेकिन इसके बाद भी वह नहीं माना और काफी पैसा जुएं में हार गया,और फिर इसी गम में उसने फांसी लगाकर जान दे दी।

यह घटना यहां गुजैनी थाना क्षेत्र के बर्रा-8 में हुई। बताते हैं की मां द्वारा लगातार रोकने के बाद भी वह दीपावली के चलते पिछले दो दिनों से जुआ खेल रहा था। इस दौरान वह काफी रुपये हार गया था।

पिता के मुताबिक, जुए में पैसे हारने के बाद से ही बेटा तनाव में था। बीती देर रात वह घर लौटा और बिना किसी से बात किए सीधे ऊपर बने अपने कमरे में चला गया। और आज जब मंगलवार तड़के कमरे से खटपट की आवाज आने पर परिजन ऊपर पहुंचे और खिड़की से झांककर देखा तो युवक का शव दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक रहा था।

घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक गुजैनी थाना क्षेत्र के बर्रा-8 निवासी उदयनारायण शर्मा होमगार्ड हैं। वर्तमान में उनकी तैनाती जिलाधिकारी कार्यालय में है। परिवार में पत्नी चुन्नी देवी, बड़ा बेटा मनोज शर्मा (33), छोटा बेटा अनुज और एक बेटी है। बेटी बैंक की तैयारी कर रही है। मनोज पेशे से ड्राइवर था और किराये पर गाड़ी चलाता था। उसकी शादी विनीता से हुई थी। पिता उदयनारायण शर्मा ने बताया कि मनोज शराब पीने का आदी था। दीपावली के चलते वह पिछले दो दिनों से जुआ खेल रहा था। इस दौरान वह काफी रुपये हार गया था। जुए में पैसे हारने के बाद से ही वह परेशान और तनाव में रहने लगा था। फिलहाल पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वही परिवार में कोहराम बचा हुआ है।

आर्थिक तंगी नहीं बनेगी सपनों की राह में रोड़ा, अभ्युदय योजना से युवाओं को मिल रहा सफलता का मंच

- योगी सरकार की पहल से हजारों युवाओं को मुफ्त कोचिंग और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन
- प्रदेश के 157 केंद्रों पर 19,856 अभ्यर्थी कर रहे तैयारी, यूपीएससी से लेकर नीट-जेईई तक की पढ़ाई
- कानपुर के तीन केंद्रों से 15 अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हो चुका चयन

समाज जागरण

लखनऊ, 10 नवंबर। आर्थिक अभाव अब प्रतिभाशाली युवाओं के सपनों की उड़ान में बाधा नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर उपलब्ध करा रही है। समाज कल्याण विभाग की इस योजना के तहत प्रदेश के 157 केंद्रों पर 19,856 अभ्यर्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। निजी कोचिंग की महंगी फीस से राहत देते हुए सरकार युवाओं को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है।

यूपीएससी से लेकर नीट-जेईई तक की तैयारी का मिल रहा अवसर

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत युवाओं को यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट, जेईई और एसएससी समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में विषयवार पढ़ाई और परीक्षा के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे उन मेधावी विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिल रहा है, जो प्रतिभा और मेहनत के बावजूद आर्थिक कारणों से निजी कोचिंग संस्थानों तक नहीं पहुंच पाते थे।

सफलता की कहानियां बनने लगीं मिसाल

योजना के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। कानपुर में संचालित तीन अभ्युदय केंद्रों से अब तक 15 अभ्यर्थियों का जेईई मेंस, यूपीपीसीएस लेक्चरर और जूनियर असिस्टेंट समेत विभिन्न परीक्षाओं में चयन हो चुका है। यह सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े लक्ष्य हासिल करने का सपना देखते हैं। योजना के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को अपनी प्रतिभा साबित करने के लिए बेहतर मंच मिल रहा है।

आर्थिक रूप से कमजोर मेधावियों को आगे बढ़ाना लक्ष्य

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। सरकार का प्रयास है कि कोई भी युवा केवल आर्थिक अभाव के कारण अपने लक्ष्य से पीछे न रह जाए। योगी सरकार की इस पहल के जरिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को अधिक सुलभ बनाने और युवाओं को आत्मनिर्भर भविष्य की ओर आगे बढ़ने का अवसर देने पर जोर दिया जा रहा है।

आर्थिक तंगी नहीं बनेगी सपनों की राह में रोड़ा, अभ्युदय योजना से युवाओं को मिल रहा सफलता का मंच

- योगी सरकार की पहल से हजारों युवाओं को मुफ्त कोचिंग और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन
- प्रदेश के 157 केंद्रों पर 19,856 अभ्यर्थी कर रहे तैयारी, यूपीएससी से लेकर नीट-जेईई तक की पढ़ाई
- कानपुर के तीन केंद्रों से 15 अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हो चुका चयन

समाज जागरण

लखनऊ, 10 नवंबर। आर्थिक अभाव अब प्रतिभाशाली युवाओं के सपनों की उड़ान में बाधा नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर उपलब्ध करा रही है। समाज कल्याण विभाग की इस योजना के तहत प्रदेश के 157 केंद्रों पर 19,856 अभ्यर्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। निजी कोचिंग की महंगी फीस से राहत देते हुए सरकार युवाओं को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है।

यूपीएससी से लेकर नीट-जेईई तक की तैयारी का मिल रहा अवसर

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत युवाओं को यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट, जेईई और एसएससी समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में विषयवार पढ़ाई और परीक्षा के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे उन मेधावी विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिल रहा है, जो प्रतिभा और मेहनत के बावजूद आर्थिक कारणों से निजी कोचिंग संस्थानों तक नहीं पहुंच पाते थे।

सफलता की कहानियां बनने लगीं मिसाल

योजना के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। कानपुर में संचालित तीन अभ्युदय केंद्रों से अब तक 15 अभ्यर्थियों का जेईई मेंस, यूपीपीसीएस लेक्चरर और जूनियर असिस्टेंट समेत विभिन्न परीक्षाओं में चयन हो चुका है। यह सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े लक्ष्य हासिल करने का सपना देखते हैं। योजना के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को अपनी प्रतिभा साबित करने के लिए बेहतर मंच मिल रहा है।

आर्थिक रूप से कमजोर मेधावियों को आगे बढ़ाना लक्ष्य

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। सरकार का प्रयास है कि कोई भी युवा केवल आर्थिक अभाव के कारण अपने लक्ष्य से पीछे न रह जाए। योगी सरकार की इस पहल के जरिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को अधिक सुलभ बनाने और युवाओं को आत्मनिर्भर भविष्य की ओर आगे बढ़ने का अवसर देने पर जोर दिया जा रहा है।

छठ पूजा पर एक्सप्रेसवे पर बढ़ेगा यातायात का दबाव, यात्रियों की सुविधा के लिए यूपीडा ने किए विशेष इंतजाम

समाज जागरण

लखनऊ, 10 नवंबर। त्योहारों का उत्साह, अपनों से मिलने की उमंग और घर पहुंचने की खुशी के बीच प्रत्येक यात्री की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर उत्तर प्रदेश के एक्सप्रेसवे पर बढ़ने वाले यातायात के दबाव को देखते हुए योगी सरकार ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेशों एवं मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा सभी संबंधित एक्सप्रेसवे पर अतिरिक्त संसाधनों के साथ पूरी क्षमता से व्यवस्थाओं का संचालन किया जा रहा है। यातायात के सुचारु संचालन, सड़क सुरक्षा और यात्रियों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश निरस्त

त्योहारों के दौरान संभावित यातायात दबाव को देखते हुए सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। समस्त स्टाफ यात्रियों की सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर मुस्तैद रहेगा।

अनावश्यक जल्दबाजी न करें, धैर्य बनाए रखें

यूपीडा ने वाहन चालकों से अपील की है कि त्योहारों के दौरान एक्सप्रेसवे पर वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण कुछ स्थानों पर अतिरिक्त प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। ऐसे में अनावश्यक जल्दबाजी न करें, धैर्य बनाए रखें और यातायात नियमों का पालन करते हुए व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग दें। योगी सरकार का संकल्प है कि त्योहारों की खुशियां हर परिवार तक सुरक्षित पहुंचें। इसी प्रतिबद्धता के साथ यूपीडा यात्रियों के सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक आवागमन के लिए 247 निरंतर तत्पर है।

अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पहले विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को मजबूत करेगी योगी सरकार, प्रदेशभर में होंगी शिक्षक संकुल बैठकें

- शैक्षिक सत्र 2026-27 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों के दृष्टिगत 16 नवंबर को दोपहर 1 से 3 बजे तक होंगी बैठकें

- प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए अलग-अलग एजेंडा, शिक्षण के नवाचारों और सफल प्रयासों पर होगा मंथन

- निपुण लक्ष्य, पाठ्यक्रम की प्रगति, परीक्षा की तैयारी और विद्यार्थियों के होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड पर होगी चर्चा

- डिजिटल संसाधनों, यू-डायस प्लस, प्रेरणा पोर्टल और विद्यालयों में प्रार्थना सभा के प्रभावी संचालन की भी होगी समीक्षा

समाज जागरण

लखनऊ, 10 नवंबर। योगी सरकार परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बच्चों की शैक्षिक नींव मजबूत करने, कक्षा में सीखी गई प्रत्येक बात को उनके वास्तविक अधिगम में परिणत करने और अर्द्धवार्षिक परीक्षा में उनकी बेहतर तैयारी का परिणाम सामने लाने के उद्देश्य से 16 नवंबर को प्रदेशभर में शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा मोनिका रानी के निर्देशानुसार इन बैठकों के माध्यम से शिक्षकों के अनुभवों, नवाचारों और प्रभावी शिक्षण पद्धतियों को साझा करते हुए विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। शैक्षिक सत्र 2026-27 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के दृष्टिगत 16 नवंबर को अपराह्न 1 बजे से 3 बजे तक विद्यालय समयावधि में शिक्षक संकुल बैठकें आयोजित की जाएंगी। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए अलग-अलग एजेंडा निर्धारित किया गया है, ताकि दोनों स्तरों की शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुरूप विषयों पर चर्चा हो सके। निर्धारित एजेंडे के अनुरूप शैक्षिक गतिविधियों को आगे बढ़ाये जाने के भी निदेर्शा दिए गये हैं।

शिक्षण के नवाचारों और सफल प्रयासों को मिलेगा साझा मंच

बैठकों में शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रयासों, नवाचारों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े अनुभव साझा किए जाएंगे। क्रियाशील बालवाटिका के लिए अभिनव प्रयासों, विद्यार्थियों में उच्च स्तरीय चिंतन कौशल (HOTS), समस्या समाधान और आलोचनात्मक सोच विकसित करने पर विशेष चर्चा होगी। प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (PBL), पीयर लर्निंग और समूह आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में सीखने की रुचि तथा सहभागिता बढ़ाने के उपायों पर भी मंथन किया जाएगा। डिजिटल संसाधनों के माध्यम से शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के प्रयासों को भी साझा किया जाएगा।

अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी और पाठ्यक्रम की समीक्षा

17 से 21 नवंबर तक प्रस्तावित अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर शिक्षकों के साथ पाठ्यक्रम की प्रगति और पूर्णता की समीक्षा की जाएगी। परीक्षा से पहले महत्वपूर्ण बिंदुओं की पहचान, विद्यार्थियों की तैयारी, प्रश्नों के अभ्यास और पाठ्यक्रम के पुनरावर्तन पर चर्चा होगी। निर्धारित पाठ्यक्रम को समय से पूरा करने के लिए प्रभावी रणनीतियों, कार्ययोजना और शिक्षण विधियों पर भी विचार किया जाएगा। इसके साथ ही प्रथम यूनिट टेस्ट के बाद प्रत्येक विद्यार्थी के होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (HPC) भरने और अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद उसमें निर्धारित प्रविष्टियों को अद्यतन करने पर जोर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति और उनके समग्र विकास से संबंधित विवरण को व्यवस्थित रूप से दर्ज करना है।

निपुण लक्ष्य और डिजिटल आंकड़ों पर भी रहेगा फोकस

बैठकों में निपुण लक्ष्य ऐप एवं निपुण तालिका के प्रभावी उपयोग पर चर्चा होगी। विद्यार्थियों के अधिगम स्तर के अनुरूप शिक्षण रणनीतियों का चयन और उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। शिक्षकों को अपने अनुभवों और सफल प्रयासों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे बेहतर शिक्षण पद्धतियों को अन्य विद्यालयों में भी अपनाया जा सके। इसके अतिरिक्त यू-डायस प्लस पोर्टल पर विद्यालय, विद्यार्थी एवं शिक्षक प्रोफाइल से संबंधित आंकड़ों के अद्यतन और इसमें आने वाली समस्याओं के समाधान पर चर्चा होगी। प्रेरणा पोर्टल पर विद्यालयों में आयोजित खेलकूद गतिविधियों से संबंधित आवश्यक सूचनाओं और विवरण को समयबद्ध एवं शुद्ध रूप से दर्ज करने की भी समीक्षा की जाएगी।

प्रार्थना सभा से लेकर शिक्षक संकल्प तक तय होगा एजेंडा

बैठकों में विद्यालयों की प्रार्थना सभा को भी एजेंडे में शामिल किया गया है। पूर्व में साझा की गई 13 प्रार्थनाओं एवं प्रेरणा गीतों के नियमित और क्रमवार आयोजन की व्यवस्था पर चर्चा होगी। सभी 13 प्रार्थनाओं एवं प्रेरणा गीतों का समूहवार रोटेशन सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। बैठक के अंतिम चरण में शिक्षकों की जिज्ञासाओं का समाधान, आगामी माह की शैक्षिक प्राथमिकताओं एवं कार्ययोजना का निर्धारण और 'आज क्या नया सीखा?' गतिविधि के माध्यम से अनुभव साझा किए जाएंगे। साथ ही प्रत्येक विद्यालय को निपुण विद्यालय अथवा ग्रेड-कम्पोजिट विद्यालय बनाने के संकल्प के साथ बैठक का समापन किया जाएगा।

विश्व के बड़े आयोजनों के लिए मिसाल बना अयोध्या दीपोत्सव 2026

समाज जागरण

अयोध्या/लखनऊ, 10 नवंबर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित दीपोत्सव-2026 ने एक बार फिर अयोध्या को वैश्विक सांस्कृतिक मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है। 36 लाख दीपों की अलौकिक आभा, 2100 ड्रोन के भव्य शो, देश-विदेश से आए कलाकारों की रामलीलाओं और लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने इस आयोजन को अभूतपूर्व बना दिया। दीपोत्सव की विशेषता केवल भव्यता और जनभागीदारी तक सीमित नहीं रही। इतने बड़े आयोजन के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और व्यवस्थाओं का जिस तरह समन्वय देखने को मिला, उसने अयोध्या को विश्व के बड़े आयोजनों के लिए एक आदर्श उदाहरण के रूप में स्थापित किया।

दीपोत्सव के दौरान सात दिनों में करीब 15 लाख पर्यटक रामनगरी पहुंचे। देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही विदेशों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। सरयू तट पर दीपों की जगमगाहट और आसमान में ड्रोन शो के अद्भुत नजारे ने लोगों को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा की भव्यता से परिचित कराया। आयोजन के बाद भी अयोध्या में श्रद्धालुओं का आगमन अभी जारी है।

पसान में जुए के फड़ पर पुलिस का छापा, शिक्षक और बैरा पंचायत का सरपंच भी गिरफ्तार! आदतन अपराधी अनुराग वर्मा उर्फ अनुराग मसीह समेत 13 पकड़े गए

समाज जागरण

कोरबा/पसान। पसान थाना क्षेत्र के ग्राम तेलियामार में संचालित जुए के फड़ पर पुलिस ने दबिश देकर 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एक शिक्षक और ग्राम पंचायत बैरा के सरपंच का नाम भी सामने आया है। वहीं गिरफ्तार आरोपियों में अनुराग वर्मा उर्फ अनुराग मसीह भी शामिल है, जिसे स्थानीय स्तर पर आदतन अपराधी बताया जा रहा है। एक साथ शिक्षक, पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधि और अन्य लोगों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। पुलिस के अनुसार, 9 नवंबर 2026 को ग्राम तेलियामार में जुआ खेले जाने की सूचना मिलने पर पसान पुलिस की टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी। अचानक हुई कार्रवाई से जुआ खेल रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके से कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया। जुए के फड़ पर शिक्षक और सरपंच की मौजूदगी ने खड़े किए सवाल इस पूरे मामले में सबसे अधिक चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि गिरफ्तार लोगों में एक शिक्षक और ग्राम पंचायत बैरा का सरपंच भी शामिल बताए जा रहे हैं। शिक्षा और पंचायत जैसे जिम्मेदार सार्वजनिक दायित्वों से जुड़े व्यक्तियों का जुए के मामले में पकड़ा जाना सामाजिक जिम्मेदारी और सार्वजनिक आचरण को लेकर सवाल खड़े करता है। हालांकि, संबंधित शिक्षक और सरपंच की पहचान, पदस्थापना तथा मामले में उनकी भूमिका की आधिकारिक पुष्टि पुलिस रिकॉर्ड से किया जाना आवश्यक है।

अनुराग वर्मा उर्फ अनुराग मसीह भी गिरफ्तार गिरफ्तार आरोपियों में अनुराग वर्मा उर्फ अनुराग मसीह का नाम भी शामिल है। उसे आदतन अपराधी बताए जाने को लेकर भी चर्चा है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि उसके विरुद्ध पूर्व में कितने आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं और पुलिस रिकॉर्ड में उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि क्या है। 32 हजार नकद, दो बाइक और पांच मोबाइल जब्त पुलिस की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, कार्रवाई में 52 पत्ती ताश, जुआ खेलने में लगाई गई 32 हजार रुपये की नकदी, एक लाल गमछा, दो मोटरसाइकिल और पांच मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। मोटर साइकिलों की अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये तथा मोबाइल की कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने कुल जब्ती की कीमत लगभग 1 लाख 83 हजार रुपये बताई है। 13 आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई गिरफ्तार आरोपियों में अनुराग वर्मा, शैलेंद्र जेम्स, कपिल सिंह, रवि ठाकुर, गजेंद्र यादव, सोनसाय, दशरथ खलखो, कैलाश कुंजूर, शौभमन, चन्द्रभान कौशिक, राजकुमार रजक, समार और सहदेव आमों शामिल हैं। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अब सवाल यह भी है कि क्या ग्राम तेलियामार में जुए का यह फड़ लंबे समय से संचालित हो रहा था? क्या इसकी जानकारी पहले भी पुलिस तक पहुंची थी? फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है।

बकहो में मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप, नगर परिषद अध्यक्ष के पति पर हमला; अमलाई थाने में FIR दर्ज

समाज जागरण

अमलाई/बकहो। शहडोल जिले के अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत बकहो में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। नगर परिषद बकहो की अध्यक्ष मौसमी केवट के पति विष्णु केवट पर कथित रूप से हमला किए जाने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। मामले में विष्णु केवट की शिकायत पर अमलाई पुलिस ने आरोपी कमलेश केवट के विरुद्ध एफआई आर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घर से निकलते ही रास्ते में घेरकर की मारपीट प्राप्त शिकायत के अनुसार, घटना 10 नवंबर 2026 की सुबह करीब 10:30 से 11 बजे के बीच की बताई जा रही है। विष्णु केवट (34 वर्ष), निवासी ग्राम बकहो वार्ड क्रमांक 1, अपने घर से निकलकर रामसेन कोल की दुकान के पास पहुंचे थे। इसी दौरान कथित रूप से कमलेश केवट ने उन्हें रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने रेत का कारोबार करने की बात कहते हुए किसी के कुछ नहीं बिगाड़ पाने की धमकी दी। इसके बाद विष्णु केवट का कॉलर पकड़कर थप्पड़ और घूंसों से मारपीट की गई। आरोप है कि आरोपी ने पास में पड़ा भारी पत्थर उठाकर हमला करने का प्रयास भी किया। मौके पर मौजूद रामानंद नापित और डोमन नापित ने बीच-बचाव कर स्थिति संभाली। अमलाई थाने में FIR दर्ज मामले में अमलाई थाने में एफआईआर क्रमांक 0332/2026 दिनांक 10 नवंबर 2026 को दोपहर 12:33 बजे दर्ज की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(a), 115(2) एवं 351(3) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। मामले की विवेचना सहायक उप निरीक्षक शिवनारायण प्रजापति द्वारा की जा रही है। अवैध रेत उत्खनन और दबंगई को लेकर भी उठ रहे सवाल स्थानीय स्तर पर बकहो और साबो नदी क्षेत्र में कथित अवैध रेत उत्खनन एवं इससे जुड़े विवादों को लेकर पहले भी शिकायतें किए जाने की बात कही जा रही है। अब नगर परिषद अध्यक्ष के परिवार से जुड़े व्यक्ति के साथ हुई इस घटना ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आरोपी की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं न्यायप्रिय नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक और जिला प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच तथा क्षेत्र में कथित अवैध रेत उत्खनन पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने के आरोपों की भी जांच कराने की मांग उठाई गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही घटना के सभी पहलुओं और आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

किशोरी का अपहरण कर पोक्सो बलात्कार का आरोपी विक्रम कोर्ट से बरी।।

अधिवक्ता साहनी ने किया था पैरवी।

समाज जागरण

बुढ़ार/शहडोल। नाबालिग किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में विचाराधीन बुढ़ार निवासी विक्रम कॉल उर्फ बिल्ला को जिला एवं सत्र न्यायाधीश बुढ़ार सुशील अग्रवाल की अदालत ने 2 नवंबर को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। आरोपी की ओर से विधिक सेवा के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद साहनी ने पैरवी की, जबकि शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता आलोक राय ने पक्ष रखा। पुलिस के अनुसार, 16 दिसंबर 2025 को किशोरी की मां ने बुढ़ार थाने में उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में पुलिस ने किशोरी को छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ से आरोपी के साथ बरामद किया था। इसके बाद अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था।

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने चिकित्सक, पुलिसकर्मियों सहित करीब 20 गवाह पेश किए। बचाव पक्ष ने किशोरी की उम्र के प्रमाण, गवाहों के बयानों में विरोधाभास और पुलिस जांच की कमियों को अदालत के समक्ष रखा। अधिवक्ता साहनी की दलीलों और प्रस्तुत साक्ष्यों पर विचार करने के बाद अदालत ने आरोपी को दोषमुक्त कर दिया। फैसले के बाद अधिवक्ता साहनी को उनके साथी अधिवक्ताओं ने बधाई दी।

क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है? सोन नदी के नवनिर्मित पुल पर मंडरा रहा हादसे का खतरा

श्यामडीह के पास पुल पर आवागमन शुरू, लेकिन दोनों ओर सुरक्षा व्यवस्था नदारद; वाहनों को साइड देने में जरा सी चूक बन सकती है जानलेवा, हादसे से पहले जागें जिम्मेदार

समाज जागरण

शहडोल। जिले के श्यामडीह के पास सोन नदी पर बने नवनिर्मित पुल पर आवागमन शुरू हो चुका है, लेकिन पुल के दोनों ओर की स्थिति राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरे का संकेत दे रही है। पुल तैयार होने के बाद लोगों ने राहत की सांस जरूर ली है, लेकिन सुरक्षा के जरूरी इंतजामों के अभाव में यह सुविधा कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन और संबंधित विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं? स्थानीय स्तर पर सामने आई स्थिति के अनुसार पुल के दोनों तरफ के किनारों पर सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त दिखाई नहीं दे रही है। यदि कोई वाहन असंतुलित होकर दाएं या बाएं किनारे से नीचे उतर जाए, तो वाहन सवारों की जान पर बन सकती है। इतना ही नहीं, जब पुल से एक साथ दो वाहन गुजरते हैं और एक-दूसरे को रास्ता देने की स्थिति बनती है, तब जरा सी चूक भी गंभीर दुर्घटना का रूप ले सकती है। आवागमन शुरू, लेकिन सुरक्षा इंतजामों पर सवाल नवनिर्मित पुल का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। लेकिन पुल पर यातायात शुरू होने के बाद यदि दोनों ओर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं हैं, तो निर्माण की उपयोगिता पर भी सवाल खड़े होते हैं। वाहन चालकों को पुल पार करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ रही है। विशेषकर भारी



वाहनों और दोपहिया चालकों के लिए किनारों की स्थिति चिंता का विषय बन सकती है। जरा सी चूक और हो सकता है बड़ा हादसा पुल पर दो वाहनों के आमने-सामने आने अथवा एक-दूसरे को साइड देने के दौरान यदि किसी वाहन का पहिया किनारे से नीचे उतरता है, तो स्थिति बेहद गंभीर हो सकती है। सोन नदी पर बने इस पुल की ऊंचाई और आसपास की परिस्थितियों को देखते हुए सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी भारी पड़ सकती है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों की मांग है कि पुल के दोनों ओर मजबूत रेलिंग, क्रैश बैरियर अथवा तकनीकी रूप से उपयुक्त सुरक्षा अवरोध लगाए जाएं। साथ ही जहां आवश्यक हो, वहां संकेतक और रिफ्लेक्टर भी लगाए जाएं, ताकि रात के समय वाहन चालकों को पुल के किनारों का स्पष्ट अंदाजा हो सके। हादसे के बाद जागेगा प्रशासन? सबसे बड़ा सवाल जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और संबंधित निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी को लेकर है। जब पुल पर आवागमन शुरू हो चुका है, तो क्या सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई? क्या पुल का निर्माण करने वाली एजेंसी ने दोनों ओर के सुरक्षा इंतजामों को पूर्ण कर लिया है? यदि नहीं, तो यातायात शुरू करने की अनुमति किस आधार पर दी गई? प्रशासन को किसी अप्रिय घटना के बाद कार्रवाई करने के बजाय अभी से गंभीरता दिखानी चाहिए। पुल का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराया जाए और कमियों को दूर किया जाए। किसी की जान जाने के बाद जांच और मुआवजे की घोषणा करने से बेहतर है कि समय रहते सुरक्षा के इंतजाम कर दिए जाएं। आखिर प्रशासन कब जागेगा—हादसे से पहले या किसी की जिंदगी खत्म होने के बाद?

बकहो में 15 हजार की आबादी पर महज एक राशन दुकान, गरीबों की बढ़ी परेशानी

3500 से 3600 राशन कार्डधारक निर्भर, रावल मार्केट और इंदिरा नगर की बंद दुकानों को दोबारा शुरू करने की मांग

दैनिक समाज जागरण।

शहडोल/बकहो। नगर परिषद बकहो में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। करीब 15 हजार की आबादी वाले नगर में वर्तमान में महज एक उचित मूल्य की दुकान संचालित होने से 3500 से 3600 राशन कार्डधारकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कई वार्डों के हितग्राहियों को राशन लेने के लिए तीन से चार किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

स्थानीय जानकारी के अनुसार पहले रावल मार्केट और इंदिरा नगर में भी उचित मूल्य की दुकानें संचालित थीं, लेकिन कुछ वर्षों पहले इनके बंद होने के बाद राशन वितरण का जिम्मा मंगली बाजार के पास स्थित एक दुकान पर आ गया। इससे बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगों और मजदूर परिवारों को विशेष परेशानी हो रही है। स्थानीय स्तर पर राशन वितरण में अनियमितता और कालाबाजारी की आशंकाएं भी जताई जा रही हैं, हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

ऐसे में खाद्य विभाग से स्टॉक रजिस्टर, आवंटन और ई-पॉस मशीन के रिकॉर्ड की जांच कराने की मांग उठ रही है। हितग्राहियों ने जिला प्रशासन से रावल मार्केट और इंदिरा नगर की बंद दुकानों को दोबारा शुरू कराने तथा अतिरिक्त राशन दुकानों की व्यवस्था करने की मांग की है। अब देखना होगा कि प्रशासन गरीबों की इस समस्या पर कब संज्ञान लेता है।

घोटालेबाज को बचाने फोर्स क्लोज का शॉर्टकट

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन बनी अधिकारियों के हाथ का खिलौना

शिकायत क्र. 31801815 - 19 से WIP में लंबित

समाज जागरण

उमरिया --- मुख्यमंत्री जन समाधान योजना की शुरूआत के पीछे मंशा थी कि पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित निराकरण होगा, लेकिन सीएम हेल्पलाइन 181 अब जनता की समस्याओं के समाधान का नहीं बल्कि घोटालेबाजों को बचाने का हथियार बन गई है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण है पाली जनपद की शिकायत क्रमांक 31801815 जो 10 अप्रैल 2025 से यानी पिछले 19 महीनों से WIP में लंबित है और आज तक उसमें कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं हुई। मामला ग्राम पंचायत बेली का है जहां गंगा जल संवर्धन योजना के तहत तालाब जीर्णोद्धार के लिए 7.15 लाख स्वीकृत हुए थे जिसे तत्कालीन सचिव महावीर सिंह ने बिना एक फावड़ा चलाए आहरित कर लिया, जिसकी शिकायत जनसुनवाई में एसडीएम पाली के यहां हुई तो सीईओ पाली ने जांच कमेटी बनाई, जांच में खुद पाया गया कि तालाब में काम ही नहीं हुआ, सचिव ने दस्तावेज तक उपलब्ध नहीं कराए और 1.49 लाख का गबन साबित हुआ, इसके बाद सीईओ पाली ने वैधानिक कार्रवाई के लिए पूरा प्रतिवेदन जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया को भेज दिया लेकिन जिला पंचायत में फाइल 19 महीने से धूल खा रही है क्योंकि गबनकर्ता सचिव आवास घोटाले में भी दोषी है, उस पर न्यायालय में केस विचाराधीन है फिर भी उसे अभयदान दिया जा रहा है। अब इस गबन को दबाने के लिए नया हथकंडा अपनाया गया है, 9 नवंबर 2026 को मुख्यमंत्री जन समाधान में दर्ज टिप्पणी में लिख दिया गया कि सहायक यंत्री से काम संतुष्टिपूर्ण बताया गया है और अब कोई कार्रवाई शेष नहीं, साथ ही आरोपी सचिव के एक बयान के आधार पर शिकायतकर्ता को ही वसूलीबाज बताकर शिकायत को फोर्स क्लोज करने की अनुशंसा कर दी गई। सवाल सीधा है जब गबन खुद जांच में साबित है, दस्तावेज सचिव ने नहीं दिए, सीईओ पाली खुद कार्रवाई के लिए लिख चुके हैं तो शिकायत झूठी कैसे हो गई और यदि शिकायतकर्ता वसूली करता है तो उसका क्या सबूत है, बिना ऑडियो-वीडियो के किसी की छवि खराब कर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन को मजाक बनाना कहीं पूरे भ्रष्टाचार को संरक्षण देने की साजिश तो नहीं, शिकायत के बाद भी घोटालेबाजों को इस तरह बचाना वरिष्ठ अधिकारियों का भी बहती गंगा में हाथ धोने की ओर इशारा करता है। जो मुख्यमंत्री हेल्पलाइन जनता के विश्वास के लिए, उनकी समस्याओं के त्वरित कार्रवाई के लिए बनाई गई थी, उस पर डेढ़ साल बाद फोर्स क्लोज की अनुशंसा किया जाना इस बात की साक्षी है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन भी अब अधिकारियों के हाथ का खिलौना बनकर रह गई है, तभी तो बेली के तालाब तो सूखे ही हैं अब ग्रामीण विकास विभाग भी इन्हीं घोटालेबाजों के चंगुल में सूख रहा है, इस पर गंभीर चिंतन नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से भी आम नागरिकों का विश्वास कांच की चूड़ियों की भांति टूट जाएगा।

सिंहपुर पुलिस की गांजा तस्करी पर कार्रवाई, 320 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

बोडरी गांव के शासकीय हाई स्कूल के पीछे दबिश देकर पकड़ा आरोपी, मोबाइल सहित 15 हजार रुपये का मशरूका जब्त; एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

समाज जागरण विजय तिवारी

शहडोल। जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए शहडोल पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत सिंहपुर पुलिस ने गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 9 नवंबर 2026 को थाना सिंहपुर पुलिस टीम ने ग्राम बोडरी स्थित शासकीय हाई स्कूल के पीछे एक संदेही को पकड़ा।

पूछताछ में उसने अपना नाम रामनारायण पटेल उर्फ टीकाराम पटेल (37 वर्ष), पिता सुरितराम पटेल, निवासी जमुनिया टोला, ग्राम बोडरी, थाना सिंहपुर, जिला शहडोल बताया। पुलिस द्वारा नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 320 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। गांजा रखने एवं परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर आरोपी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने गांजा और एक टच स्क्रीन मोबाइल फोन सहित कुल करीब 15 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया। आरोपी का कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने पर उसके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिंहपुर निरीक्षक सत्येन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी के नेतृत्व में उप निरीक्षक शुभवंत चतुर्वेदी, सहायक उप निरीक्षक शेषमणि मार्को, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र पाण्डेय, मनोज शुक्ला, संतोष कुमार बुनकर, आरक्षक विकास, भागीरथ जाटव एवं महिला आरक्षक खुशबू कौशले की सराहनीय भूमिका रही।

संभाग के जुआरियों के लिए बड़ी तुम्मी का जंगल बना वरदान

लाखों के लग रहे दांव

समाज जागरण जितेंद्र शर्मा

शहडोल --- शहडोल संभाग के जुआरियों के लिए अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ तहसील का दूरवर्ती गांव बड़ी तुम्मी किसी ऐशगाह से कम नहीं बना है। संभाग के तीनों जिलों अनूपपुर, शहडोल और उमरिया की सीमा रेखा पर स्थित होने का पूरा फायदा जुआ प्रेमियों ने उठाया है और पुलिस की पहुंच से दूर घने जंगलों के बीच लाखों के दांव लग रहे हैं। बताया जाता है कि बड़ी तुम्मी का यह जंगल भौगोलिक रूप से ऐसा है कि तीनों जिलों की पुलिस एक-दूसरे की सीमा का हवाला देकर कार्रवाई से बचती है और इसी का लाभ उठाकर जुआरियों ने इसे अपना स्थायी अड्डा बना लिया है। संभाग भर के बड़े खिलाड़ी घुनघुटी, अनूपपुर, अमलाई, बुढार, शहडोल, नौरोजाबाद, पाली आदि जगहों से चार पहिया वाहनों में भरकर बड़ी तुम्मी के जंगलों में पहुंचते हैं, जहां दिन-दहाड़े से लेकर देर रात तक जुए की फड़ सजती है। सूत्रों की मानें तो इस जुए के अड्डे पर लाखों रुपये का लेन-देन होता है, शराब और खाने-पीने का इंतजाम जंगल में ही किया जाता है, और हार-जीत के बाद विवाद भी आम हैं, लेकिन पुलिस की नजर इस तरफ नहीं पड़ रही। स्थानीय ग्रामीणों में इस अड्डे को लेकर दहशत है, ग्रामीण बताते हैं कि बाहरी लोगों के आने-जाने से गांव का माहौल खराब हो रहा है, लेकिन शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती। सवाल यह है कि जब संभाग के तीनों जिलों की पुलिस को इस जुए के अड्डे की जानकारी है तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही, क्या बड़ी तुम्मी का जंगल वाकई पुलिस की पहुंच से दूर है या फिर मोटी रकम की बंदी ने पुलिस की आंखों पर पट्टी बांध दी है। अब देखना है कि संभागीय पुलिस इस हाई-प्रोफाइल जुए के अड्डे पर कब छापा मारती है या फिर यह अड्डा यूं ही फलता-फूलता रहेगा।

जन्मदिन पर नगर पालिका अध्यक्ष ने वृद्धाश्रम में बांटी खुशियां, बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

समाज जागरण



अनूपपुर। मानवीय भावना को आत्मसात करते हुए नगर पालिका परिषद बिजुरी की अध्यक्ष सहबीन पनिका ने सेवा, सहयोग और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाकर एक सराहनीय पहल की। नगर पालिका अध्यक्ष ने उपाध्यक्ष पार्षद एवं अपने सहयोगियों के साथ मनेंद्रगढ़ वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवासरत बुजुर्गों के साथ जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात की। सदस्यों ने बुजुर्गों का हालचाल जाना, उनके साथ कुछ समय बिताया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। दीपावली के पावन अवसर पर अपनों जैसा स्नेह और अपनापन पाकर बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। चेहरों पर मुस्कान लाने का यह प्रयास सभी के लिए भावुक एवं यादगार पल बन गया। सामाजिक सरोकारों में निरंतर सक्रिय है नगर पालिका अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष की इस पहल ने एक बार फिर समाज में सेवा, सहयोग, सम्मान और मानवीय संवेदनाओं का संदेश दिया है।प्रयास है कि त्योहारों की खुशियां समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति अपने आपको अकेला या उपेक्षित महसूस न करे। इस तरह के प्रयास समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि उन्हें भविष्य में भी इसी तरह जरूरतमंदों की सेवा करने, बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त करने और समाज के वंचित वर्गों के जीवन में खुशियां बांटने का अवसर मिलता रहे।

बड़ी तुम्मी से पिकनिक मनाकर लौट रहे युवकों की कार पेड़ से टकराकर पलटी

18 वर्षीय रोहन यादव की मौत, आधा दर्जन घायल

समाज जागरण

उमरिया --- शहडोल से बड़ी तुमी पिकनिक मनाने गए युवकों की खुशियां लौटते वक्त मातम में बदल गईं, पाली थाना अंतर्गत घुनघुटी चौकी क्षेत्र में सोमवार रात करीब 9 बजे कार क्रमांक टढ18ए 9076 अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। कार में 6 से 7 युवक सवार थे जो पिकनिक के बाद शहडोल लौट रहे थे, तभी शुभम ढाबा से एक किमी आगे अंधा



मोड़ पर कार बेकाबू हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जोरदार टकराने के बाद पलट गई, हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। घुनघुटी चौकी प्रभारी शैलेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि हादसे में 18 वर्षीय रोहन यादव की शहडोल अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि संजय केवट की हालत गंभीर बनी हुई है, अन्य घायल युवकों को श्रीराम हॉस्पिटल शहडोल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। सूचना पर घुनघुटी पुलिस मौके पर पहुंची, राहत कार्य कर वैधानिक कार्रवाई शुरू की है, हंसी-खुशी से शुरू हुआ पिकनिक का सफर चीख में बदल गया और 18 साल के रोहन की असमय मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। दीपावली खुशी का यह पर्व परिवार जनों को सदा के लिए मातम में बदल कर चला गया।

हिंदू-मुस्लिम एकता मंच ने मिठाई एवं दीपावली सामग्री वितरित कर दिया एकता और भाईचारे का संदेश

समाज जागरण

दीपावली के पावन पर्व पर हिंदू-मुस्लिम एकता मंच द्वारा आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए लोगों को मिठाई एवं दीपावली की सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर हिन्दू मुस्लिम एकता मंच के सदस्यों ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। हिंदू मुस्लिम एकता मंच के संस्थापक मो. असलम शेर ने कहा कि भारत की खूबसूरती यहां की गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे में है। सभी धर्मों के त्योहार मिल-जुलकर मनाने से समाज में प्रेम और एकता मजबूत होती है। इस पहल के माध्यम से हिंदू-मुस्लिम एकता मंच ने समाज को संदेश दिया कि त्योहार किसी एक धर्म के नहीं, बल्कि खुशियां बांटने और आपसी रिश्तों को मजबूत करने का अवसर होते हैं। हिंदू मुस्लिम



एकता मंच की इस सराहनीय पहल की लोगों ने प्रशंसा की। इस कार्यक्रम ने आपसी सद्भाव और सामाजिक एकता की खूबसूरत तस्वीर पेश की। हिंदू-मुस्लिम एकता मंच के संयोजक ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, प्रकाश, खुशियों और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य समाज में हिंदू-मुस्लिम एकता, सद्भाव और आपसी विश्वास को मजबूत करना है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए हिंदू-मुस्लिम एकता मंच द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर मिठाई एवं दीपावली की सामग्री वितरित की गई, ताकि हर चेहरे पर मुस्कान आए और हर घर में खुशियां पहुंचे। उन्होंने सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा पैगाम है—मजहब अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन इंसानियत, मोहब्बत और भाईचारा सबसे बड़ा धर्म है। अंत में हिंदू मुस्लिम एकता मंच ने सभी से अपील की कि आपसी नफरत को मिटाकर प्रेम और एकता के दीप जलाएं तथा देश की गंगा-जमुनी तहजीब को हमेशा कायम रखें। इस अवसर पर उपस्थित मनोज सिंह, हनीफ अहमद खांन अलोक पांडेय कासिम खांन मो.मोसिम रोहित अनुज वर्मा सुमित साहू आदि हिंदू मुस्लिम एकता मंच के पाधिकारी व सदस्य मौजूद रहें

समाज जागरण

सत्य • संवेदना • समाज • सरोकार

सभी देशवासियों को

समाज जागरण परिवार की ओर से

भैयादूज की

हार्दिक शुभकामनाएँ



भैयादूज का यह पावन पर्व
भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास,
स्नेह और आपसी रिश्तों की
मजबूती का प्रतीक है।

यह पर्व आपके जीवन में
सुख, समृद्धि, सौभाग्य और
असीम खुशियों लेकर आए,
यही हमारी हार्दिक कामना है।

— शुभकामनाओं सहित —

समाज जागरण परिवार

शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, हजारों की संपत्ति जलकर राख; ग्रामीणों और दमकल कर्मियों ने पाया काबू

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



टेढ़ागाछ। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झुनकी मुशहरा पंचायत के वार्ड संख्या दो में मंगलवार दोपहर करीब दो बजे शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग मध्य विद्यालय के समीप लगी, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेजी से फैलने लगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। इसके बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग की भयावहता को देखते हुए बड़ी संख्या में ग्रामीण भी बचाव कार्य में जुट गए। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के संयुक्त प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

स्थानीय ग्रामीण अब्दुल मोबिन एवं जमाहिर आलम ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। इस अगलगी में हजारों रुपये की संपत्ति के नुकसान की बात सामने आई है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास के अन्य घरों और संपत्तियों को भी नुकसान पहुंच सकता था।

घटना के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र में बिजली के तारों और विद्युत व्यवस्था की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। उनका कहना है कि कई जगहों पर बांस-बल्लियों के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बिजली के तारों और कनेक्शनों की नियमित जांच कराने की मांग की है।

इस संबंध में जूनियर इंजीनियर सीताराम प्रजापति ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। एहतियात के तौर पर फिलहाल संबंधित स्थान की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है।

छठ घाटों का अधिकारियों ने किया संयुक्त निरीक्षण, व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का दिया निर्देश

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



टेढ़ागाछ। छठ महापर्व को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का अधिकारियों ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार, अंचलाधिकारी शशि कुमार एवं थानाध्यक्ष दिलशाद खान ने घाटों पर पहुंचकर साफ-सफाई, सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों की स्थिति का अवलोकन करते हुए छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का आकलन किया। उन्होंने अर्घ्य अर्पित करने के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

अधिकारियों ने छठ घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षित आवागमन और सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने पर बल दिया। प्रशासन के संयुक्त निरीक्षण से छठ महापर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों को गति मिलने की उम्मीद है।

किशनगंज के 1.58 लाख पेंशन लाभुकों के खाते में 17.45 करोड़ रुपये हस्तांतरित

अब प्रत्येक माह की 10 तारीख को डीबीटी के माध्यम से मिलेगी पेंशन राशि

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।

किशनगंज। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत जिले के 1,58,710 लाभुकों के बैंक खातों में अक्टूबर 2026 की पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। बिहार सरकार की ओर से प्रत्येक लाभुक को 1,100 रुपये की दर से कुल 17 करोड़ 45 लाख 81 हजार रुपये भेजे गए। राज्यभर में इस योजना के तहत 1 करोड़ 9 लाख 62 हजार 859 लाभुकों के खातों में कुल 12,05,91,44,900 रुपये की राशि अंतरित की गई।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेंशन राशि अंतरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। किशनगंज में इसका मुख्य कार्यक्रम समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में हुआ। कार्यक्रम में वरीय उप समाहर्ता सह सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि अब प्रत्येक माह की 10 तारीख को पेंशन की राशि डीबीटी के माध्यम से लाभुकों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगजनों सहित जरूरतमंद वर्गों को नियमित आर्थिक सहायता मिलेगी।

इस मौके पर जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ उन्हें सम्मानपूर्वक जीवनयापन में मदद करती है। जिला प्रशासन भी पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों ने पेंशन राशि के हस्तांतरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। वहीं जिला प्रशासन ने वैसे लाभुकों से जल्द से जल्द जीवन प्रमाणीकरण और आधार सीडिंग कराने की अपील की, जिन्होंने अब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं की है। अधिकारियों ने कहा कि समय पर इन प्रक्रियाओं को पूरा कराने से पेंशन भुगतान में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा कोषांग के पदाधिकारी, कर्मी एवं बड़ी संख्या में पेंशन लाभुक उपस्थित रहे। इस दौरान राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया।

29 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण में अनियमितता का आरोप, गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

कनीय अभियंता और कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों की गैरमौजूदगी से निर्माण कार्य की निगरानी पर भी उठे सवाल

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



टेढ़ागाछ। प्रखंड क्षेत्र के हजारी चौक (झाला) से निसन्दरा तक करीब 29 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य में कथित अनियमितता का मामला सामने आया है। करोड़ों रुपये की लागत से कराए जा रहे इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि संवेदक द्वारा निर्धारित तकनीकी मानकों की अनदेखी कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से प्रभावी निगरानी नहीं की जा रही है।

स्थानीय ग्रामीण संजय सिंह, मनोज सिंह, गौतम गिरी, महेत लाल सिंह, बच्चन देव सिंह, दिनेश गिरी एवं लालचंद सिंह सहित अन्य लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों का समुचित पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर न तो संबंधित कनीय अभियंता नियमित रूप से मौजूद रहते हैं और न ही निर्माण कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी कार्यस्थल पर दिखाई देते हैं। ऐसे में निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी आखिर कौन कर रहा है, यह बड़ा सवाल है।

ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद यदि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया गया तो इसका खामियाजा आने वाले वर्षों में आम लोगों को भुगतना पड़ेगा। सरकारी राशि खर्च होने के बाद भी यदि सड़क समय से पहले जर्जर हो जाती है तो इसके लिए जिम्मेदारी किसकी तय होगी?

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों से निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने, निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने तथा निर्माण स्थल पर विभागीय अभियंताओं की नियमित उपस्थिति और निगरानी अनिवार्य करने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह सड़क क्षेत्र के हजारों लोगों के आवागमन का महत्वपूर्ण मार्ग है। इसलिए निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।

सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता होने पर केवल सरकारी राशि की बबार्दी नहीं होती, बल्कि आम जनता की सुरक्षा और सुविधा भी दांव पर लगती है। अब देखना है कि विभागीय अधिकारी ग्रामीणों की शिकायत पर जांच कराते हैं या मामला केवल आरोप-प्रत्यारोप तक ही सीमित रह जाता है।

खबर प्रकाशित होने पर वार्ड पार्षद द्वारा पत्रकार को जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की मिली धमकी

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।



किशनगंज शहर में नाबालिग छात्र पर कथित जानलेवा हमले से संबंधित खबर प्रकाशित होने के बाद पत्रकार को धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि खबर प्रकाशित होने से नाराज वार्ड पार्षद अंजार आलम ने पत्रकार को जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इस घटना के बाद पत्रकारों की सुरक्षा और स्वतंत्र पत्रकारिता को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

गौरतलब है कि आदर्श थाना किशनगंज कांड संख्या 1201/2026 में 16 वर्षीय छात्र उसमान गनी के साथ कथित मारपीट के मामले में वार्ड पार्षद अंजार आलम, उनके ममेरे भाई मुदस्सिर रजा, पिता लड्डू समेत कुल सात लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, घटना 1 नवंबर 2026 की शाम करीब 4:50 बजे की है। छात्र के साथ लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, हमले में छात्र के पैर की हड्डी टूट गई और सिर में भी चोट आई थी।

इसी मामले में खबर प्रकाशित होने के बाद वार्ड पार्षद द्वारा पत्रकार को कथित तौर पर धमकी दिए जाने का आरोप है। आरोप है कि उन्होंने पत्रकार को जान से मारने के साथ-साथ झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। यदि इन आरोपों की पुष्टि होती है तो मामला गंभीर हो सकता है। किसी प्रकाशित खबर पर असहमति या आपत्ति होने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति को अपना पक्ष रखने और कानूनी प्रक्रिया अपनाने का अधिकार है, लेकिन धमकी देकर पत्रकारिता पर दबाव बनाने का प्रयास उचित नहीं है।

लोकतंत्र में पत्रकारिता का महत्वपूर्ण दायित्व है कि वह आम जनता की समस्याओं, प्रशासनिक व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों को तथ्यों के आधार पर सामने लाए। खबर में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर संबंधित व्यक्ति स्पष्टीकरण दे सकता है या कानूनी रास्ता अपना सकता है। लेकिन खबर प्रकाशित करने के कारण पत्रकार को डराने-धमकाने का आरोप लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है।

इस घटना ने एक बार फिर पत्रकारों की सुरक्षा का सवाल खड़ा कर दिया है। यदि जनहित से जुड़ी खबरें प्रकाशित करने पर पत्रकारों को धमकियों का सामना करना पड़ेगा तो निष्पक्ष पत्रकारिता प्रभावित होने की आशंका रहेगी। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि धमकी से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करे।

मामले में वार्ड पार्षद अंजार आलम का पक्ष भी सामने आना जरूरी है, ताकि दोनों पक्षों की बात स्पष्ट हो सके। साथ ही पुलिस प्रशासन से पत्रकार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने की मांग की जाती है।

धुंधुआ सूर्य महोत्सव को लेकर बैठक 15 नवंबर को होगा भव्य आयोजन

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के केरका पंचायत के धुंधुआ स्थित सूर्य मंदिर परिसर में मंगलवार को धुंधुआ महोत्सव को लेकर एक बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नबीनगर ओमकार वैभव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में बीडीओ ने बताया कि दिनांक 15.11.2026 को धुंधुआ



में सूर्य महोत्सव धुंधुआ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे मंच का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से सभी जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।बैठक में सूर्य मंदिर कमिटी के अध्यक्ष जगदीश चौधरी, उपाध्यक्ष अनुग्रह सिंह, सदस्य बिरेंद्र मेहता, सुरेंद्र पाल, सरोज मेहता, पीओ मनरेगा कुमार नीरज, थानाध्यक्ष एनटीपीसी खैरा परमजीत कुमार मंडल सहित अन्य मौजूद थे।बीडीओ ने बताया कि 15.11.2026 को आयोजित महोत्सव में कलाकार सृष्टि लक्ष्मी, सुनोज सागर, श्वेता सिंह, हैप्पी हर्षिता, पीयूष ठाकुर, अंश कुमार के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी।बैठक में महोत्सव को सफल, शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई।

पटना के व्यस्त डाक बंगला चौराहे पर शोरूम में लगी भीषण आग

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ के सबसे व्यस्त और प्रमुख व्यावसायिक केंद्र डाक बंगला चौराहे पर स्थित प्रसिद्ध 'संगीता शोरूम' में मंगलवार की सुबह अचानक भीषण आग लग गई। सुबह-सुबह लगी इस आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। शोरूम के भीतर से उठती आग की भीषण लपटें और आसमान को चीरते हुए निकलते घने काले धुएं को देखकर आसपास के पूरे इलाके में भारी अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही शोरूम और उसके आसपास की व्यावसायिक दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों में दहशत फैल गई और वे तुरंत सुरक्षित बाहर निकल आए। प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बहुमंजिला संगीता शोरूम के भीतर भारी मात्रा में कपड़े, फर्नीचर और अन्य ज्वलनशील सामग्रियां रखी हुई थीं। आग लगने के बाद इन सामानों ने तेजी से आग पकड़ ली, जिससे लपटें बेकाबू होकर फैलने लगीं। सुबह का समय होने के कारण शुरूआती दौर में किसी को अंदर की स्थिति का सही अंदाजा नहीं मिल पाया, लेकिन कुछ ही पलों में धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। घटना की सूचना मिलते ही पटना अग्निशमन विभाग (फायर ब्रिगेड) की कई गाड़ियां तुरंत सायरन बजाते हुए मौके पर पहुँच गईं। दमकलकर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए युद्धस्तर पर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। हालाँकि, शोरूम के अंदर भारी मात्रा में जल रहे कपड़ों और प्लास्टिक के सामानों से उठ रहे घने और जहरीले धुएं के कारण दमकलकर्मियों को आग पर अंदर से काबू पाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दमकल की टीमें लगातार पानी की बौछार कर आग को फैलने से रोकने की पुरजोर कोशिश में जुटी हैं। चूँकि डाक बंगला चौराहा शहर का एक अति-व्यस्त और प्रमुख जंक्शन है, जहाँ दिनभर वाहनों और राहगीरों का भारी दबाव रहता है, इसलिए आग लगने की खबर मिलते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यातायात पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुँचकर चारों तरफ से वाहनों की आवाजाही को रोक दिया और रूट डायवर्ट किया, ताकि दमकल की गाड़ियों के आने-जाने और राहत कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। पुलिस और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। फिलहाल आग लगने के स्पष्ट कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्राथमिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या विद्युत स्पार्किंग को इसकी वजह माना जा रहा है, जिसकी विस्तृत तकनीकी जाँच आग पूरी तरह बुझने के बाद की जाएगी। इस भीषण अग्निकांड से शोरूम और उसमें रखे करोड़ों रुपये के सामान के जलकर खाक होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि नुकसान का सटीक आकलन आग बुझने के बाद ही सामने आ सकेगा।

पटना के फुलवारी शरीफ में वाहन सटाने के विवाद में दबंगों का तांडव

- महादलित मुसहरी की झोपड़ी और कई ठेलों में लगाई आग
- महिलाओं से छेड़खानी का भी गंभीर आरोप

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ अनुमंडल अंतर्गत संपतचक इलाके के गोपालपुर थाना क्षेत्र स्थित कन्नौजी मुसहरी में वाहन सटाने को लेकर उपजा विवाद मंगलवार को खूनी और हिंसक संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि हथियारबंद दबंगों ने महादलित टोले में धावा बोलकर एक गरीब परिवार की झोपड़ी में आग लगा दी और वहाँ खड़े कई ठेलों व ठेला-रिक्शा को भी जलाकर खाक कर दिया। इस सनसनीखेज घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और पीड़ित परिवारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाहपुर गाँव के रहने वाले चितर गोप अपने कुछ साथियों के साथ कन्नौजी मुसहरी पहुँचे थे। बताया जा रहा है कि पूर्व में वाहन सटाने को लेकर कोई मामूली विवाद हुआ था, उसी रंजिश में दबंगों ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। स्थानीय महिलाओं का आरोप है कि रात के अंधेरे में हथियारों और पिस्टलों से लैस होकर पहुँचे युवकों ने बुरी नीयत से महिलाओं के साथ बदसलूकी और छेड़खानी करने की कोशिश की। जब महिलाओं ने इसका पुरजोर विरोध किया और शोर मचाया, तो आरोपी वहाँ से भागने लगे। भागने के क्रम में जाते-जाते उन्होंने आतंक फैलाने के लिए झोपड़ी और बाहर खड़े गरीब परिवारों के रोजी-रोटी के साधन यानी ठेलों को आग के हवाले कर दिया। अचानक झोपड़ी और ठेलों से ऊँची लपटें उठती देख मुसहरी में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही गोपालपुर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल और अग्निशमन विभाग (फायर ब्रिगेड) की दो गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। दमकलकर्मियों और पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा ली गई, अन्यथा आसपास की अन्य दर्जनों झोपड़ियाँ भी इसकी चपेट में आ सकती थीं। घटना के बाद पीड़ित महिलाओं ने शाहपुर निवासी चितर गोप और उसके सहयोगियों पर नामजद आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई और सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस संबंध में गोपालपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गाड़ी सटने के विवाद में आगजनी की इस घटना की सूचना मिली थी, जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी तक पीड़ित परिवार की ओर से थाने में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है, लेकिन पुलिस अपने स्तर पर सभी मामलों की गंभीरता से तहकीकात कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

पटना के मनेर में तीन दिनों से लापता पाँच वर्षीय मासूम का शव पानी भरे गड्ढे से बरामद

समाज जागरण
पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत हल्दी छपरा धजवा टोला गाँव से एक बेहद मर्माहत करने वाली घटना सामने आई है। पिछले तीन दिनों से लापता चल रहा पाँच वर्षीय एक मासूम बच्चे का शव मंगलवार की सुबह पुराना टोला गाँव के पास पानी से भरे एक गड्ढे से बरामद किया गया। बच्चे का शव मिलने की खबर मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और सनसनी के साथ भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। घटना के बाद से शोकाकुल परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृत मासूम की पहचान हल्दी छपरा धजवा टोला गाँव निवासी मिथिलेश कुमार के पाँच वर्षीय पुत्र बिक्कू कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मासूम बिक्कू तीन दिन पहले अपने घर के बाहर खेलने के लिए निकला था, जिसके बाद वह अचानक रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों की चिंता बढ़ी और उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी तलाशने के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिवारवालों ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर बच्चे के लापता होने की सूचना साझा की और आम लोगों से मदद की गुहार लगाई। ग्रामीण लगातार उसकी तलाश में जुटे हुए थे। मंगलवार की सुबह पुराना टोला गाँव के समीप पानी से भरे एक गड्ढे में जब ग्रामीणों की नजर पड़ी, तो वहाँ एक बच्चे का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। देखते ही देखते वहाँ भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की मदद से बच्चे के शव को पानी से बाहर निकाला गया। हालाँकि, शुरूआती चर्चा यह भी है कि बच्चा खेलते-खेलते वहाँ तक पहुँच गया होगा और दुर्घटनावश गड्ढे में डूबने से उसकी मौत हो गई होगी। लेकिन परिजन इस थ्योरी को सिरे से खारिज कर रहे हैं। परिजनों ने साफ तौर पर हत्या की आशंका जताते हुए आरोप लगाया है कि किसी ने साजिश के तहत बच्चे की हत्या कर दी है और साक्ष्य को मिटाने की नीयत से उसके शव को इस पानी भरे गड्ढे में लाकर फेंक दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मनेर थाना पुलिस तुरंत दल-बल के साथ मौके पर पहुँची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या और दुर्घटना, दोनों ही बिंदुओं को ध्यान में रखकर गहनता से छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गाँव में मातम पसरा हुआ है।

पटना के फुलवारी शरीफ के पोखर में डूबने से तीन बच्चियों की मौत

गोधन पूजा की खुशियाँ मातम में बदलीं

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंदुनी गाँव में लोक आस्था के महापर्व छठ और गोधन पूजा के दिन एक बड़ा और मर्माहत करने वाला हादसा सामने आया है। यहाँ छठ पूजा के वास्ते खोदे गए कृत्रिम पोखर में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गई। मृतकों में 18, 17 और 7 साल की बच्चियाँ शामिल हैं। इस भीषण त्रासदी के बाद से पूरे गाँव में छठ पर्व की सारी खुशियाँ पल भर में चीख-पुकार, मातम और सिसकियों में तब्दील हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को गोधन पूजा का पर्व मनाया जा रहा था। गोधन कूटने की रस्म से पहले गाँव की कुछ बच्चियाँ और बच्चे हिंदुनी गाँव के पूरब-उत्तर छोर पर सड़क किनारे छठ पूजा के लिए खोदे गए और पानी से भरे उस नए पोखर के पास पहुँचे। बताया जा रहा है कि नहाने के क्रम में तीनों बच्चियाँ अचानक अनियंत्रित होकर गहरे पानी की चपेट में चली गईं और देखते ही देखते डूबने लगीं। चूँकि पानी का अंदाजा नहीं लग पाया, इसलिए वे गहराई में समाती चली गईं। घटना की भनक लगते ही आसपास के लोगों और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बिना एक पल गँवाए आनन-फानन में पानी में उतरकर तीनों बच्चियों को किसी तरह बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल लेकर भागे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अस्पताल पहुँचने पर चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

इस हृदयविदारक हादसे में जान गवाने वाली बच्चियों की पहचान रामभरत राय की 18 वर्षीय पुत्री डेली कुमारी, मनोज पासवान की 17 वर्षीय पुत्री मौली कुमारी और मनोज पासवान की 7 वर्षीय नतिनी सृष्टि कुमारी के रूप में की गई है। एक साथ तीन मासूम और जवान जिंदगियों के बुझ जाने से उनके परिवारों की दुनिया उजड़ गई है। जिस घर में छठ और गोधन के गीतों की गूँज होनी चाहिए थी, वहाँ अब परिजनों का क्रंदन और दहाड़ मारकर रोने की आवाजें गूँज रही हैं। इस आकस्मिक वज्रपात से पूरे गाँव में मातम पसर गया है और किसी के भी घर में चूल्हा तक नहीं जला है। ग्रामीण और रिश्तेदार गमगीन परिवारों को ढांढस बंधाने में जुटे हैं, लेकिन हर आँख नम है। घटना की सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना पुलिस तुरंत दल-बल के साथ मौके पर पहुँची। पुलिस ने स्थिति को सँभाला और तीनों बच्चियों के शवों को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। दुखद घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय जदयू नेता महेश पासवान और जिला परिषद सदस्य के पति दशरथ पासवान तुरंत घटनास्थल व अस्पताल पहुँचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान अस्पताल और घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा रही। छठ जैसे पवित्र, पावन और महान पर्व की तैयारियों के बीच हुए इस कि हादसे ने पूरे इलाके को अंदर से झकझोर कर रख दिया है।

पटना के शाहपुर में इंटर के छात्र की गला दबाकर हत्या

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के दानापुर अनुमंडल अंतर्गत शाहपुर थाना क्षेत्र के दियारा गंगाहरा फुटानी बाजार में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहाँ सोमवार की रात कुछ बदमाशों ने एक छात्र को उसके घर से फोन करके बाहर बुलाया और आपसी विवाद में उसकी गला दबाकर बेरहमी से हत्या कर दी। इस सनसनीखेज घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे इलाके में भारी तनाव व दहशत का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान शाहपुर के गंगाहरा फुटानी बाजार निवासी दिलीप राम के 19 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार के रूप में की गई है। अविनाश इंटरमीडिएट (12वीं) का छात्र था। मृतक के पिता दिलीप राम ने रोते-बिलखते हुए बताया कि सोमवार की रात उनके बेटे अविनाश के मोबाइल पर किसी का फोन आया था, जिसके बाद वह घर से बाहर गया था। आरोप है कि गाँव के ही सुदेश्वर राम, उपेंद्र, राहुल, विनय, रुदल और श्रद्धानंद समेत अन्य लोगों ने उसे मंदिर के पास बुलाया और सुनियोजित तरीके से उसके साथ मारपीट कर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के दौरान एक अन्य साथी (सिपाही राम के पुत्र) को भी बदमाशों द्वारा पीटा जा रहा था, जो किसी तरह अपनी जान बचाकर वहाँ से भागा और शोर मचाने लगा कि बदमाश अविनाश को पीट रहे हैं। शोर सुनकर जब परिजन और ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुँचे, तब तक बदमाशों ने अविनाश की हत्या कर दी थी।

घटना की सूचना तुरंत स्थानीय शाहपुर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और चिंताजनक हालत में अविनाश को इलाज के लिए दिघवारा अस्पताल ले गई, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी की और मंगलवार की सुबह अनुमंडलीय अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। जवान बेटे की अर्थी उठते देख माँ ममता देवी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

शाहपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शुरूआती जाँच में आपसी विवाद के कारण इस हत्याकांड को अंजाम दिए जाने की बात सामने आई है।

अर्जुन मुंडा के आवास पर काली पूजा के अवसर पर भव्य महाप्रसाद का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

घोड़ाबांधा स्थित आवास पर उमड़ा राजनीतिक, सामाजिक और औद्योगिक जगत की हस्तियों का जमावड़ा, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ समेत कई सांसद, विधायक एवं वरिष्ठ नेता हुए शामिल

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर काली पूजा के पावन अवसर पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के घोड़ाबांधा स्थित आवास पर पारंपरिक श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य महाप्रसाद का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आयोजित इस धार्मिक एवं सामाजिक समागम में झारखंड के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु, भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक पहुंचे। सभी ने महाप्रसाद ग्रहण कर पर्व की खुशियां साझा कीं। आयोजन के दौरान अर्जुन मुंडा के आवास पर सुबह से ही श्रद्धालुओं और अतिथियों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने आवास पर पहुंचे सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं का आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया। महाप्रसाद वितरण के दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने एक-दूसरे से मुलाकात कर काली पूजा की शुभकामनाएं दीं। धार्मिक आस्था के साथ इस आयोजन ने सामाजिक समरसता और आपसी मेलजोल की भी अनूठी मिसाल पेश की।

इस अवसर पर अर्जुन मुंडा ने सभी को काली पूजा, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए सभी के



जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि भारतीय पर्व-त्योहार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक आस्था और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक सूत्र में जोड़ने तथा आपसी सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं।

राजनीतिक जगत की दिग्गज हस्तियों की रही मौजूदगी

महाप्रसाद कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय, प्रदेश महामंत्री अमर बाउरी, मनोज सिंह एवं गणेश मिश्रा शामिल हुए। इनके अलावा जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पलामू के सांसद बीडी राम, धनबाद के सांसद ढुलू महतो, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू एवं सिमरिया के विधायक उज्ज्वल दास ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

इसके अतिरिक्त पूर्व सांसद पीएन सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय, दिनेशानंद गोस्वामी, अभय कांत, रांची की मेयर रोशनी खलखो, आदित्यपुर के मेयर संजय सरदार, डिप्टी मेयर अंकुश सिंह, खूंटी नगर पंचायत की अध्यक्ष रानी टूटी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, बड़कुंवर गागराई, किशुन दास, कोचे मुंडा, रामकुमार पाहन, हरेकृष्ण सिंह एवं लक्ष्मण टुडू समेत कई वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

भाजपा पदाधिकारियों और औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों ने भी की शिरकत

कार्यक्रम में भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिलाध्यक्ष संजीव सिन्हा, पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष सत्या तिवारी, हरेकृष्ण प्रधान, आनंद कुमार एवं गीता बालमुचू सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। औद्योगिक एवं श्रमिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी आकर्षण का केंद्र रही। इनमें टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदर, टाटा मोटर्स के प्लांट हेड अनुराग चार्या, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय एवं एसके बेहरा समेत औद्योगिक, सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं।

कार्यकताओं के सहयोग से सफल हुआ आयोजन

महाप्रसाद के सुचारु वितरण, अतिथियों के स्वागत और अन्य व्यवस्थाओं में भाजपा जमशेदपुर महानगर एवं जमशेदपुर ग्रामीण के कार्यकताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में महानगर के महामंत्री जितेंद्र राय, मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा, गणेश सोलंकी, रतन महतो एवं काली शर्मा समेत अनेक कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम के अंत में अर्जुन मुंडा ने आयोजन में शामिल सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए सभी के सुखद, समृद्ध और मंगलमय जीवन की कामना की। हजारों लोगों की सहभागिता से यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और सौहार्द का भव्य संगम बन गया।

भागाबांध ने रिचितुका को 1-0 से हराकर जीता फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब, पीथो सोरेन बने जीत के हीरो

32 टीमों के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला, विजेता टीम को 30 हजार और उपविजेता को मिले 20 हजार रुपये; विधायक संजीव सरदार ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

पोटका शंकरदा पंचायत में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेरवाड़ माडेर लोवाडीह की ओर से आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा। खिताबी मुकाबले में रुसिका स्पोर्ट्स भागाबांध की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ओपन लाइन रिचितुका को 1-0 से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा दमखम लगाया, लेकिन अंततः भागाबांध की टीम बाजी मारने में सफल रही।

मुकाबले के दौरान रुसिका स्पोर्ट्स भागाबांध की ओर से पीथो सोरेन ने शानदार गोल दागकर अपनी टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई। गोल होने के बाद ओपन लाइन रिचितुका के खिलाड़ियों ने बराबरी हासिल करने के लिए लगातार आक्रामक प्रयास किए। मैदान पर दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। अंतिम समय तक मुकाबले का रोमांच बरकरार रहा, लेकिन भागाबांध के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और मजबूत रक्षापंक्ति का प्रदर्शन करते हुए अपनी बढ़त कायम रखी। निर्धारित समय समाप्त होने के साथ ही भागाबांध की टीम को विजेता घोषित किया गया। जीत के बाद खिलाड़ियों और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।



32 टीमों ने लिया हिस्सा, सेमीफाइनल मुकाबले भी रहे रोमांचक

दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। सेमीफाइनल मुकाबलों में भी दर्शकों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। पहले सेमीफाइनल में मारंग बुरु एफसी और रुसिका स्पोर्ट्स भागाबांध के बीच भिड़ंत हुई। इसमें भागाबांध की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में माडवा क्लब रानीकुदार और ओपन लाइन रिचितुका के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। निर्धारित खेल के बाद पेनल्टी शूटआउट में ओपन लाइन रिचितुका ने जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह दोनों सेमीफाइनल की विजेता टीमों के बीच खिताबी मुकाबला खेला गया, जिसमें भागाबांध ने बाजी मारते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

विधायक संजीव सरदार ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पोटका विधायक संजीव सरदार उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है कि इन प्रतिभाओं को उचित मंच और अवसर उपलब्ध कराया जाए। इस तरह के ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं। साथ ही खेल के प्रति रुचि बढ़ाने और युवाओं में अनुशासन, एकता एवं सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विधायक ने सभी प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हार और जीत खेल का हिस्सा है। खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत करते हुए खेल भावना और अनुशासन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही।

विजेता को 30 हजार और उपविजेता को 20 हजार रुपये

आयोजन समिति की ओर से विजेता रुसिका स्पोर्ट्स भागाबांध की टीम को 30 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई, जबकि उपविजेता ओपन लाइन रिचितुका की टीम को 20 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के लिए भी क्रमशः 10-10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई थी।

इसके अलावा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत पुरस्कारों की भी व्यवस्था की गई थी। इसमें मैन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द मैच, सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर जैसे पुरस्कार शामिल थे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जोसाई मार्डी मौजूद रहे। इसके अलावा दुखु मार्डी, भुगलू टुडू सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, खेल प्रेमी, खिलाड़ी और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शकों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजन समिति ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, ग्रामीणों, खेल प्रेमियों और प्रतिभागी टीमों के प्रति आभार व्यक्त किया।

परिवार के साथ पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने की गोवर्धन पूजा, गौ माता की सेवा और संरक्षण का दिया संदेश

पत्नी रुक्मिणी देवी, पुत्र ललित दास एवं पुत्रवधू सह विधायक पूर्णिमा दास साहू के साथ विधि-विधान से की पूजा-अर्चना, प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर लौहनगरी जमशेदपुर में गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी अपने परिवार के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार गौ माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनकी पत्नी रुक्मिणी देवी, पुत्र ललित दास और पुत्रवधू सह जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू भी उपस्थित रहीं। पूरे परिवार ने श्रद्धापूर्वक गौ माता की पूजा की और सुख-समृद्धि एवं खुशहाली का आशीर्वाद मांगा।

पूजा-अर्चना के दौरान धार्मिक परंपराओं और भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था देखने को मिली। परिवार के सभी सदस्यों ने विधिवत पूजा कर गौ माता के प्रति सम्मान प्रकट किया। गोवर्धन पूजा के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने प्रदेशवासियों



को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व हमें अपनी परंपराओं से जुड़े रहने के साथ-साथ जीव-जंतुओं और प्रकृति के संरक्षण का संदेश भी देता है।

उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक आस्था और परंपरा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका व्यापक सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। भारतीय संस्कृति में गौ माता को विशेष स्थान प्राप्त है। गौ माता हमारी आस्था, परंपरा और ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण आधार हैं। उनकी सेवा और संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व होना चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि गौ माता के प्रति सम्मान का भाव रखते हुए उनकी सेवा और सुरक्षा के लिए आगे आएं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्व-त्योहारों का उद्देश्य केवल पूजा-पाठ करना नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव, सहयोग और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करना भी है। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति, पशुधन और पर्यावरण के महत्व को समझने की प्रेरणा देती है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना करते हुए कामना की कि सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। प्रत्येक परिवार खुशहाल रहे तथा समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का वातावरण कायम हो।

वहीं, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू ने कहा कि गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर पूरे परिवार के साथ गौ माता की पूजा-अर्चना कर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। भारतीय परंपरा में गौ माता की पूजा का विशेष महत्व है। यह पर्व हमें सेवा, श्रद्धा और करुणा के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने के साथ-साथ परिवार और समाज को एक सूत्र में जोड़ने का काम करते हैं। ऐसे अवसरों पर परिवार के साथ पूजा-अर्चना करने से धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति नई पीढ़ी में भी सम्मान की भावना विकसित होती है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और गौ माता से प्रार्थना की कि उनका आशीर्वाद झारखंड के सभी लोगों पर बना रहे और प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति, खुशहाली एवं समृद्धि आए।

विधायक पूर्णिमा दास साहू ने प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गौ माता सभी के जीवन में सुख और खुशियां लेकर आएं। उन्होंने कामना की कि भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से झारखंड निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़े और राज्य के प्रत्येक परिवार में सुख-समृद्धि का वास हो।

गोवर्धन पूजा के इस अवसर पर रघुवर दास और पूर्णिमा दास साहू ने लोगों से अपनी सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक परंपराओं और सेवा भाव को बनाए रखने का संदेश दिया।

डेहरी सुधा डेयरी की नई पहल - अब गाय-भैंस के दूध के साथ बाजार में मिलेगा बकरी का दूध, 92 बकरियों का पालन शुरू।

समाज जागरण संवाददाता। पारस नाथ दुबे। डेहरी। रोहतास।

डेहरी ऑन-सोन (रोहतास): सोन नदी के तट पर स्थित सुधा डेयरी फैक्ट्री, डेहरी ने एक अच्छी और नई पहल की है। अब यहाँ सुधा दूध के साथ-साथ बकरी का दूध भी बाजार में मिलेगा।

फैक्ट्री की खासियत:

फैक्ट्री का कैंपस करीब 30 एकड़ में फैला हुआ है, जहाँ परिसर के अंदर ही 92 अच्छी नस्ल के बकरियों का पालन हो रहा है।

उत्पादन और सप्लाई:

फैक्ट्री में प्रतिदिन 35,000 लीटर



दूध का उत्पादन होता है, जो राज्य के विभिन्न जगहों पर भेजा जाता है। प्रतिदिन यहाँ से टैंकर डिस्पैच होता है, जो पूर्णिया, सुपौल, रांची, बोकारो सहित विभिन्न जगहों पर जाता है।

क्या-क्या मिलता है:

डेहरी स्थित इस फैक्ट्री में सुधा दूध के अलावा पनीर, स्पंज रसगुल्ला, घी भी बाजारों में उपलब्ध है।

बकरी के दूध को स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है, इसलिए सुधा की यह पहल लोगों के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही है।

लेट्स इंस्पायर बिहार ने अश्विनी कुमार और अखिलेश कुमार को किया सम्मानित

समाज जागरण संवाददाता। पारसनाथ दुबे। डेहरी। रोहतास।

* लेट्स इंस्पायर, बिहार के बैनर तले सोमवार 9 नवंबर को सासाराम गौरक्षणी के समीप होटल अनंता में सम्मान समारोह सह आगामी कार्यक्रम की तैयारी बैठक का आयोजन किया गया।

किन्हें मिला सम्मान:

1. अश्विनी कुमार सिंह (डेहरी निवासी) - दक्षिण पूर्व रेलवे में रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति का सदस्य बनाए जाने पर। वे लेट्स इंस्पायर के संगठन कोऑर्डिनेटर तथा शाहाबाद के संयोजक हैं।

2. अखिलेश कुमार सिंह - निदेशक, डिवाइन पब्लिक स्कूल बिक्रमगंज - बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना के सामान्य निकाय में गैर पदेन सदस्य मनोनीत किए जाने पर। वे लेट्स इंस्पायर बिहार के रोहतास जिला सदस्यता अभियान के प्रभारी हैं।



समारोह का विवरण:

बैठक की अध्यक्षता जी. एम. अंसारी ने की तथा संचालन रामावतार राय ने किया।

लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के रोहतास चैप्टर की ओर से दोनों को अंग वस्त्र एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं गार्गी अध्याय की रोहतास जिला समन्वयक नूतन पांडे ने मां ताराचंडी का स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर सत्यानंद कुमार, प्रो. डॉ. अनिल कुमार सिंह, अयान खान, विनय सिंह सहित कई गणमान्य लोग व शिक्षाविद मौजूद रहे।

रोहतास में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन, एसपी ने सभी डीएसपी-थानाध्यक्षों को दिए कड़े निर्देश।

समाज जागरण संवाददाता। पारस नाथ दुबे। डेहरी। रोहतास।

डेहरी ऑन-सोन (रोहतास): आज दिनांक 10.11.2026 को पुलिस केंद्र





डेहरी (सभागार कक्ष) में पुलिस अधीक्षक महोदय, रोहतास के निर्देशन में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, सभी थानों के थानाध्यक्ष, सार्जेंट मेजर एवं पुलिस अवर निरीक्षक उपस्थित हुए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय, रोहतास द्वारा सभी पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों के निष्पादन, विधि-व्यवस्था संधारण एवं आगामी छठ महापर्व को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पटना के दुल्हिन बाजार के ऐनखां गाँव में विष्णु टेंट हाउस के गोदाम में लगी भीषण आग

डीजे और जेनरेटर समेत 20 से 25 लाख रुपये का सामान जलकर राख

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऐनखां गाँव में मंगलवार को एक भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई है। यहाँ स्थानीय बाजार में स्थित 'विष्णु टेंट हाउस' के गोदाम में अचानक भयंकर आग लग गई, जिससे आसपास के पूरे इलाके में भारी अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और आसमान में छाए धुएं के काले गुबार को देखकर दूर-दूर से ग्रामीण और राहगीर घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। इस दर्दनाक हादसे में गोदाम के भीतर रखे डीजे, जेनरेटर, तोषक, रजाई, फोल्डिंग, कुर्सी और टेंट-सजावट का अन्य बेशकीमती सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। पीड़ित टेंट संचालक को इस दुर्घटना में लगभग 20 से 25 लाख रुपये के भारी आर्थिक नुकसान का अनुमान है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के कासिमचक गाँव निवासी नीरज सिंह ऐनखां बाजार में 'विष्णु टेंट हाउस' के नाम से अपनी दुकान और गोदाम का संचालन करते हैं। मंगलवार को अचानक उनके टेंट हाउस के गोदाम के भीतर से धुआँ और आग की लपटें उठने लगीं। जब तक आसपास



के लोग कुछ समझ पाते और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास करते, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम में रखे तमाम सामानों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों की टीम त्वरित गति से मौके पर पहुँची। दमकल कर्मियों ने स्थानीय साहसी ग्रामीणों के सहयोग से मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर पूरी तरह काबू पाया। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो लपटें आसपास के अन्य रिहायशी मकानों और दुकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थीं, जिससे और भी बड़ा जान-माल का नुकसान हो सकता था। घटना की जानकारी मिलने के बाद दुल्हिन बाजार थाना पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुँच गई और स्थिति का जायजा लेते हुए जाँच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आग लगने के असल कारण क्या थे। शुरूआती तौर पर शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि अभी तक आग लगने की वास्तविक और पुख्ता वजह सामने नहीं आ सकी है। इस अचानक आई भारी आपदा से पीड़ित संचालक नीरज सिंह के सामने रोजी-रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

पटना के दुल्हिन बाजार में माले ने की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने लाल झंडे के सिपाही शिवपुजन यादव को दी श्रद्धांजलि, राज्य सरकार पर बोला तीखा हमला

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार स्थित सब्जी मंडी परिसर में मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भाकपा माले की ओर से एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने दिवंगत लाल झंडे के सिपाही कॉमरेड शिवपुजन यादव के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके महान संघर्षों को याद किया।

श्रद्धांजलि सभा को विस्तार से संबोधित करते हुए कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि आज समाज से एक ऐसी पुरानी और समर्पित पीढ़ी धीरे-धीरे विदा हो रही है, जिसने अपने हिस्से का ऐतिहासिक काम पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा किया है। उन्होंने कहा कि इन साहसी नेताओं और जमीन से जुड़े कार्यकताओं ने अपने लंबे संघर्ष के दम पर सामंती हिंसा के कुप्रथा और दौर को इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए दफन करने का क्रांतिकारी काम किया था। उन्होंने महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले और संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को याद करते हुए कहा कि गरीबों की शिक्षा, सामाजिक समानता और उनके अन्य संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए जो वैचारिक व सामाजिक संघर्ष उन महापुरुषों ने शुरू किया था, उसे शिवपुजन जी जैसे समर्पित लोगों ने अस्सी के दशक में जमीन पर और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने का काम किया था। मौजूदा राजनीतिक हालात पर तीखा प्रहार करते हुए माले महासचिव ने कहा कि आज बिहार में भाजपा समर्थित सरकार का शासन चल रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सीधा कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि वे कहते कुछ और हैं तथा धरातल पर करते कुछ और ही हैं। कभी उन्होंने राज्य में समान स्कूल प्रणाली और भूमि सुधार जैसे बड़े और दूरदर्शी वादे किए थे, लेकिन आज उनकी वे तमाम बातें पूरी तरह गायब हो चुकी हैं। अब राज्य में केवल बुलडोजर और एनकाउंटर की चचाओं का बाजार गर्म है। उन्होंने अरवल का विशेष जिक्र करते हुए बताया कि वहाँ अमानवीय बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण विरोध करने वाली 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला राजमनिया देवी को सरकार ने जेल में डाल दिया है। इसके साथ ही मनेर क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ की घटनाओं का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर अब बिहार में भी योगी मॉडल वाला बुलडोजर और एनकाउंटर राज पूरी तरह लागू किया जा रहा है।